seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

भाग्य भी उन्हीं का साथ देता है जो मेहनत करना जानते हैं।

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की



■ वर्ष : 56 ■ अंक : 323 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 | seemasandesh.in | श्रीगंगानगर, शुक्रवार, 27 नवम्बर, 2026 | सहवाग के 16 साल के छोटे बेटे वेदांत ने... 11 >

न्यूज इन ब्रीफ

मार्गदर्शन करेगा संविधान : मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को संविधान दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि संविधान भारतीय लोकतंत्र की अनमोल धरोहर है, जो विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में मार्गदर्शन करता रहेगा। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि संविधान सभा के महान सदस्यों और डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए संविधान में निहित मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए। संविधान देश की एकता, न्याय और लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार है।

गुरुवार को सोने की कीमतों में उछाल

नई दिल्ली। सोने की कीमतों में लगातार जारी गिरावट पर गुरुवार को ब्रेक लग गया। सराफा बाजार में सोने का भाव 1350 रुपये बढ़कर करीब 1,23,260 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। 24 कैरेट सोने के अलावा 22 कैरेट का भाव 1,17,260 रुपये और 18 कैरेट का 92,445 रुपये रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोरी के बावजूद घरेलू बाजार में तेजी देखने को मिली।

लालू परिवार को कोर्ट से राहत नहीं

नई दिल्ली। नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को दिल्ली हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने सीबीआई मामले में तीनों के खिलाफ आरोप तय करने के निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। सीबीआई का आरोप है कि 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री रहते लालू यादव ने रेलवे नौकरियों के बदले अभ्यर्थियों से जमीन ली थी।

गन्ना विभाग का बाबू गिरफ्तार

रामपुर। एंटी करप्शन टीम ने गन्ना विभाग के कनिष्ठ सहायक अजय कुमार सागर को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने सेवानिवृत्त कर्मचारी रामवीर सिंह के एरियर और ग्रेच्युटी का भुगतान कराने के बदले रिश्वत मांगी थी। मुरादाबाद से आई टीम ने केमिकल लगे नोटों के साथ आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा। उसके खिलाफ सिविल लाइंस कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है।

धुंध में घुसपैठ रोकने के लिए चेकिंग

बमियाल। सर्दी और धुंध के मौसम को देखते हुए भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस और बीएसएफ ने मिलकर विशेष सर्च अभियान शुरू किया है। थाना नरोट जैमल सिंह पुलिस की ओर से सेकंड लाइन ऑफ डिफेंस पर दिन-रात जांच की जा रही है। अधिकारियों ने नाकों पर तैनात जवानों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

हिस्ट्रीशीटर का कब्जा ध्वस्त

कोटा। कोटा ग्रामीण पुलिस और प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर देवेंद्र गुर्जर के अवैध अतिक्रमण को हटाया। देवलीमांझी में चरागाह भूमि पर बने करीब 40 लाख रुपए कीमत के पक्के मकान और बाड़े को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ 11 मामले दर्ज हैं। तहसील प्रशासन की कार्रवाई के बाद दो बीघा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर राजस्व विभाग को सौंप दिया गया।

दान का नया रिकॉर्ड ● वर्धमान जैन और राधिका जैन का दान बना भक्तों की ओर से अब तक का सबसे बड़ा चढ़ावा, पहले भी कर चुके उल्लेखनीय दान

तिरुपति मंदिर को 121 किलो सोने का महादान, दम्पती ने चढ़ाए 208 करोड़ रुपए के आभूषण

तिरुमला।

आंध्र प्रदेश के तिरुमला स्थित श्री वेंकटेश्वर मंदिर में चेन्नई के एक भक्त दंपती ने इतिहास रच दिया। चेन्नई निवासी वर्धमान जैन और उनकी पत्नी राधिका जैन ने भगवान वेंकटेश्वर के लिए 121 किलो सोने के आभूषण दान किए हैं। इन आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब 208 करोड़ रुपए बताई जा रही है। यह किसी एक भक्त की ओर से तिरुपति मंदिर को दिया गया अब तक का सबसे बड़ा चढ़ावा माना जा रहा है। तिरुपति मंदिर में यह स्वर्ण दान न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि मंदिर की समृद्ध दान परंपरा में एक नया रिकॉर्ड भी बन गया है।



तिरुमला स्थित श्री वेंकटेश्वर मंदिर में 121 किलो सोने के आभूषण दान करते

मुख्यमंत्री की मौजूदगी में सौंपे मंदिर में आभूषण

वर्धमान जैन और राधिका जैन ने मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की मौजूदगी में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को यह आभूषण सौंपे। दान में 9 सेट के 45 आभूषण और 238.2 कैरेट के हीरे शामिल हैं। इनमें भगवान श्री वेंकटेश्वर का मुकुट और पद्म पादालु यानी चरण आभूषण भी शामिल हैं। भगवान के लिए तैयार किए गए ये आभूषण आठ बक्सों में लाए गए थे। इन्हें तैयार करने में करीब 15 महीने का समय लगा। कुल दान में से 106 किलो सोने के आभूषण भगवान वेंकटेश्वर के लिए और 15 किलो के आभूषण देवी श्री पद्मावती अम्मावरु को समर्पित किए गए हैं।

कंपनी में हिस्सेदारी बेचकर तैयार करवाए आभूषण

चेन्नई की कंपनी 'वारा फ्यूचर एलएलपी' के चेयरमैन वर्धमान जैन ने अपनी कंपनी की 60 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर करीब 6000 करोड़ रुपए हासिल किए थे। इसी राशि में से उन्होंने भगवान वेंकटेश्वर के लिए यह भव्य दान तैयार करवाया। वर्धमान जैन पहले भी धार्मिक और सामाजिक कार्यों में योगदान दे चुके हैं।

वर्धमान के प्रमुख दान

1. वर्ष 2024 में चेन्नई के एक मंदिर के विस्तार के लिए 1 करोड़ रुपए का योगदान।
2. नवंबर 2024 में टीटीडी के अन्न प्रसादम ट्रस्ट और प्रणदानम ट्रस्ट को 1.01-1.01 करोड़ दान।
3. वर्ष 2025 में भक्ति चैनल को 5 करोड़ रुपए और गौ संरक्षण के लिए 1 करोड़ रुपए का योगदान।
4. मई 2026 में तिरुपति के लिए इलेक्ट्रिक बस दान करने की घोषणा।

खरी-खरी ● सीजेआई ने कहा- संस्थाओं को अधिकारों के साथ अपनी सीमाओं का भी ध्यान रखना होगा

वकालत के भेष में राजनीतिक एजेंडा लोकतंत्र के लिए खतरा है : सूर्यकांत

नई दिल्ली।

संविधान दिवस के अवसर पर भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने संवैधानिक लोकतंत्र, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और संस्थागत मयार्दा को लेकर महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में असहमति कोई खतरा नहीं है, बल्कि मजबूत संवैधानिक व्यवस्था की पहचान है।

न्यायपालिका से सवाल करने और असहमति जताने का अधिकार वकीलों को है, लेकिन पेशेवर कर्तव्य की आड़ में राजनीतिक एजेंडा चलाना या निजी हितों के लिए न्यायिक मंचों का इस्तेमाल करना स्वीकार्य नहीं हो सकता। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है। सुप्रीम कोर्ट के लॉन में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) की ओर से आयोजित संविधान दिवस समारोह में सीजेआई ने कहा कि संविधान की असली परीक्षा केवल राजनीतिक या संस्थागत संकटों के समय नहीं होती, बल्कि रोजमर्रा के शासन और सत्ता के इस्तेमाल में भी होती है।

आम नागरिक का विश्वास ही संविधान की ताकत



कार्यक्रम में मौजूद मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत व अन्य।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था के केंद्र में हमेशा आम नागरिक होना चाहिए। तकनीकी प्रगति, प्रशासनिक सुविधा और संस्थागत दक्षता महत्वपूर्ण है, लेकिन वे स्वतंत्रता, समानता और गरिमा के मूल्यों का स्थान नहीं ले सकते। उन्होंने कहा कि संविधान की सफलता केवल संस्थाओं की स्थापना से नहीं, बल्कि आम नागरिक के मन में पैदा होने वाले विश्वास से तय होती है।

अपनी सीमाओं का भी बोध जरूरी

उन्होंने कहा कि संवैधानिक शासन के लिए जरूरी है कि हर संस्था अपने अधिकारों के साथ-साथ उनकी सीमाओं को भी समझे। संस्थागत संयम, आपसी सम्मान और जवाबदेही लोकतंत्र के सुचारू संचालन के लिए अनिवार्य हैं। कोई अधिकारी कमजोर नागरिक के साथ कैसा व्यवहार करता है, कोई संस्था अपनी सीमाओं को स्वीकार करती है या नहीं और गलती सुधारने की कितनी तत्परता दिखाती है, यही संवैधानिक प्रतिबद्धता की वास्तविक पहचान है।

वकीलों की जिम्मेदारी पर भी दिया जोर

सीजेआई ने वकालत के पेशे की जिम्मेदारी पर भी स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वकील का पहला कर्तव्य अपने मुवक्किल के प्रति होता है, लेकिन उसकी जिम्मेदारी इससे आगे जाती है। अदालत के प्रति ईमानदारी, तथ्यों की सही प्रस्तुति और निष्पक्ष वकालत न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसी न्याय प्रणाली का निर्माण करना होगा जो स्वतंत्र, सुलभ और मानवीय हो। संविधान ने व्यवस्था का ढांचा दिया है, अब उसे प्रभावी बनाने की जिम्मेदारी सभी की है। समारोह में अटॉर्नी जनरल, एससीबीए अध्यक्ष प्रदीप कुमार राय सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे।

वायुसेना प्रमुख ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले पर कहा ● 2008 में हम कोई जवाब नहीं दे पाए, अब मुंहतोड़ जवाब दे रहे अब आतंक और बातचीत साथ नहीं चल सकते

आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते : एयर चीफ मार्शल

मुंबई।

एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कहा है कि 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के बाद भारत ने आतंकवाद से निपटने का नया तरीका अपनाया है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को आतंक के खिलाफ भारत का मुंहतोड़ जवाब बताते हुए कहा कि अब देश किसी भी आतंकी हमले का प्रभावी जवाब देने में सक्षम है। मुंबई विश्वविद्यालय में 'राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में दीक्षित ने कहा कि 2008 के मुंबई हमलों के समय भारत जवाब नहीं दे पाया था, लेकिन उसके बाद हुई आतंकी घटनाओं में देश ने अपनी क्षमता दिखाई। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर इसी नए दृष्टिकोण का उदाहरण है।



26/11 के बलिदानियों को किया याद

एयर चीफ मार्शल ने 26/11 हमलों में मारे गए 166 लोगों, पुलिसकर्मियों, एनएसजी कमांडो और सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा केवल सेना की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है।

युवाओं को बताया देश की सबसे बड़ी ताकत

दीक्षित ने कहा कि भारत की करीब 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है। यही युवा शक्ति 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करेगी। उन्होंने युवाओं से तकनीक, कौशल और आत्मनिर्भरता पर ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्धों में ड्रोन, साइबर सुरक्षा और अंतरिक्ष तकनीक की भूमिका बढ़ेगी। ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए स्वदेशी तकनीक और भारतीय समाधान विकसित करने होंगे। उन्होंने 'विजिलेंस, आत्मनिर्भरता, युक्ति और एकता' को भारतीय वायुसेना का मूल मंत्र बताया।

ढाबे पर गैंगवार, अंधाधुंध फायरिंग में चार की मौत

रोहतक। हरियाणा के रोहतक में बुधवार देर रात मिलन ढाबे पर हुई अंधाधुंध फायरिंग में चार युवकों की मौत हो गई। वारदात खरावड़ पुलिस चौकी से महज 50 कदम की दूरी पर हुई। मृतकों की पहचान रिंकू, विनीत, गंजू (सभी डिघल निवासी) और हिमांशु (बेरी क्षेत्र निवासी) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, स्विफ्ट कार में सवार हथियारबंद बदमाश ढाबे पर पहुंचे और खाना खा रहे युवकों पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। हमलावरों ने करीब 50 से ज्यादा राउंड फायर किए। तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भाग रहे चौथे युवक को पीछा कर गोली मार दी गई। घटना के बाद रोहतक पुलिस के आईजी हामिद अख्तर, एसपी गौरव राजपुरोहित सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। सीआईए, स्पेशल सेल और एफएसएल टीम ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस वारदात को संभावित गैंगवार से जोड़कर देख रही है और आरोपियों की पहचान के लिए प्रयास जारी हैं।

राजनीति ● कई बार शांतिपूर्ण सत्ता परिवर्तन हुए हैं

संविधान हाथ में लेकर घूमने वालों को इसे पढ़ना भी चाहिए : शाह

नई दिल्ली। संविधान गौरव दिवस के मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान केवल हाथ में रखने की चीज नहीं, बल्कि इसे समझना और पढ़ना भी जरूरी है। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शाह ने कहा कि संविधान का सम्मान करना हर भारतीय का दायित्व है। गृह मंत्री ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को देश ने नई लोकतांत्रिक यात्रा शुरू की। 1857 से 1947 तक चले स्वतंत्रता संग्राम में लाखों लोगों के बलिदान के बाद संविधान अस्तित्व में आया। उन्होंने कहा कि संविधान देश के नागरिकों को सत्ता चुनने का अधिकार देता है। इसी संविधान के कारण देश में कई बार शांतिपूर्ण तरीके से सत्ता परिवर्तन हुए हैं। शाह ने कहा कि कुछ लोग संविधान की किताब लेकर घूमते हैं, लेकिन उन्हें इसकी मूल भावना भी समझनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान की मूल प्रति के शुरूआती अध्यायों में भगवान श्रीराम, भगवान



बुद्ध, भगवान महावीर, गुरु गोबिंद सिंह, रानी लक्ष्मीबाई, दांडी मार्च और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे भारतीय इतिहास के प्रतीकों को स्थान दिया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे संसद की लाइब्रेरी जाकर संविधान की मूल प्रति और कलाकार नंदलाल बोस द्वारा बनाए गए चित्रों को देखें। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में निर्णय लिया था कि हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाएगा, ताकि संविधान के मूल्यों को युवाओं और नागरिकों तक पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, सांसद बांसुरी स्वराज सहित कई नेता मौजूद रहे।

पुलिस पीसीआर वैन में शराब पार्टी

जयपुर। राजधानी जयपुर में पुलिस की पीसीआर वैन में शराब पार्टी का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। वायरल वीडियो में दो युवक पीसीआर वैन के अंदर बैठकर शराब पीते नजर आ रहे हैं, जबकि उनके साथी सड़क पर खड़े होकर शराब पी रहे हैं। एक युवक फिल्मी गाने पर रील बनाकर इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर रहा है। वीडियो में पीसीआर वैन की लाल-नीली बत्ती और वायरलेस सिस्टम भी दिखाई दे रहा है। वैन का नंबर एसएमएस थाना क्षेत्र की पीसीआर वैन से मिलता बताया जा रहा है। जयपुर पूर्व डीसीपी रंजिता शर्मा ने कहा कि वीडियो की जांच की जा रही है और युवकों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी पुलिसकर्मी की भूमिका सामने आने पर उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होगी।

यूपी ने मोदी के रथ को रोक दिया, इसीलिए वह चुप हैं : मल्लिकार्जुन

कहा-शाह ने तो संसद में बाबा साहेब का अपमान किया था

लखनऊ। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चुनावों में 'अबकी बार 400 पार' का नारा देते थे, लेकिन उत्तर प्रदेश ने उनके रथ को रोक दिया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अश्वमेध के घोड़े की लगाम लखनऊ में पकड़ी गई, इसलिए अब मोदी और अमित शाह दोनों कम बोल रहे हैं। खरगे ने गृह मंत्री शाह पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने संसद में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान किया। उन्होंने कहा कि आंबेडकर का नाम लेना कोई फैशन नहीं, बल्कि देश के संविधान और लोकतंत्र के प्रति सम्मान है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में खरगे ने कहा कि संविधान निर्माण में उत्तर प्रदेश की बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने दावा किया कि वोट का अधिकार कांग्रेस और बाबा साहब आंबेडकर की देन है, जबकि भाजपा इसे कमजोर करने का प्रयास कर रही है।



महंगाई और जांच एजेंसियों को लेकर भी हमला बोला

कांग्रेस अध्यक्ष ने महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक नीतियों को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि मजदूरों को उचित पैसा नहीं मिल रहा, जबकि भाजपा का खजाना बढ़ रहा है। उन्होंने ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग के इस्तेमाल को लेकर भी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 14% की बढ़ोतरी

सीमा सन्देश# जयपुर। सरकार ने राज्य के सरकारी कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ते में 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के बाद अब पांचवें और छठे वेतनमान के तहत वेतन प्राप्त कर रहे कर्मचारियों का डीए 483 प्रतिशत से बढ़कर 497 प्रतिशत हो गया है। यह बढ़ोतरी 1 जुलाई 2026 से प्रभावी मानी जाएगी। जुलाई से अक्टूबर तक के चार महीनों की एरियर राशि कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि खाते में जमा की जाएगी, जबकि नवंबर के वेतन के साथ बढ़ा हुआ नकद भुगतान 1 दिसंबर से मिलेगा। कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने इस फैसले का स्वागत किया है। केन्द्र सरकार द्वारा महंगाई भत्ते में वृद्धि की घोषणा के बाद से ही राज्य कर्मचारी इस घोषणा का इन्तजार कर रहे थे, लेकिन पंचायत चुनावों की आचार संहित से यह सम्भव नहीं हो पाया था।

कालाबाजारी ● वैवाहिक सीजन में बढ़ी मांग का फायदा उठा रहे कारोबारी, 100 की गड्डी बिक रही 1500 रुपये तक

इसका कौन जिम्मेदार; बैंकों में नहीं, बाजार में मिल रहीं छोटे नोटों की गड्डियां

आगरा।

सहालग और वैवाहिक समारोहों के मौसम में छोटे नोटों की मांग बढ़ते ही बाजार में इनकी कालाबाजारी का मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि जिन छोटे नोटों की गड्डियों के लिए लोग बैंकों में घंटों कतार में खड़े रहते हैं, वही गड्डियां बाजार में आसानी से उपलब्ध हैं। यहां तक कि कुछ जगहों पर इनकी कीमत वास्तविक मूल्य से कई गुना अधिक वसूली जा रही है। देश के केवल एक शहर में नहीं सभी में यही हाल है। सवाल यह है कि बैंकिंग व्यवस्था में उपलब्ध न होने वाली ये गड्डियां बाजार में किस माध्यम से पहुंच रही हैं और इस पर निगरानी कब होगी।

छोटे नोटों की कीमत में अंतर

नोट	वास्तविक कीमत (100 नोटों की गड्डी)	बाजार में कीमत
1 रुपये	100 रुपये	1500 रुपये तक
5 रुपये	500 रुपये	1400 रुपये
10 रुपये	1000 रुपये	1400-1450 रुपये
20 रुपये	2000 रुपये	2400 रुपये

बाजार में एक रुपये की गड्डी पर सबसे ज्यादा मुनाफा

पड़ताल में सामने आया कि आगरा के रावतपाड़ा बाजार में स्टेशनरी की दुकानों पर छोटे नोटों की गड्डियां उपलब्ध हैं। एक रुपये के 100 नोटों की गड्डी, जिसकी वास्तविक कीमत 100 रुपये है, उसे 1500 रुपये तक में बेचा जा रहा है। यानी ग्राहक को एक गड्डी के लिए 15 गुना तक अधिक राशि चुकानी पड़ रही है। दुकानदारों का नेटवर्क इतना सक्रिय है कि मांग बताने पर गड्डियां मंगवाने की व्यवस्था भी कर दी जाती है। पहली बार पूछने पर उपलब्धता से इनकार किया जाता है, लेकिन जरूरत बताने पर ऑर्डर लेकर नोटों की गड्डी उपलब्ध करा दी जाती है।

पांच, दस और बीस रुपये के नोट भी महंगे

बाजार में केवल एक रुपये के नोट ही नहीं, बल्कि पांच, दस और बीस रुपये के नोटों की गड्डियां भी ऊंचे दामों पर बेची जा रही हैं। कटे-फटे नोट बदलने वाले कारोबारियों के पास भी नई गड्डियां उपलब्ध होने की बात सामने आई है। इस मामले में बैंकों, भारतीय रिजर्व बैंक और केन्द्र सरकार के स्तर पर कालाबाजारी रोकने को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

पेंशन नियमों पर केन्द्र का नया निर्देश

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पेंशन से जुड़े नियमों को लेकर सभी मंत्रालयों और विभागों को जरूरी निर्देश जारी किए हैं। पेंशन और पेंशनर्स कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) ने स्पष्ट किया है कि पेंशन के दस्तावेज अकाउंट्स अधिकारी को भेजे जाने के बाद भी यदि कोई ऐसी नई जानकारी सामने आती है, जिसका असर पेंशन राशि पर पड़ सकता है, तो उसकी सूचना तुरंत देनी होगी। सरकार के अनुसार, यदि कर्मचारी पर कोई अतिरिक्त सरकारी बकाया सामने आता है तो उसकी जानकारी भी संबंधित अधिकारी तक पहुंचाना अनिवार्य होगा। यह निर्देश केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 के तहत आने वाले कर्मचारियों पर लागू होंगे।

हेड ऑफ ऑफिस की तय की गई जिम्मेदारी : विभाग ने 24 अक्टूबर 2026 को जारी कार्यालय ज्ञापन में कहा है कि पेंशन दस्तावेज भेजने के बाद विभाग की जिम्मेदारी खत्म नहीं होती। बाद में मिलने वाली पेंशन गणना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी या सरकारी बकाये का विवरण भी अकाउंट्स अधिकारी को उपलब्ध कराना होगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह कोई नई प्रक्रिया या अतिरिक्त आवेदन व्यवस्था नहीं है, बल्कि पहले से लागू नियमों को दोबारा स्पष्ट करने वाला निर्देश है। इसका उद्देश्य पेंशन निर्धारण में किसी भी जरूरी जानकारी की अनदेखी रोकना और कर्मचारियों को सही पेंशन समय पर उपलब्ध कराना है।

न्यूज इन ब्रीफ

श्रीमती पूनम शर्मा को भूगोल में पीएच.डी. की उपाधि

श्रीगंगानगर। स्थानीय महर्षि दयानंद बी.एड. कॉलेज की व्याख्याता पूनम शर्मा धर्मपत्नी मनोज कपिल को टांटिया विश्वविद्यालय द्वारा भूगोल विषय में पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई है। उनके शोध का विषय ह्यश्रीगंगानगर के सतत विकास में आधुनिकीकरण कृषि : एक भौगोलिक अध्ययनह्न रहा है। उन्होंने यह संपूर्ण शोध कार्य शोध निर्देशक डॉ. सुनील कुमार के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। श्रीमती पूनम शर्मा को पीएच.डी. की उपाधि मिलने पर प्राचार्य डॉ. विनोद गिरधर सहित समस्त स्टाफ सदस्यों, परिजनों एवं शुभचिंतकों ने खुशी व्यक्त की है।



चांदी की चेन, मोबाइल और नकदी छीनी

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। सदर थाना क्षेत्र स्थित होटल गैलेक्सी में तड़के दो अज्ञात युवकों ने घुसकर एक व्यक्ति से चांदी की चेन, मोबाइल फोन और नकदी छीन ली। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, लोंगवाला थाना गोलूवाला निवासी कुलदीप पुत्र जगसीर सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 24 नवंबर को तड़के करीब 4:15 बजे दो अज्ञात युवक होटल गैलेक्सी में घुसे और प्रार्थी की चांदी की चेन, मोबाइल तथा 13,846 रुपये नकद छीनकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई विजय सिंह को सौंपी है।

खेत में जबरन घुसकर ट्रैक्टर चलाया, फसल नष्ट

श्रीकरणपुर। थाना क्षेत्र के राही 22 ओ में खेत में जबरन घुसकर ट्रैक्टर चलाते हुए बुवाई की गई फसल नष्ट करने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 24 ओ निवासी बलजीत कौर (40) ने नायब सिंह पुत्र करतार सिंह व अन्य के खिलाफ शिकायत दी है। आरोप है कि 21 नवंबर की सुबह करीब 8 बजे आरोपियों ने प्रार्थिया के खेत में जबरन प्रवेश किया और ट्रैक्टर से हल चलाकर तैयार की गई फसल को उजाड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई जंगशेर खान को सौंपी है।

नई शिक्षा नीति के तहत छात्रों को किताबी ज्ञान के साथ रोजगारपरक कौशल से जोड़ने की पहल

सीबीएसई में बड़ा बदलाव : कक्षा 9 व 10 में व्यावसायिक शिक्षा होगी अनिवार्य

श्रीगंगानगर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने नई शिक्षा नीति के अनुरूप नौवीं और दसवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। नई व्यवस्था के तहत विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक शिक्षा को अनिवार्य किया गया है। इसका उद्देश्य छात्रों को पारंपरिक शिक्षा के साथ व्यावहारिक ज्ञान और रोजगार से जुड़े कौशल उपलब्ध कराना है।

2026-27 से नौवीं और 2027-28 से दसवीं में लागू होगी व्यवस्था

सीबीएसई के नए नियम के अनुसार नौवीं कक्षा में यह बदलाव शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू होगा, जबकि दसवीं कक्षा में इसे 2027-28 सत्र से लागू किया जाएगा। हालांकि वर्ष 2027 में दसवीं की बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों पर यह नियम लागू नहीं होगा। नई व्यवस्था में छात्रों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार कौशल आधारित विषय चुनने का अवसर मिलेगा। इससे विद्यार्थियों को भविष्य के करियर विकल्पों को समझने और रोजगारपरक क्षेत्रों की जानकारी हासिल करने में मदद मिलेगी।



प्रतीकात्मक

चुना गया विषय दसवीं में भी रहेगा जारी

सीबीएसई के अनुसार नौवीं कक्षा में चुने गए व्यावसायिक विषय को दसवीं में भी जारी रखना होगा। व्यावसायिक विषय का मूल्यांकन स्कूल स्तर पर आंतरिक रूप से किया जाएगा, लेकिन विद्यार्थियों को चयनित कौशल विषय की दसवीं की बोर्ड परीक्षा भी देनी होगी।

22 कौशल आधारित विषयों में से मिलेगा चयन का अवसर

नए पाठ्यक्रम के तहत नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों को कुल नौ विषयों की पढ़ाई करनी होगी। इसमें तीन भाषाओं के अलावा गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान जैसे मुख्य विषय शामिल रहेंगे। इसके साथ कला शिक्षा, शारीरिक शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा को भी अनिवार्य किया गया है। व्यावसायिक शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को दो विकल्प दिए जाएंगे। वे कौशल विकास कार्यक्रम का चयन कर सकते हैं या सीबीएसई की ओर से निर्धारित 22 कौशल आधारित विषयों में से किसी एक विषय को चुन सकते हैं।

कला, खेल और कौशल विकास को समान महत्व

सीबीएसई का कहना है कि नई व्यवस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों की रुचि और क्षमता के अनुरूप शिक्षा उपलब्ध कराना है। अब तक स्कूली शिक्षा में गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान जैसे अकादमिक विषयों पर अधिक जोर रहता था। नई व्यवस्था में कला, खेल, शारीरिक गतिविधियों और व्यावसायिक कौशल को भी समान महत्व दिया गया है। इस बदलाव से विद्यार्थियों को स्कूल स्तर पर ही अपनी रुचि पहचानने, व्यावहारिक अनुभव हासिल करने और भविष्य के रोजगार विकल्पों के लिए तैयार होने का अवसर मिलेगा।

प्रमुख कौशल आधारित विषय

- सूचना प्रौद्योगिकी
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)
- बैंकिंग एवं बीमा
- पर्यटन
- खुदरा कारोबार
- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं हार्डवेयर
- डाटा साइंस
- स्वास्थ्य देखभाल
- कृषि
- सुरक्षा क्षेत्र
- डिजाइन थिंकिंग एवं नवाचार

किफायती पैकेज के साथ छोटे शहरों में भी बढ़ेगा स्मार्ट जीवन का दायरा

स्मार्ट होम तकनीक अब आम घरों तक पहुंचाने की तैयारी

नोएडा। भारत में स्मार्ट होम का बाजार तेजी से विस्तार कर रहा है। कभी केवल महंगे और लग्जरी घरों तक सीमित रही यह तकनीक अब 2-बीएचके और 3-बीएचके घरों के लिए भी किफायती और आसान बनाने की दिशा में काम हो रहा है। महानगरों के साथ-साथ टियर-2, टियर-3 तथा बी और सी श्रेणी के शहरों में भी स्मार्ट होम समाधान की मांग बढ़ रही है।

2.2 लाख करोड़ रु. तक पहुंच सकता है बाजार

विशेषज्ञों के अनुसार भारत का स्मार्ट होम बाजार वर्ष 2026 में करीब 62 हजार करोड़ रुपये का हो सकता है, जो वर्ष 2031 तक बढ़कर लगभग 2.2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। स्मार्टफोन और इंटरनेट के बढ़ते उपयोग, लोगों की बढ़ती आय, घरों की सुरक्षा की जरूरत, ऊर्जा बचत के प्रति जागरूकता और इंटरनेट ऑफ थिंग्स आधारित उपकरणों के बढ़ते चलन से इस क्षेत्र में नई संभावनाएं बन रही हैं।

एक गेटवे, एक ऐप से नियंत्रित होगा पूरा घर

स्मार्ट होम समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी लाइटर का उद्देश्य स्मार्ट होम तकनीक को हर वर्ग के उपभोक्ता तक पहुंचाना है। कंपनी का सिस्टम एक स्मार्ट गेटवे पर आधारित है, जिसके माध्यम से घर के अलग-अलग उपकरणों को एक ही ऐप से नियंत्रित किया जा सकता है। कंपनी के स्मार्ट होम पैकेज में स्मार्ट गेटवे, स्मार्ट डोर लॉक, स्मार्ट डोर हैंडल, स्मार्ट प्लग, स्मार्ट बल्ब और अन्य सुविधाएं शामिल हैं। इसके साथ मुफ्त स्थापना और वारंटी अवधि में डोर सर्विस की सुविधा भी दी जा रही है।

जरूरत के अनुसार बढ़ाया जा सकेगा सिस्टम

उपभोक्ता शुरूआत में बेसिक पैकेज से स्मार्ट होम की सुविधा शुरू कर सकते हैं। बाद में अपनी जरूरत के अनुसार स्मार्ट स्विच, सेंसर, कैमरा, पर्दों का नियंत्रण और अन्य उपकरण जोड़े जा सकते हैं। इससे स्मार्ट होम सिस्टम को घर की जरूरतों के अनुसार विस्तार दिया जा सकता है।



छोटे शहरों में भी बड़ी संभावनाएं

आवासीय विकास के विस्तार के साथ छोटे शहरों में भी आधुनिक सुविधाओं की मांग बढ़ रही है। कंपनी का मानना है कि आने वाले समय में किफायती स्मार्ट होम तकनीक आधुनिक जीवन शैली का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकती है।

भारत में बड़ा बदलाव शुरू हो चुका

भारत में स्मार्ट होम के क्षेत्र में बड़ा बदलाव शुरू हो चुका है। हमारा उद्देश्य 2-बीएचके और 3-बीएचके घरों के लिए स्मार्ट होम तकनीक को सरल और किफायती बनाना है। एक गेटवे, एक ऐप और स्मार्ट उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से उपभोक्ताओं को सुरक्षा, सुविधा और बेहतर जीवन अनुभव उपलब्ध कराया जा सकता है। छोटे शहरों में भी इस बाजार की संभावनाएं काफी अधिक हैं।-संजय सिन्हा, उपाध्यक्ष-व्यवसाय विकास, लाइटर कंपनी प्रा. लि.*

1 करोड़ लोगों को देंगे सीपीआर प्रशिक्षण

सीमा सन्देश#श्रीगंगानगर। प्रदेश में हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट जैसी आपातकालीन स्थितियों में समय पर जीवन बचाने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग डेडिकेटेड इंटरवेंशन एंड लाइफ सेविंग इमरजेंसी कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। इसके तहत मार्च 2027 तक प्रदेश के कम से कम एक करोड़ नागरिकों को सीपीआर का प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। प्रमुख शासन सचिव के अनुसार, आगामी दिसम्बर के पहले सप्ताह में सीएचओ, एएनएम और आशा सहयोगिनियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके बाद अगले दो महीनों में ये स्वास्थ्यकर्मी शिक्षकों, पुलिसकर्मियों, सामुदायिक प्रतिनिधियों और आम नागरिकों को ट्रेनिंग देंगे। प्रशिक्षण के लिए सीपीआर मैनिकिन और एईडी ट्रेनर्स संबंधित चिकित्सकों को एक माह के लिए वापसी योग्य आधार पर उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि वे स्थानीय चिकित्सा व पैरामेडिकल स्टाफ को भी दक्ष बना सकें। जयपुर के बाद इस योजना को चरणबद्ध रूप से पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा।

माइग्रेन, मिर्गी, लकवा व न्यूरोलॉजी का परामर्श मिलेगा

डॉ. सहज अग्रवाल 29 नवम्बर को सिटी हॉस्पिटल में सेवाएं देंगे

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

एआईआईएमएस (एम्स) नई दिल्ली से प्रशिक्षित जाने-माने न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. सहज अग्रवाल 29 नवंबर रविवार को श्रीगंगानगर के सिटी हॉस्पिटल में सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। डॉ. अग्रवाल मिर्गी और सीजर, मांसपेशियों की कमजोरी, लकवा व पक्षाघात, मस्तिष्क संबंधी रोगों, ब्रेन स्ट्रोक, नींद से जुड़ी समस्याओं, हाथों में कंपकंपी, माइग्रेन, सिरदर्द और कमर दर्द जैसे न्यूरोलॉजी से संबंधित उपचारों में लंबे समय से विशेषज्ञ माने जाते हैं। शहर और जिले के मरीजों के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है कि उन्हें एआईआईएमएस जैसे संस्थान के अनुभवी विशेषज्ञ से परामर्श का लाभ मिलेगा। अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क किया जा सकता है।



डॉ. सहज अग्रवाल (डी.एम. न्यूरोलॉजी) का कहना है कि कुछ बीमारियां जैसे मिर्गी, माइग्रेन को सही इलाज से कंट्रोल किया जा सकता है। जरूरी नहीं है कि न्यूरोलॉजिकल बीमारी ठीक करने के लिए ताउम्र दवा लेनी पड़ती है। दवा धीरे-धीरे बंद की जा सकती है। लेकिन कुछ बीमारियां जैसे- पार्किंसन, डिमेंशिया में दवाएं लंबे समय तक चलती हैं ताकि लक्षणों को नियंत्रण में रखा जा सके।

खेलों में चमकी नन्ही प्रतिभा: पावनी शर्मा ने जीते 3 स्वर्ण पदक

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। संस्कार ग्लोबल एकेडमी में आयोजित 'स्पोर्ट्स मीट 2026' में कक्षा तीसरी की छात्रा पावनी शर्मा ने अपने शानदार प्रदर्शन से स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। नन्ही पावनी ने अपनी गजब की फुर्ती, एकाग्रता और संतुलन का बेहतरीन परिचय देते हुए दौड़ (रेस), लॉन्ग जंप और स्पून रेस–तीनों प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल कर तीन गोल्ड मेडल अपने नाम किए हैं। एक ही खेल आयोजन में तीन अलग-अलग स्पर्धाओं में अव्वल आकर पावनी ने अपनी बहुमुखी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया है। ट्रैक पर तेज रफ्तार से दौड़ लगाने से लेकर लॉन्ग जंप में बेहतरीन छलांग और स्पून रेस में सधे हुए संतुलन तक, हर मुकाबले में उन्होंने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। पावनी की इस ऐतिहासिक और शानदार सफलता से विद्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई है। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, सहपाठियों और परिजनों ने पावनी को मेडल और इस बड़ी उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि पावनी उर्फ पीहू शर्मा मिरजेवाला निवासी किशोर शर्मा की पुत्री और रामस्वरूप शर्मा की पोती है।



100 किलो से ज्यादा कचरा या 40 हजार लीटर पानी की खपत वाले संस्थानों को 7 दिन में करवाना होगा रजिस्ट्रेशन

अब ज्यादा कचरा फैलाने वाले होटल, अस्पताल व मैरिज गार्डन पर गिरेगी गाज

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। शहर की सफाई व्यवस्था को सुधारने और कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए नगर परिषद ने सख्त रुख अपनाया है। भारत सरकार के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के तहत अब शहर के बड़े संस्थानों, होटलों, अस्पतालों और आवासीय सोसायटियों को बल्क वेस्ट जनरेटर के रूप में पंजीकरण करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। पात्र संस्थानों को 7 दिन के भीतर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाने के निर्देश दिए हैं। तय समय में पंजीकरण नहीं करवाने या नियमों की अनदेखी करने पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति (जुर्माना और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद के मुताबिक, नीचे दी गई तीन शर्तों में से कोई एक भी पूरी करने वाले सरकारी व निजी कार्यालय, स्कूल-कॉलेज, यूनिवर्सिटी, अस्पताल, होटल, रेस्टोरेंट, मॉल, मैरिज गार्डन, बैंक्वेट हॉल, फैक्ट्रियां और आवासीय सोसायटियां इस श्रेणी में आएंगी इसमें जहां प्रतिदिन 100 किलोग्राम या उससे अधिक ठोस कचरा निकलता हो। जहां प्रतिदिन 40,000 लीटर या उससे अधिक पानी का उपयोग होता हो। जिनका कुल फ्लोर एरिया 20,000 वर्ग मीटर या उससे अधिक हो।

कचरे को 4 हिस्सों में बांटना और निस्तारण करना होगा जरूरी

पंजीकरण के साथ ही इन संस्थानों को अपने परिसर में ही कचरा प्रबंधन की व्यवस्था करनी होगी रसोई का कचरा, फल-सब्जियों के छिलके व जैविक अपशिष्ट` परिसर में ही कम्पोस्टिंग या बायोमेथेनेशन से प्रोसेस करना होगा। सूखा कचरा` कागज, प्लास्टिक, गत्ता, कांच और धातु` इसे अधिकृत रिसाइक्लर को देना होगा।`` उपयोग किए गए डायपर, सैनिटरी नैपकिन व स्वच्छता अपशिष्ट` अधिकृत एजेंसी के माध्यम से सुरक्षित निस्तारित करवाना होगा।` बैटरियां, एक्सपायरी दवाइयां,सीएफएल, ट्यूबलाइट, पेंट के डिब्बे` निर्धारित अधिकृत एजेंसी के जरिए ही निस्तारित करना होगा।` ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करते समय संस्थान का नाम, पता, अधिकृत प्रतिनिधि का विवरण, भवन का फ्लोर एरिया, दैनिक पानी की खपत, प्रतिदिन निकलने वाले कचरे की मात्रा और निर्धारित दस्तावेज अपलोड करने होंगे।

पंजीयन नहीं तो कार्यवाही होगी: ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के तहत सभी पात्र संस्थानों के लिए उढउइ पोर्टल पर पंजीकरण और कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन अनिवार्य है। 7 दिन में पंजीकरण नहीं करवाने या नियमों की पालना नहीं करने पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। **मिलखराज चुघ**

अनुभव जरूरी क्योंकि यह भारतीय संस्कृति, सेवा, समानता एवं मानवता के मूल्यों से जोड़ते हैं

गुरुद्वारा साहिब के दर्शन कर सीखे सेवा, सद्भाव के संस्कार





श्रीगंगानगर। बिरला पब्लिक स्कूल श्रीगंगानगर के नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष शैक्षणिक एवं आध्यात्मिक गतिविधि के अंतर्गत गुरुद्वारा साहिब का भ्रमण आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुल 182 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक सद्भाव तथा सेवा एवं समानता जैसे जीवनमूल्यों से परिचित कराना था।

गुरुद्वारा साहिब पहुँचकर बच्चों ने श्रद्धापूर्वक श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष माथा टेका तथा भक्तिभाव से गुरबाणी का श्रवण किया। गुरुद्वारे के शांत एवं आध्यात्मिक वातावरण में बच्चों ने आत्मिक शांति और सकारात्मकता का अनुभव किया। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से लंगर ग्रहण किया। इस अनुभव के माध्यम से बच्चों ने सिख धर्म की महान शिक्षाओं–सेवा, समानता, विनम्रता, सम्मान एवं सामुदायिक सद्भाव–को करीब से समझा। उन्होंने जाना कि लंगर केवल भोजन ग्रहण करने की परंपरा नहीं, बल्कि बिना किसी भेदभाव के एक साथ बैठकर भोजन करने, निःस्वार्थ सेवा करने और मानवता का सम्मान करने का संदेश देता है।

संस्कारों के साथ सर्वांगीण विकास जरूरी

इस गतिविधि के सफल आयोजन में प्री-प्राइमरी विंग की समन्वयक श्रीमती अनु राणा के साथ शिक्षिकाओं मीनाक्षी, नीति शर्मा, शीतल, योगिता, सेजल, ऋतु सिंह शेखावत, गायत्री, सुमन कुमारी एवं नेहा बंसल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही कंडक्टर दीदी एवं हेल्पिंग दीदी ने भी बच्चों की देखभाल एवं व्यवस्था में विशेष सहयोग प्रदान किया।

प्रधानाचार्या सुशीला सहारण ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, धार्मिक सद्भाव, आपसी सम्मान एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वहीं, प्रधानाध्यापिका आकांक्षा खुल्लर ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किताबी शिक्षा के साथ-साथ ऐसे व्यावहारिक अनुभव भी आवश्यक हैं, जो उन्हें भारतीय संस्कृति, सेवा, समानता एवं मानवता के मूल्यों से जोड़ते हैं।

दहेज प्रताड़ना व स्त्रीधन हड़पने के दो मामले दर्ज

सीमा सन्देश#श्रीगंगानगर। महिला थाने में दहेज प्रताड़ना और अमानत में खयानत से जुड़े दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। पहले मामले में संजय कॉलोनी, अग्रसेन चौक निवासी पायल ने शिकायत दी है कि 2015 से अब तक ससुराल पक्ष के मनीष, राजेश और दिलबाग सिंह निवासी अर्बन स्टेट, सुखपुरा चौक, रोहतक ने दहेज की मांग को लेकर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और घर से निकाल दिया। आरोप है कि आरोपियों ने स्त्रीधन हड़प लिया और साथ रखने से इंकार कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच एसआई रचना बिश्नोई को सौंपी है। दूसरे मामले में सेतिया फार्म निवासी अनुराधा सोनी (39) की शिकायत पर वरुण जुनेजा, जितेंद्र व उषा आदि के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। आरोप है कि 12 अगस्त 2015 से अब तक दहेज के लिए मानसिक प्रताड़ना दी गई, घर से निकाला गया और स्त्रीधन हड़प लिया गया। जांच एसआई सरदारा सिंह कर रहे हैं।

एनसीसी कैम्प में एस.डी. बिहाणी स्कूल कैडेट्स का शानदार प्रदर्शन



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। टांटिया यूनिवर्सिटी परिसर में 15 राज बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी-2) में सेठ जी.एल. बिहाणी एस.डी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्रीगंगानगर के एनसीसी कैडेट्स ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। ?शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में एस.डी. बिहाणी स्कूल के कैडेट्स ने उत्कृष्ट अनुशासन और कौशल का प्रदर्शन किया। राइफल .22 से हुई सटीक निशानेबाजी (फायरिंग) प्रतियोगिता में स्कूल के कैडेट्स ने कड़े मुकाबले के बीच द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इसके साथ ही, खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी कैडेट्स का दबदबा कायम रहा और टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। ?कैडेट्स की इस दोहरी उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य श्री अशोक ग्रोवर तथा स्कूल के एनसीसी अधिकारी (एएनओ) सेकंड ऑफिसर विनोद स्वामी ने सभी विजेता कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

स्टेट ओपन सब-जूनियर ताइक्वांडो में प्रिंस एकेडमी का दमदार प्रदर्शन



5 स्वर्ण, 2 रजत व 2 कांस्य सहित जीते कुल 9 पदक

सीकर। चूरू जिले के सुजानगढ़ में आयोजित स्टेट ओपन सब-जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 9 पदक अपने नाम किए। टीम ने 5 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में प्रियांशु कंवर (25 किग्रा.), वंश रणवां (29 किग्रा.), मनदीप (55 किग्रा.), आवेश खान (45 किग्रा.) और अयांश (35 किग्रा.) ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। वहीं गौतम (40 किग्रा.) और निशांत चौधरी (32 किग्रा.) ने रजत पदक हासिल किया। देव यादव और रितिक ने 29 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर टीम की सफलता में योगदान दिया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रिंस एजुहब के चेयरमैन डॉ. पीयूष सुंडा, प्रबंध निदेशक एम.आर. अग्रवाल तथा प्राचार्य पूनम चौहान ने सभी विजेता खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

मौसम

अधिकतम 29.6° | न्यूनतम 10.6°

आर्द्रता

सुबह 74% | शाम 45%

विंड स्पीड

3-8KM/h

आज का सूर्यास्त

05:35PM

कल का सूर्योदय

07:10AM

मुख्यतः आसमान साफ रहेगा।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,24,850

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,15,530

चांदी (प्रति किलो) ₹1,50,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

न्यूज इन ब्रीफ

नवीन उपवेजा को पीएचडी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सनातन धर्म महिला बीएड कॉलेज के व्याख्याता नवीन उपवेजा (जगदीश चन्द्र उपवेजा) को टांटिया विवि की ओर से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। नवीन उपवेजा ने डॉ. धीरज यादव के सान्निध्य में 'मानव हेतु विकास के संसाधन : एक सामान्य अध्ययन, श्रीगंगानगर खाद्य निगम के विशेष संदर्भ में' विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया है।



नए कोर्ट परिसर में भूमि पूजन 30 को

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। बार एसोसिएशन श्रीगंगानगर के अधिवक्ताओं की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने जा रही है। नई कोर्ट बिल्डिंग परिसर में अधिवक्ता चैंबर्स के निर्माण के लिए 30 नवंबर को भव्य भूमि पूजन समारोह होगा। बार एसोसिएशन पदाधिकारियों के अनुसार केंद्रीय कानून मंत्री के प्रयासों और राज्य सरकार के सहयोग से परियोजना को गति मिली है। बार काउंसिल सदस्य देवी लाल रावला और अधिवक्ता आनंद कुमार व्यास के विशेष प्रयासों से चैंबर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। समारोह में न्यायाधिपति संजय कुमार अग्रवाल, विनीत माथूर, इंद्रजीत डाल, संरक्षक न्यायाधिपति मुन्नरी लक्ष्मण तथा जिला एवं सेशन न्यायाधीश विंद्र कुमार गखड़ शिलान्यास व भूमि पूजन करेंगे। बार एसोसिएशन अध्यक्ष हंसराज तनेजा ने कहा, यह उपलब्धि अधिवक्ताओं के लंबे संघर्ष, एकजुटता और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बदलेगी बिजली वितरण की तस्वीर, तीन चरणों में अपग्रेड होगा सिस्टम, 2035 तक का लक्ष्य

अब घंटों गुल नहीं रहेगी बिजली; गड़बड़ी होते ही दूसरे नेटवर्क से स्वतः बहाल होगी सप्लाई

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

बिजली वितरण व्यवस्था अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की आधुनिक तकनीक से कदमताल करने को तैयार है।

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने वर्ष 2035 तक बिजली तंत्र को पूरी तरह हाईटेक और एकीकृत करने का खाका तैयार कर लिया है, जिस पर वर्ष 2026 से काम भी शुरू हो चुका है।

इस नई व्यवस्था के धरातल पर उतरने के बाद बिजली लाइनों और ट्रांसफार्मरों में आने वाली संभावित खराबी का पहले ही पूवार्नुमान लगाया जा सकेगा, जिससे उपभोक्ताओं को अघोषित कटौती से बड़ी राहत मिलेगी। सीईए के इस नए फ्रेमवर्क में



जहां तकनीक आधारित निगरानी पर फोकस किया गया है, वहीं स्मार्ट मीटर और डिजिटल उपकरणों के बढ़ते जाल के साथ साइबर हमलों की आशंका पर भी चिंता जताई गई है। इससे निपटने के लिए प्राधिकरण ने नेटवर्क सुरक्षा, उपकरणों की सतत निगरानी और सुरक्षित डिजिटल कनेक्टिविटी को अनिवार्य करने की सिफारिश की है।

गड़बड़ी होने पर वैकल्पिक नेटवर्क से तुरंत बहाल होगी बिजली : नए सिस्टम में एआई और मशीन लर्निंग के जरिए न केवल बिजली की मांग का सटीक आकलन होगा, बल्कि उपकरणों के खराब होने की आशंका और तकनीकी खामियों का भी विश्लेषण किया जाएगा। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि किसी भी हिस्से में फॉल्ट आने पर सिस्टम प्रभावित क्षेत्र को स्वतः अलग कर दूसरे नेटवर्क से बिजली आपूर्ति बहाल कर देगा। इससे घंटों तक बिजली गुल रहने की समस्या से निजात मिल सकेगी। इसके साथ ही ट्रांसफार्मर के लोड, तापमान और कार्यक्षमता की लगातार निगरानी होने से समय रहते उनका रखरखाव संभव हो पाएगा।

अलग-अलग चल रहे सिस्टम अब आएंगे एक ही प्लेटफॉर्म पर

रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत देशभर में स्वीकृत 20.33 करोड़ स्मार्ट मीटरों में से अब तक 3.9 करोड़ मीटर लगाए जा चुके हैं। वर्तमान में स्मार्ट मीटर, नेटवर्क निगरानी, बिलिंग और उपभोक्ता सेवाएं अलग-अलग स्तर पर संचालित हो रही हैं। नए रोडमैप के तहत इन सभी को एकीकृत कर मीटर के डेटा को सीधे फीडर और ट्रांसफार्मर की निगरानी से जोड़ा जाएगा। इससे बिजली चोरी, असामान्य खपत और तकनीकी छीजत को पकड़ना बेहद आसान हो जाएगा।

जोधपुर डिस्कॉम में सुधरी ट्रांसफार्मर बदलने की रफ्तार : जोधपुर डिस्कॉम क्षेत्र में वर्ष 2023-24 से 6 अगस्त 2026 की अवधि के दौरान ट्रांसफार्मर खराब होने के कुल 2,32,100 मामले सामने आए। डिस्कॉम प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इनमें से 2,30,786 ट्रांसफार्मर बदल दिए। बेहतर प्रबंधन का नतीजा यह रहा कि तीन दिन से अधिक समय तक लंबित रहने वाले ट्रांसफार्मरों की संख्या 238 से घटकर अब शून्य पर आ गई है। एआई तकनीक जुड़ने के बाद इस व्यवस्था में और अधिक सुधार की उम्मीद है।

तीन चरणों में पूरा होगा आधुनिकीकरण का सफर

- **प्रथम चरण (2026-2029) :** इस अवधि में स्मार्ट मीटरिंग, जीआईएस मैपिंग, डेटा प्रबंधन, नेटवर्क निगरानी और साइबर सुरक्षा का बुनियादी ढांचा खड़ा किया जाएगा।
- **द्वितीय चरण (2029-2032) :** स्मार्ट मीटर, बिलिंग प्रणाली, नेटवर्क निगरानी व उपभोक्ता सेवाओं को आपस में लिंक किया जाएगा। साथ ही एडवांस्ड डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम के पायलट प्रोजेक्ट शुरू होंगे।
- **तृतीय चरण (2032-2035):** अंतिम चरण में एआई और ऑटोमेशन के माध्यम से फॉल्ट की पहचान, बिजली मांग का पूवार्नुमान और स्वतः सप्लाई बहाली की पूर्ण व्यवस्था लागू होगी।

सिस्टम की लापरवाही: पंजाब के बाद अब नगरपरिषद भी गंगनहर में घोल रही 'जहर'

4 माह से साधुवाली पुल के पास लीकेज है सीवरेज लाइन, चौबीसों घंटे नहर में मिल रहा गंदा पानी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

पंजाब की ओर से आने वाले दूषित पानी की समस्या से जूझ रही क्षेत्र की जीवनदायिनी गंगनहर में अब स्थानीय नगरपरिषद की लापरवाही भी जहर घोल रही है। साधुवाली के पास वर्षों से खाली पड़े लिंक चैनल तक शहर का सीवरेज युक्त पानी पहुंचाने वाली मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण गंदा पानी सीधे गंगनहर में मिल रहा है।

हैरानी की बात यह है कि नगरपरिषद के आला अधिकारियों को इस गंभीर समस्या की पूरी जानकारी होने के बावजूद जानबूझकर आंखें मूंदी जा रही हैं। जानकारी के अनुसार,वर्तमान में लीकेज कम दूरी में है, जिससे चौबीसों घंटे सीवरेज का गंदा पानी रिसकर नहर में गिर रहा है। यदि समय रहते इस लीकेज को दुरुस्त



नहीं किया गया, तो लाइन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकती है और परेशानी विकराल रूप ले लेगी। स्थानीय लोगों और जानकारों का कहना है कि यदि समय रहते इस लीकेज को दुरुस्त नहीं किया गया, तो पाइपलाइन का बड़ा हिस्सा ध्वस्त हो सकता है, जिससे न केवल पेयजल संकट गहराएगा बल्कि गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाएगा। वहीं साधुवाली के स्थानीय निवासी व किसान नेता अमरसिंह बिश्नोई ने बताया कि इससे पूर्व भी नहर के बाद लिंक चैनल में गन्दा पानी डालने वाली पाइप लाइन लीकेज हुए थी। उसकी शिकायत नगरपरिषद में भी कि परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई नतीजा कुछ समय बाद पाइप लाइन टूट गई। इसके आनन फानन में अधिकारियों ने यहां मजदूर भेज कर इसे सही करवाया था। वर्तमान में साधुवाली के पुल के पास पाइप लाइन लीकेज है। अभी कम पानी का रिसाव हो रहा है अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया तो पाइप कभी भी टूट सकती है।

उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप से रुका मरम्मत कार्य

विभागीय अधिकारियों की मानें तो यह सीवरेज लाइन वर्षों पूर्व डाली गई थी। समय के साथ इस पाइपलाइन का निचला हिस्सा काफी कमजोर हो गया है, जिसके चलते इसमें जगह-जगह छेद हो गए हैं। इन्हीं छेदों के माध्यम से शहर का सीवरेज युक्त पानी बिना किसी रोक-टोक के लगातार नहर में जा रहा है। इस पूरे मामले में नगरपरिषद की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। विश्वस्त सूत्रों का दावा है कि पूर्व में नगरपरिषद स्तर पर इस क्षतिग्रस्त लाइन को सही करवाने की पूरी तैयारी कर ली गई थी, लेकिन ऐनमौके पर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मरम्मत कार्य पर रोक लगा दी गई। चर्चा है कि अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने और टेंडर प्रक्रिया में खेल करने के उद्देश्य से इस आवश्यक कार्य को जानबूझकर लटकाया जा रहा है। इस नहर का पानी ग्रामीण इलाकों में लो रॉ वाटर के रूप में पीने में इस्तेमाल भी करते हैं।



जस्सासिंह मार्ग पर मलबा उठाने व रास्ता समतल करने का काम जारी

दूसरे दिन भी आवागमन रहा बाधित



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। जस्सासिंह मार्ग पर बसंती चौक से लेकर हरदीपसिंह जिलेदार के बाग तक अतिक्रमण हटाए जाने के बाद दूसरे दिन मलबा उठाने और जगह का समतल करने का काम जारी रहा। साथ ही यहां पूर्व में सड़क के बीच में बने नाले से भी मलबा निकाला गया, ताकि आसपास कॉलोनियों की पानी निकासी सुचारू रह सके। यहां पुनः सड़क निर्माण होगा और नाला भी पीछे हटाकर नये सिरे से बनाया जाएगा। टीमें जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर ट्रॉलियां के साथ दूसरे दिन भी काम पर जुटी रहीं। जस्सासिंह मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा। जिन लोगों के निर्माण को सड़क दायरे में आने की वजह से तोड़ा गया है, उन लोगों ने अपनी शेष बची जगह पर चारदीवारी करनी शुरू कर दी है। लोग अपनी बची हुई जगहों को संभालने में जुटे हैं।

गौरतलब है कि जस्सासिंह मार्ग की मास्टर प्लान के अंतर्गत 80 फीट चौड़ाई निर्धारित है। बसंती चौक के पास करीब 150 मीटर का रास्ता संकरा था, जिसे भी अब 80 फीट कर दिया गया है।

आम सभा में दो तिहाई बहुमत पूरा न होने से नहीं बन पाई सहमति; आज शाम तक जारी हो सकती है अंतिम सूची

बार एसोसिएशन श्रीगंगानगर में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सचिव पद के लिए सरगर्मी तेज

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। बार एसोसिएशन श्रीगंगानगर के आगामी चुनावों को लेकर चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। आगामी 11 तारीख को बार एसोसिएशन के चुनाव संपन्न होंगे। गुरुवार दोपहर बार सभागार में बुलाई आमसभा में सभी दावेदारों के नहीं आने के साथ आवश्यक दो-तिहाई बहुमत पूरा नहीं हो पाने के कारण सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुनने के प्रयास सफल नहीं हो सके। ऐसे में वर्तमान अध्यक्ष हंसराज तनेजा ने चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए पूर्व अध्यक्ष जसवीर सिंह मिशन को मुख्य चुनाव अधिकारी तथा बलराज पब्बी और सुशील कुमार अरोड़ा को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि बार संघ में कुल 2,047 अधिवक्ता पंजीकृत हैं, लेकिन सात सदस्यीय कमेटी द्वारा की गई गहन छंटनी के बाद करीब 1,077 वकीलों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। इस छंटनी के बाद अब केवल 970 अधिवक्ता को ही अपने मताधिकार का प्रयोग के लिए उपयुक्त माना गया था। इसका विरोध होने पर मतदाता सूची से नाम काटे जाने के बाद निर्धारित समय सीमा तक 290 अधिवक्ताओं ने अपनी आपत्तियां दर्ज करवाई थीं। इन सभी आपत्तियों का निस्तारण बार अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव की तीन सदस्यीय कमेटी द्वारा कर दिया गया है।

गुरुवार को नहीं हो पाया संशोधन

सहायक चुनाव अधिकारी सुशील कुमार अरोड़ा के अनुसार, गुरुवार को अंतिम मतदाता सूची पर अंतिम निर्णय नहीं हो पाया ऐसे में शुक्रवार शाम तक मतदाताओं की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी। आमसभा के रद्द होने के बाद पूर्व अध्यक्ष सीताराम बिश्नोई ने बार काउंसिल के दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि चुनाव में केवल वही अधिवक्ता वोट दे सकेंगे जिन्होंने हाईकोर्ट से अपना पंजीयन रिन्यूवल करवा रखा हो और 2 जुलाई 2010 के बाद वकालत में आए अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल की परीक्षा पास कर रखी हो। संबंधित अधिवक्ता स्थानीय बार एसोसिएशन का विधिवत सदस्य हो और उसका वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा हो। बिश्नोई के अनुसार बार जिनके नाम काटे गए है उन्हें भी मतदान प्रक्रिया में शामिल किया जाए।

मुख्य चुनाव अधिकारी मिशन के अनुसार चौथे कोषाध्यक्ष पर अध्यक्ष की सहमती के चुनाव होता है अगर कोषाध्यक्ष के लिए एक से अधिक उम्मीदवार आएंगे तो चुनाव प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

बोन डेंसिटी टेस्ट कैम्प आज

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय नम्बर 2 नजदीक मीरा चौक, मौसम विभाग के सामने श्रीगंगानगर में 27 नवम्बर को निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, कर्मचारी राज्य बीमा योजना जयपुर की चिकित्सीय टीम द्वारा निःशुल्क बोन डेंसिटी टेस्ट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. रेणु गोयल ने बताया कि कैम्प में बीमा योजना से जुड़े हुए बीमित, जिनको ईएसआई नम्बर/बीमा संख्या जारी है और वर्तमान में एक्टिव हैं, वह इस कैम्प में उपस्थित होकर निःशुल्क लाभ ले सकते हैं। इस टेस्ट के माध्यम से हड्डियों में कैल्शियम आदि की जांच, गठिया जांच का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

जिलेभर में सामूहिक रूप से किया संविधान की प्रस्तावना का वाचन



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। संविधान दिवस के अवसर पर गुरूवार को जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव के निर्देशानुसार एडीएम प्रशासन सुभाष कुमार द्वारा जिला कलेक्ट्रेट परिसर में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया।

इस दौरान जिला परिषद में सीईओ हरिराम चैहान, पशुपालन विभाग में संयुक्त निदेशक डॉ. अरविन्द मित्तल एवं कृषि विपणन बोर्ड में विनोद स्वामी के नेतृत्व के साथ-साथ जिले के समस्त राजकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, पंचायती राज संस्थाओं, नगर निकायों सहित अन्य स्थानों पर भारत के संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया।

शुद्ध पेयजल आपूर्ति में कोताही बर्दाश्त नहीं, स्कूल में तुरंत हो नल कनेक्शन: कलक्टर

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित हुई। कलक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने और आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के सख्त निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से पानी के नमूने लेकर जांच की जाए। अमानक नमूने मिलने पर सुधार के बाद पुनः जांच सुनिश्चित हो। जिन विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य केंद्रों में अभी तक पेयजल कनेक्शन नहीं हैं, वहां प्राथमिकता से तत्काल कनेक्शन जारी किए जाएं। इसके साथ ही हर घर जल प्रमाणीकरण शत-प्रतिशत



पूरा करने, बकाया कार्यों का विवरण आईएमआईएस पोर्टल पर अपलोड करने और इसी सप्ताह जल बंधु ऐप पर डेटा मैप करने के निर्देश दिए गए। आगामी दिसंबर माह में शत-प्रतिशत हर घर जल ग्रामों में मुख्यालय की गाइडलाइन के अनुसार जल अर्पण कार्यक्रम आयोजित करने को कहा गया।

बैठक में कलक्टर ने अमृत 2.0, स्वच्छ भारत मिशन, जल सेवा आकलन और सुजलाम भारत आईडी क्रिएशन की प्रगति की भी समीक्षा की। अधीक्षण अभियंता मोहनलाल अरोड़ा ने पेयजल व्यवस्था की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ हरिराम चौहान, अधिशासी अभियंता प्रशोतम लाल, मोनिंदरजीत सिंह, प्रकाश चौधरी, राकेश बिश्नोई, एडिशनल सीएमएचओ डॉ. मुकेश मेहता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

खालसा महाविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीगगांनगर के सचिव रवि प्रकाश सुथार (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) ने संविधान दिवस के अवसर पर गुरूवार को खालसा महाविद्यालय श्रीगंगानगर में प्रबंधन एवं प्रशासन के सहयोग से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान प्रिंसिपल अनुप्रिया जैन, लेक्चरर मोहित व रोहताश यादव लीगल डिफेंस काउंसिल उपस्थित रहे। शिविर के दौरान एडीजे सुथार ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि राज्य के नीति निर्देशक तत्व 39 (क) में यह विधि उपबंधित है कि प्रत्येक व्यक्ति को समान निःशुल्क विधिक सहायता का अधिकार है।

इसका तात्पर्य यह है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक विपन्नता के कारण न्याय से वंचित नहीं रह सकता है। इस हेतु प्रत्येक जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समान न्याय एवं निःशुल्क विधिक सहायता के उद्देश्यों को पूर्ण करने के लिए कटिबद्ध है। आज का दिन हमें संविधान के आर्दशों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने की प्रेरणा देता है। संविधान दिवस पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम संविधान द्वारा दिये गये अधिकारों एवं मूल कृतव्यों का सम्मान करेंगे। शिविर के दौरान संविधान की प्रस्तावना भी दिलवाई गई। इस अवसर पर मंच संचालन अमन चलाना अधिवक्ता ने किया।

नार्को कोर्डिनेशन सेंटर की बैठक: ड्रोन गतिविधियों की सूचना मिलते ही सभी एजेंसियां तत्परता से कार्यवाही करें

बिना लाइसेंस तम्बाकू बिक्री पर होगी सख्त कार्यवाही : एसपी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

श्रीगंगानगर। नार्को कोर्डिनेशन सेन्टर तंत्र की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने जिले में मादक पदार्थों और तम्बाकू उत्पादों की प्रभावी रोकथाम पर जोर देते हुए नगर निकाय क्षेत्रों में बिना लाइसेंस तम्बाकू उत्पाद बेचने वालों तथा शिक्षण संस्थानों की 100 मीटर की परिधि में बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए।



सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन ड्रॉपिंग और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए कलक्टर ने बीएसएफ, पुलिस व अन्य एजेंसियों को आपसी तालमेल, त्वरित सूचना आदान-प्रदान और नियमित गश्त बढ़ाने को कहा। भारतमाला मार्ग व सीमावर्ती इलाकों में सीसीटीवी निगरानी मजबूत करने के साथ-साथ शहरी व ग्रामीण मेडिकल स्टोर्स पर सीसीटीवी कैमरे चालू रखने और नियमित बैकअप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने औषधि नियंत्रक विभाग को मेडिकल स्टोर्स व नशा मुक्ति केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने तथा आबकारी व पुलिस विभाग को अवैध शराब के विरुद्ध संयुक्त कार्यवाही करने को कहा।

जिला पुलिस अधीक्षक हरिशंकर ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन गतिविधियों की सूचना मिलते ही सभी एजेंसियां तत्परता से कार्यवाही करें और संदिग्धों से गहन पूछताछ सुनिश्चित करें। वहीं, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी परमजीत सिंह ने नाकट्रिक पोर्टल की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर जिला कलक्टर ने फिट गंगानगर सोसायटी द्वारा नशामुक्त समाज और स्वस्थ जीवनशैली के संदेश के साथ 6 दिसम्बर को पुलिस लाइन में आयोजित होने वाली साइक्लोथॉन 2026 में आमजन से अधिकाधिक ऑनलाइन पंजीकरण कर भाग लेने का आह्वान किया। बैठक में एडीएम (सतर्कता) अश्विन के. पंवार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता उपनिदेशक विरेन्द्र पाल सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

मेडिकल कॉलेज में प्रतिमा लगाने की मांग

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। महाराजा गंगासिंह जी धरोहर संरक्षण संस्थान ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मेडिकल कॉलेज के मुख्य द्वार व अन्य पट्टिकाओं पर नया नाम महाराजा गंगासिंह राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय श्रीगंगानगर लिखवाने तथा परिसर में प्रतिमा लगवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि मंत्रिमंडलीय समिति के 21 जुलाई 2026 के निर्णय के क्रम में चिकित्सा शिक्षा (ग्रुप-1) विभाग ने राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय श्रीगंगानगर का नाम बदल दिया था। इसके बावजूद कॉलेज प्रशासन व जिला प्रशासन ने अब तक मुख्य प्रवेश द्वार, बोर्ड और लेखन सामग्री पर नया नाम अंकित नहीं कराया है।

हर बच्चा यह संदेश लेकर आता है कि ईश्वर का मनुष्य से विश्वास अभी नहीं उठा है। - रवींद्रनाथ टैगोर

संपादकीय

बड़े लोग कहां दोषी होते हैं!

आय से अधिक मामले में राहुल गांधी को देश के सर्वोच्च न्यायालय ने राहत दी है। ध्यान रहे, हाइकोर्ट ने इसी मामले की सीबीआई और ईडी से जांच करवाने का निर्णय लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस निर्णय को पलट दिया। यह पहला मामला नहीं है जब प्रभावशाली व्यक्तियों को विभिन्न आपराधिक मामलों में सर्वोच्च न्यायालय से राहत मिली है। कहने को तो कोई कह सकता है कि हम सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की आलोचना या विरोध कैसे कर सकते हैं, लेकिन जब देश की सर्वोच्च अदालत हर बार प्रभावशाली लोगों को अपेक्षा से अधिक राहत देती है तो आम आदमी को संदेह तो होता ही है। ऐसे मामलों में सबसे आपत्तिजनक बात यह है कि जब हाइकोर्ट ने किसी मामले में, किसी व्यक्ति/व्यक्तियों को दोषी ठहराया है और सुप्रीम कोर्ट उसके उलट निर्णय लेती है तो हाइकोर्ट के उन जजों के खिलाफ कोई केस क्यों नहीं होता, जिन्होंने वह निर्णय दिया जिसे सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया। इस मामले में कई वर्ष पहले देश की पाठ्यपुस्तकों में शामिल एक व्यंग्य लेख याद आता है - 'उसमें उसने पत्रकारिता पर तंज कसते हुए लिखा था कि - किसी एक सभा या जलसे में अलग-अलग समाचार पत्र, भिन्न-भिन्न उपस्थिति कैसे लिखते हैं? यहां लेखक ने पत्रकारिता को निशाना बनाता हुए कहा है कि इस तरह की अलग-अलग संख्या दिखाने का अर्थ यह है कि मनुष्यों की गिनती करने वाली उनकी मशीनें अलग-अलग होंगी।'

हम फिर मुख्य मुद्दे पर आते हैं। पूरे देश के न केवल बुद्धिजीवी, बल्कि आम व्यक्ति को आज तक समझ में नहीं आया कि लगभग हर मामले में प्रभावशाली लोगों/संस्थाओं के प्रति बड़ी अदालतों का रवैया इस कदर एक पक्षीय कैसे हो सकता है? अब देश में सर्वोच्च न्यायालय से अधिक ताकतवर तो कोई संस्थान हो नहीं सकता। ऐसे में देश की जनता में उपजा संदेह कैसे दूर हो सकता है? यहां बात व्यक्तिपरक नहीं, अपितु तथ्यपरक है। देशभर के अधिनस्थ न्यायालय यथा; जूडिशियल मजिस्ट्रेट/सिविल जज या जिला व सत्र न्यायाधीश या हाइकोर्ट के जजों के निर्णयों को लगभग आए दिन उससे ऊपर की अदालतों द्वारा उलट दिया जाना क्या वास्तव में सामान्य बात हो सकती है? देश के 75-80 प्रतिशत लोग या तो पैसे के मामले में या पहुंच (अप्रोच) के मामलों में अक्षम या अज्ञानी होते हैं। यदि वे सक्षम और जानकार हों तो निश्चय ही वे ऊपर की अदालतों में जाने के बाद राहत पाने की उम्मीद लगा सकते हैं।

सवाल फिर वही खड़ा होता है कि उनकी अज्ञानता या अक्षमता ही उन्हें दण्डित करती है, न कि न्यायिक प्रक्रिया। राहुल गांधी ही क्यों, विभिन्न राजनीतिक दलों के छोटे-बड़े नेताओं को आए दिन इसी तरह की राहत मिलती रहती है। पहले दिन देश की जनता आश्वस्त होती है कि चलो किसी 'बड़े' (प्रभावशाली) व्यक्ति को भी न्यायालय की कसौटी पर उतरना ही पड़ता है। फिर दूसरे-तीसरे दिन पता लगता है कि उससे बड़ी अदालत में तो वह साफ बच निकला। ऐसे संदिग्ध मामलों में देश की समूची जनता हैरान-परेशान रहती है कि निर्धन, साधनहीन या भोले-भाले लोगों को तो बिना किसी कसूर के ही लम्बी या छोटी अवधि का दण्ड (सजा) मिल जाता है, लेकिन चालू किस्म के लोग बड़े-बड़े अपराध कर सकते हैं, वे अपने धनबल पर अच्छा और ऊंचा वकील कर सकते हैं और फिर अपराधी होते हुए भी वे अदालतों में साफ बरी हो जाते हैं।

ऐसे मामलों में अदालतों की एक टिप्पणी बहुत आम और अजीब होती है - 'साक्ष्यों के अभाव में अभियुक्त को दण्डित नहीं किया जा सकता।' न्यायालयों की ऐसी टिप्पणियों और ऐसे फैसलों को लेकर पूरा देश हैरान हो जाता है। ऐसे में सरकार या न्यायपालिका कैसे दावा कर सकती है कि कानून के सामने सब बराबर हैं। यह वह बयान है जो आए दिन ऐसे 'ब्रह्म वाक्यों' पर झूठा साबित होता है। ऐसे मामलों में देश का आम आदमी स्तब्ध हो जाता है कि क्या यातायात नियमों की उलंघना या किसी व्यक्ति से छोटी-माटी हाथापाई या अनजाने में कोई चूक हो जाए तब तो उसका दण्डित होना लाजिमी है और इसके विपरीत यदि कोई चालू व्यक्ति है तो वह बड़े-बड़े मामलों में कानून तोड़क भी होते हैं फिर भी वह कानूनी शिकंजे में नहीं आता है - बशर्ते उसे बचने की छोटी गलियों की जानकारी होती हो।

स्कूल शिक्षक ने बचाया जंगल-जलस्रोत, सुकून की तलाश में खरीदी जमीन, चार दशक बाद बना दिया संरक्षित क्षेत्र

प्रेरक; 128 एकड़ जमीन को बना दिया प्रकृति का घर

कहते हैं कि जब जिंदगी की भागदौड़ में इंसान को खुद के लिए समय नहीं मिलता, तो वह प्रकृति की गोद में सुकून तलाशता है। अमेरिका की स्कूल टीचर जीन पेस्ली ने भी कुछ ऐसा ही किया। तीन बच्चों की मां पेस्ली रोजाना करीब आधे घंटे का सफर तय कर स्कूल जाती थीं। शांति और प्रकृति के करीब रहने की चाह में उन्होंने 1970 के दशक में न्यूयॉर्क के टियोगा काउंटी के रिचफोर्ड शहर में 128 एकड़ जमीन खरीदी। इस जमीन में जंगल, खेत और नम क्षेत्र (वेटलैंड्स) शामिल थे। यह जगह पेस्ली को इतनी पसंद आई कि उन्होंने इसे परिवार के लिए एक यादगार कैंपसाइट बना लिया। इसकी शुरूआत एक पारिवारिक यात्रा से हुई थी। पेस्ली और उनके पति लॉन्ग आइलैंड पर रहते थे। गर्मियों की छुट्टियों में उन्होंने टेंट खरीदा और बच्चों के साथ अमेरिका व कनाडा की यात्रा पर निकल पड़े। इसी दौरान उन्हें यह जगह मिली, जिसे परिवार ने अब तक का सबसे सुंदर पड़ाव माना।



यादों ने प्रकृति संरक्षण की सोच को मजबूत किया

पेस्ली का प्रकृति से लगाव बचपन से ही था। महामंदी के दौर में उनका परिवार गांव में रहने लगा था, जहां उन्होंने साधारण जीवन और प्राकृतिक संसाधनों की अहमियत को करीब से देखा। पहाड़ी झरने के पानी से लेकर खुले वातावरण तक, बचपन के अनुभव उनके मन में हमेशा बसे रहे। उन्होंने कहा था कि प्रकृति की देखभाल उनकी सोच का हिस्सा रही है और उन्हें हमेशा लगता था कि किसी दिन वह जमीन को सुरक्षित करेंगी। करीब चार दशक बाद उन्होंने अपने इसी विचार को हकीकत में बदल दिया।

संरक्षण समझौते से सुरक्षित हुआ प्राकृतिक खजाना

86 वर्ष की उम्र तक पेस्ली उसी जमीन पर रहीं। बाद में उन्होंने फिंगर लेक्स लैंड ट्रस्ट के साथ कंजर्वेशन ईजमेंट यानी संरक्षण समझौता किया। इसके तहत भविष्य में जमीन के विकास पर कुछ सीमाएं तय की गईं, ताकि जंगल, खेती योग्य भूमि और जल स्रोत सुरक्षित रह सकें। यह क्षेत्र ओवेगो क्रीक की पूर्वी शाखा के जलग्रहण क्षेत्र में आता है। संरक्षण विशेषज्ञों के अनुसार, यहां मौजूद जंगल और प्राकृतिक ढलान बारिश के पानी के बहाव को नियंत्रित करते हैं तथा मिट्टी के कटाव को रोकने में मदद करते हैं।

जल स्रोत और वन्यजीवन के लिए बनी सुरक्षा कवच : फिंगर लेक्स लैंड ट्रस्ट के अनुसार, यह जमीन स्थानीय जलग्रहण क्षेत्र की गुणवत्ता बनाए रखने और ईस्टर्न ब्रुक ट्राउट जैसी मछलियों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यदि भविष्य में यहां अनियंत्रित विकास होता, तो मिट्टी के कटाव और जल प्रदूषण का खतरा बढ़ सकता था। पेस्ली की जमीन आसपास के कई संरक्षित क्षेत्रों से जुड़ी हुई है, जिसमें राज्य के जंगल, किंग नेचर प्रिजर्व और अन्य संरक्षण क्षेत्र शामिल हैं। इससे पूरे इलाके में जैव विविधता को बढ़ावा मिला है।

प्रकृति से जुड़ाव मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी

वैज्ञानिक अध्ययनों में भी प्रकृति के बीच समय बिताने के सकारात्मक प्रभाव सामने आए हैं। 'साइंस एडवांसेज' में प्रकाशित एक समीक्षा के अनुसार, प्रकृति के संपर्क में रहने से तनाव कम होने, बेहतर नींद और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार से संबंध पाया गया है। जीन पेस्ली की कहानी बताती है कि एक व्यक्ति की दूरदर्शिता किस तरह आने वाली पीढ़ियों के लिए जंगल, पानी और प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित कर सकती है। उनकी 128 एकड़ जमीन अब केवल निजी संपत्ति नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण की मिसाल बन चुकी है।

तकनीक से जुड़ा संभावनाशील कॅरिअर: चिप डिजाइन और सेमीकंडक्टर निर्माण


कभी देश की ताकत का पैमाना उसकी सेना और पारंपरिक औद्योगिक उत्पादन को माना जाता था, लेकिन आज यह तस्वीर बदल चुकी है। आपकी जेब में रखा स्मार्टफोन हो या आधुनिक कार, मिसाइल हो या उपग्रह, यहां तक कि अस्पतालों की अत्याधुनिक मशीनों में भी–इन दिनों एक अत्यंत सूक्ष्म चीज इस्तेमाल होती है, जिसके बिना आधुनिक तकनीक की कल्पना करना ही मुश्किल है। यह है सेमीकंडक्टर चिप। जिस देश के पास चिप डिजाइन और निर्माण की मजबूत क्षमता होती है, वह इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, ऑटोमोबाइल, रक्षा, अंतरिक्ष और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर ही नहीं, एक बड़ी औद्योगिक ताकत समझा जाता है। भारत में भी सेमीकंडक्टर उद्योग को लेकर बड़े निवेश की परियोजनाएं सामने आ रही हैं। ऐसे में इस क्षेत्र के युवाओं को सही मायने में 'मेक इन इंडिया' के असली सिपाही कहा जा सकता है।

सेमीकंडक्टर का अर्थ

सेमीकंडक्टर ऐसी सामग्री है जिसकी विद्युत चालकता, चालक और कुचालक के बीच होती है। सिलिकॉन इसका सबसे प्रमुख उदाहरण है। इसी से बने माइक्रो चिप में करोड़ों-अरबों ट्रांजिस्टर लगाये जा सकते हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के भीतर गणना, नियंत्रण और डेटा प्रोसेसिंग करते हैं। चिप का निर्माण एक अत्यंत जटिल प्रक्रिया है, जिसमें डिजाइन से लेकर वेफर निर्माण, फोटोलिथोग्राफी, डोपिंग, पैकेजिंग और परीक्षण तक कई चरण शामिल होते हैं। इसलिए यह उद्योग केवल इंजीनियरों का नहीं बल्कि भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर विज्ञान और सामग्री विज्ञान के विशेषज्ञों का भी क्षेत्र है।

ये हैं कॅरिअर विकल्प

सेमीकंडक्टर उद्योग में नौकरी का अर्थ केवल चिप बनाना नहीं है, यहां विशेषज्ञता के कई रास्ते



हैं–जैसे चिप डिजाइन इंजीनियर, वीएलएसआई डिजाइन इंजीनियर, सेमीकंडक्टर प्रोसेसिंग इंजीनियर, वेफर फैब्रिकेशन विशेषज्ञ, टेस्ट इंजीनियर, पैकेजिंग विशेषज्ञ, उपकरण एवं मशीन इंजीनियर व सेमीकंडक्टर मटीरियल विशेषज्ञ।

जरूरी योग्यता

यदि आप स्कूल में हैं, तो गणित और विज्ञान पर मजबूत पकड़ बनाना पहला कदम है ताकि 12वीं के बाद इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश पा सकें–बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, बीटेक कंप्यूटर साइंस, बीटेक माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स, बीटेक सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी, बीएससी फिजिक्स, बीएससी कैमिस्ट्री व मटीरियल साइंस। इसके बाद वीएलएसआई, माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी या चिप डिजाइन में विशेषज्ञता हासिल की जा सकती है।

यहां से करें पढ़ाई

भारत में आईआईटी, आईआईएससी, आईआईआईटी तथा अन्य प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों में माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स, वीएलएसआई, इलेक्ट्रॉनिक्स और संबंधित क्षेत्रों में उच्च स्तरीय शिक्षा एवं शोध के अवसर उपलब्ध हैं। इसके अलावा 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन' के तहत विकसित हो रहा पारिस्थितिकी तंत्र भी इस क्षेत्र में प्रशिक्षण एवं रोजगार के नये अवसर पैदा कर रहा है।

नौकरी की संभावनाएं

भारत में सेमीकंडक्टर क्षेत्र के विस्तार होने के साथ रोजगार के क्षेत्र भी व्यापक हो रहे हैं। संभावित नियोक्ता हैं–सेमीकंडक्टर डिजाइन कंपनियां, इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियां, चिप निर्माण संयंत्र, ऑटोमोबाइल कंपनियां, दूरसंचार कंपनियां, रक्षा एवं एयरोस्पेस उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां, अनुसंधान संस्थान व सेमीकंडक्टर स्टार्टअप।

वेतन की बात : शुरूआती वेतन कंपनी, भूमिका, संस्थान और कौशल के अनुसार अलग-अलग हो सकता है। चिप डिजाइन, वीएलएसआई, सत्यापन और उन्नत सेमीकंडक्टर विशेषज्ञता जैसी भूमिकाओं में कुशल इंजीनियरों की मांग अत्यधिक होने के कारण अनुभव के साथ आय में तेज वृद्धि होती है। इस क्षेत्र में केवल डिग्री हासिल करने की बजाय आधुनिक डिजाइन टूल, प्रोग्रामिंग और वास्तविक परियोजनाओं पर पकड़ बनाना ज्यादा उपयोगी है।

तरक्की में मददगार है अपनी उपलब्धियों का रिकॉर्ड रखना



नौकरी के दौरान हम रोज ई-मेल के जवाब देते हैं, बैठकें करते हैं, रिपोर्ट बनाते हैं और लक्ष्य पूरे करते हैं। इस दैनिक चक्र में उलझकर हम अपने कामों और उपलब्धियों का कोई नियमित रिकॉर्ड नहीं रखते। यही आदत करियर में आगे बढ़ने और एक ही पद पर अटके रहने के बीच बड़ा अंतर पैदा करती है। कंपनियां केवल आपके काम के साल नहीं गिनतीं, बल्कि यह देखती हैं कि आपने संगठन के लिए क्या मूल्य पैदा किया।

एक चीज नहीं हैं अनुभव और उपलब्धि

ज्यादातर लोगों को भ्रम होता है कि अनुभव और उपलब्धि एक ही हैं, जबकि ऐसा नहीं है। केवल समय बिताने को विशेषज्ञता नहीं माना जा सकता। रिज्यूमे में विशेष उपलब्धियां जोड़ने से आपका अनुभव प्रभावी बनता है। आप इन्हें ऐसे दर्ज कर सकते हैं:

- अपने काम के जरिए कंपनी की बिक्री में बढ़ोतरी की।
- रिसर्च के माध्यम से प्रोडक्ट की उत्पादन लागत कम कराई।
- कंपनी की कार्यप्रणाली को अधिक सुगम और बेहतर बनाया।
- एक नई और कुशल टीम तैयार की या नए ग्राहक जोड़े।
- तकनीकी समझ से बड़े संकट का समाधान कर कंपनी को प्रतिस्पर्धी बनाया।

इसलिए भी जरूरी है

याद्दाश्त पर हमेशा भरोसा नहीं किया जा सकता, इसलिए हर छोटी-बड़ी उपलब्धि को डायरी में दर्ज करना आवश्यक है। यदि आपने ग्राहक सेवा में किसी पुरानी समस्या का स्थायी समाधान निकाला है, तो उसे लिखित रूप में संजोना आपकी जिम्मेदारी है।

खुद को कमतर न मानें

कई कर्मचारी महत्वपूर्ण कार्यों को ड्यूटी मानकर नजरअंदाज कर देते हैं। कम समय में प्रोजेक्ट पूरा करना या टीम को चुनौती से बाहर निकालना भी बड़ी उपलब्धि है।

आगे बढ़ने में मददगार

प्रमोशन के समय केवल कार्यकाल गिनवाने के बजाय अपनी नोट की गई उपलब्धियों का प्रमाण रखें। करियर में यह मायने रखता है कि आपने अपने काम से क्या सकारात्मक बदलाव लाया।

टीनएज बच्चों का भरोसा जीतने के असरदार तरीके

टीनएज में बच्चों का माता-पिता से बातें छिपाना हमेशा गलत व्यवहार का संकेत नहीं होता, बल्कि यह उनकी बढ़ती उम्र और स्वतंत्र पहचान बनाने की प्रक्रिया का हिस्सा होता है। ऐसे में माता-पिता को गुस्से और शक के बजाय धैर्य, प्यार और समझदारी से काम लेना चाहिए। बच्चे का भरोसा जीतने और उनके करीब रहने के लिए इन तरीकों को अपनाएं:

शक न करें: बच्चे के हर बात न बताने पर उस पर शक न करें। बार-बार सवाल पूछने या हर बात पर टोकने से वे आपसे और अधिक दूर हो सकते हैं।

प्राइवेसी का सम्मान करें: बच्चों को अपनी निजी जिंदगी के लिए थोड़ी जगह चाहिए होती है। बिना वजह उनका फोन चेक करना या हर समय कमरे में झांकना आपसी भरोसे को कमजोर कर सकता है।

डांटने के बजाय दोस्त बनें: बच्चों को यह विश्वास दिलाएं कि वे बिना किसी डर या संकोच के अपनी परेशानी आपके साथ साझा कर सकते हैं। सिर्फ पढ़ाई और अनुशासन की बात करने के बजाय उनके दोस्तों और पसंदीदा रुचियों के बारे में भी चर्चा करें।

अपनी बात थोपने के बजाय सुनें: कई बार माता-पिता बच्चे की बात पूरी सुने बिना ही फैसला सुनाने लगते हैं। उनकी भावनाओं को समझें और उन्हें अपनी बात पूरी करने का पूरा मौका दें।

पेशेवर पर्सनैलिटी का आईना : ऑनलाइन मीटिंग

टीम मीटिंग से लेकर क्लाइंट प्रेजेंटेशन, साक्षात्कार, वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत तक सभी महत्वपूर्ण संवाद अब स्क्रीन पर होते हैं। ऐसे में समय पर जुड़ना, ध्यान से सुनना, तार्किक तरीके से संक्षेप में बोलना, समस्या के साथ समाधान सुझाना प्रमोशन का ठोस आधार बन सकता है।

सोचिए, सुबह 10 बजने में दो मिनट बाकी हैं। लैपटॉप खुला है और कैमरा ऑन है। मीटिंग शुरू होती है, बॉस के सवाल पर एक युवा का जवाब साफ, संक्षिप्त, आकर्षक आंकड़ों और व्यावहारिक सुझाव के साथ आता है। ऑनलाइन मीटिंग में केवल काम की समीक्षा नहीं होती, बल्कि आपकी तैयारी, संवाद क्षमता, आत्मविश्वास और नेतृत्व की संभावना–सब कुछ स्क्रीन पर दिखाई देता है। अब ऑफिस की मेज लैपटॉप के उस पार भी है, जहां आपका अगला कैरियर अवसर छिपा हो सकता है।

ऑनलाइन मीटिंग की अहमियत

हाइब्रिड संस्कृति में ऑनलाइन मीटिंग को हल्के में लेना महंगा पड़ सकता है। देर से जुड़ना, लगातार कैमरा बंद रखना, बिना तर्क दूसरों की बात काटना या चुप रहना–ये छोटी बातें बार-बार दोहराए जाने पर आपकी पेशेवर छवि बिगाड़ सकती हैं। इसके उलट, समय पर जुड़ना, ध्यान से सुनना, और संक्षेप में तार्किक बात रखना आपके प्रभावशाली व्यक्तित्व को उभारता है।

कैमरा सिर्फ चेहरा नहीं पढ़ता

कैमरा केवल चेहरा नहीं देखता, बल्कि आपकी वर्चुअल बॉडी लैंग्वेज को स्कैन करता है–जैसे बार-बार नजरें हटाना, तेजी से बोलना या असहमति पर असहज होना। ये छोटी प्रतिक्रियाएं आपकी कार्यशैली की धारणा बनाती हैं। इसलिए कैमरे के सामने 'एक्टिंग' करने के बजाय सजग और स्वाभाविक पेशेवर व्यवहार अपनाएं।



ज्यादा बोलना, प्रभावशाली नहीं

ऑनलाइन मीटिंग में सबसे ज्यादा बोलने वाला ही प्रभावशाली हो, यह जरूरी नहीं है। अच्छा पेशेवर वह है जो पहले सवाल को ध्यान से सुने, समझे और फिर आवश्यकतानुसार नपा-तुला बोले। प्रभावी उत्तर की संरचना स्पष्ट होनी चाहिए–समस्या क्या है, तथ्य क्या कहते हैं, समाधान क्या है और अगला कदम क्या होना चाहिए?

असहमति भी एक खूबी है

असहमति पेशेवर जीवन का हिस्सा है, लेकिन तरीका महत्वपूर्ण है। 'आप गलत हैं' कहने की बजाय 'मेरे आंकड़ों के आधार पर तस्वीर थोड़ी अलग है' कहना संवाद में सम्मान, आत्मविश्वास और तर्क तीनों को बनाए रखता है। ऐसा व्यक्ति निर्णय लेने की भूमिका की ओर बढ़ता है।

ताकि बाद में भी बना रहे प्रभाव

मीटिंग के बाद चर्चा के मुख्य निर्णय, अपनी जिम्मेदारी और अगले कदम को स्पष्ट करते हुए एक छोटा सा संदेश भेजना आपकी गंभीर और जिम्मेदार छवि बनाता है। अगली बार जब स्क्रीन पर 'ज्वाइन मीटिंग' दिखे, तो उसे केवल एक बटन न समझें, बल्कि यह आपके कैरियर का वह मंच है जहां आपमें कल की संभावना देखी जा रही है।

केवल 22 देशों के पास ही ऐसे अपराध दर्ज करने की प्रभावी व्यवस्था

नया डिजिटल खतरा : हर साल 30 करोड़ बच्चे ऑनलाइन यौन शोषण के शिकार

दुनिया में डिजिटल तकनीक और इंटरनेट का विस्तार बच्चों के लिए नई चुनौतियां भी लेकर आया है। पढ़ाई और मनोरंजन के लिए मोबाइल का बढ़ता उपयोग अब ऑनलाइन यौन शोषण के गंभीर खतरे में बदलता जा रहा है। ब्रिटेन की संस्था चाइल्डलाइट ग्लोबल चाइल्ड सेफ्टी इंस्टीट्यूट की '2026 इनटू द लाइट इंडेक्स' रिपोर्ट के अनुसार हर वर्ष दुनिया में 30 करोड़ से अधिक बच्चे किसी न किसी रूप में तकनीक आधारित यौन शोषण का शिकार हो रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक लगभग हर सेकेंड एक बच्चे के साथ ऑनलाइन यौन उत्पीड़न की घटना होती है।

एआई-डीपफेक बना बड़ा हथियार

अध्ययन में बताया गया है कि अपराधी अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से बच्चों की सामान्य तस्वीरों को अश्लील रूप देकर ब्लैकमेल और शोषण कर रहे हैं। केवल दो वर्षों में एआई से तैयार अश्लील सामग्री के मामलों में 8,411 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। अमेरिका स्थित नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रन को ऐसी शिकायतें 2023 में लगभग 4,700 मिली थीं, जो 2025 में बढ़कर चार लाख से अधिक हो गईं।

रिपोर्ट की प्रमुख बातें

- 103 देशों पर आधारित अध्ययन में केवल 22 देशों के पास ऐसे अपराध दर्ज करने की प्रभावी व्यवस्था मिली।
- अमेरिका में 2024-25 के बीच ऑनलाइन बाल यौन शोषण की शिकायतों में 63 प्रतिशत वृद्धि हुई।
- कनाडा में यह बढ़ोतरी 18 प्रतिशत रही।
- फिलीपींस में कार्रवाई के कारण ऐसे मामलों की रिपोर्ट 62 प्रतिशत घटी, लेकिन समस्या अब भी गंभीर बनी हुई है।
- कई देशों में बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा के लिए स्पष्ट कानून तक मौजूद नहीं हैं।



भारत के लिए भी चेतावनी

हालांकि 2026 की रिपोर्ट में भारत शामिल नहीं है, लेकिन पिछले वर्ष की रिपोर्ट में भारत, नेपाल और श्रीलंका के 5.4 करोड़ बच्चों के यौन उत्पीड़न का अनुमान सामने आया था। विशेषज्ञों का मानना है कि कमजोर कानून, सीमित आंकड़े और बढ़ता इंटरनेट उपयोग इस चुनौती को और गंभीर बना रहे हैं।

विशेषज्ञों की राय

चाइल्डलाइट की ग्लोबल डायरेक्टर प्रो. डेबी फ्राई के अनुसार यह रिपोर्ट सरकारों को सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरियों की पहचान करने और बच्चों को ऑनलाइन अपराधों से बचाने के लिए प्रभावी नीतियां बनाने में मदद करेगी। वहीं इंटरनेट वॉच फाउंडेशन ने भी एआई से तैयार बच्चों की आपत्तिजनक सामग्री में लगातार बढ़ोतरी पर चिंता जताई है। विशेषज्ञों का कहना है कि मजबूत कानून, डिजिटल जागरूकता, अभिभावकों की सतर्कता और तकनीकी निगरानी ही बच्चों को इस बढ़ते ऑनलाइन खतरे से सुरक्षित रखने का सबसे प्रभावी उपाय है।

गंगनहर में पर्याप्त पानी और घटिया सड़क निर्माण की जांच की मांग



सीमा सन्देश # गजसिंहपुर। गंगनहर की 45 आरडी तक निर्धारित हिस्से के अनुसार पानी नहीं मिलने, नहरों में कम-ज्यादा पानी छोड़े जाने तथा रेगुलेशन में गड़बड़ी को सुधारने की मांग को लेकर टेल संघर्ष समिति ने तहसीलदार गजसिंहपुर के मार्फत जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया है। समिति ने चेतावनी दी कि किसानों की फसलें बचाने के लिए टेल समिति व टेल किसान गंगासिंह चौक पर बेमियादी धरना शुरू करेंगे। वहीं दूसरे ज्ञापन में पीएनबी बैंक से 9 एफएफबी ढाणी तक करीब 98 लाख रुपये की लागत से बन रही सड़क के निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाते हुए निर्माण कार्य की जांच, गुणवत्ता के तकनीकी मानकों की पालना और गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण की मांग की गई।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को जिला कलक्टर के गजसिंहपुर आगमन की चर्चा थी, लेकिन उनका दौरा नहीं हुआ।

श्रीविजयनगर में संविधान के मूल्यों के प्रति अधिकारियों ने प्रतिबद्धता जताई



सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को राज्य सरकार एवं जिला कलक्टर के निर्देशानुसार उपखंड क्षेत्र के विभिन्न राजकीय कार्यालयों में कार्यक्रम हुए। उपखंड अधिकारी कार्यालय में एसडीएम साक्षी पुरी के नेतृत्व में राजस्व विभाग के उपखंड एवं तहसील कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। इस दौरान सभी ने संविधान के मूल्यों, लोकतांत्रिक व्यवस्था, समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुता के आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम से संविधान के महत्व व मौलिक सिद्धांतों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर तहसीलदार सुरेंद्र सिंह, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सत्यनारायण व देवी सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी प्रवीण कुमार व कृष्ण कुमार, टीआरए सुरेंद्र गोदारा सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

वेद प्रचार उत्सव एवं हवन यज्ञ आज से

सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। स्थानीय आर्य समाज की ओर से स्वामी श्रद्धानंद बलिदान शताब्दी समारोह (1926-2026) के उपलक्ष्य में पांचवें वार्षिक वेद प्रचार उत्सव एवं हवन यज्ञ का आयोजन 27 से 29 नवंबर तक किया जाएगा। कार्यक्रम आर्य समाज परिसर, यादव कॉलोनी में आयोजित होगा। 27 नवंबर को प्रातः 8:30 से दोपहर 12 बजे तक यज्ञ एवं ध्वजारोहण होगा। दोपहर 3 से 5 बजे तक भजन-प्रवचन तथा रात्रि 8 से 10 बजे तक धार्मिक कार्यक्रम होंगे। 29 नवंबर को दोपहर 1 बजे से पूर्णाहुति, सम्मान समारोह एवं लंगर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में आचार्य वरुण देव जोधपुर, रामनिवास भरतपुर, भजनोउपदेशक पंडित उपेंद्र चंडीगढ़ शामिल होंगे। आयोजन को लेकर आर्य समाज के अध्यक्ष श्याम लाल बतराना,नोपा राम मंत्री, देवी दयाल कोषाध्यक्ष एवं वेदवति आर्य सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हैं।

पोस्टर प्रतियोगिता से विद्यार्थियों ने दिया ऊर्जा संरक्षण का सन्देश



सीमा सन्देश # अनूपगढ़। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड की इकाई रोजलैंड पब्लिक स्कूल बांडा कॉलोनी द्वारा विद्यार्थियों को बिजली व अन्य ऊर्जा संसाधनों के बचाव के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से ऊर्जा संरक्षण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता करवाई गई। गाइड कैप्टन सुषमा ने बताया प्रतियोगिता में स्काउट गाइड विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे पोस्टरों के माध्यम से ऊर्जा बचाने का संदेश दिया। पोस्टरों में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, एलईडी बल्ब के उपयोग और आवश्यकता न होने पर पंखा-लाइट बंद करने जैसे उपायों को दर्शाया गया। प्रधानाचार्य ने प्रतियोगिता का अवलोकन करते हुए कहा कि आज ऊर्जा की खपत तेजी से बढ़ रही है, जबकि इसके स्रोत सीमित हैं। यदि हम आज से ही ऊर्जा बचाना शुरू नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को अंधेरे का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने स्काउट गाइड, विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने घरों में भी एलईडी बल्ब का उपयोग करें और दिन में प्राकृतिक रोशनी का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। प्रतियोगिता में विद्यालय स्टॉफ और प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर आदर्श अपनाने का लिया संकल्प



सीमा सन्देश # रावला। शिवाजी पब्लिक स्कूल में 26 नवम्बर को संविधान दिवस उत्साह, गरिमा और देशभक्ति के साथ मनाया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के महत्व, मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया तथा न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता जैसे मूल आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य विष्णुदत्त बिश्नोई ने कहा कि भारतीय संविधान लोकतंत्र की आधारशिला और राष्ट्र की एकता, अखंडता व नागरिक सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिकारों के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा अनुशासन, सहिष्णुता, समानता और राष्ट्रप्रेम को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जागरूक, जिम्मेदार और संस्कारित नागरिक ही सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने संविधान के आदर्शों से जुड़े प्रेरक विचार व उद्घोष प्रस्तुत किए। आयोजन का समापन संविधान के सम्मान, राष्ट्र की एकता व अखंडता बनाए रखने और जिम्मेदार नागरिक बनने के संकल्प के साथ हुआ।

एसडीएम साक्षी पुरी ने किया राजकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया

टीबी रोगियों के उपचार में लापरवाही नहीं बरतने के दिए निर्देश



सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। उपखंड अधिकारी साक्षी पुरी ने गुरुवार को दोपहर ग्राम पंचायत 3 केएसडी सुखचैनपुरा स्थित विभिन्न राजकीय संस्थानों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण की शुरूआत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुखचैनपुरा से हुई। यहां उन्होंने मध्याह्न अवकाश के दौरान विद्यार्थियों को दिए जा रहे मिड-डे मील की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं की जांच की। विद्यालय में साफ-सफाई और शिक्षण व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। इस दौरान प्रधानाचार्य सतपाल सारस्वत मौजूद रहे।

एसडीएम ने कक्षा एक एवं दो के विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक स्थिति की जानकारी भी ली। इसके बाद उन्होंने आदर्श आंगनबाड़ी पाठशाला का निरीक्षण किया। तत्पश्चात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था संतोषजनक मिली। स्वास्थ्य केंद्र के नर्सिंग स्टाफ ने एसडीएम को क्षेत्र में टीबी के 17 सक्रिय मरीज होने की जानकारी दी।

इस पर एसडीएम ने चिंता व्यक्त करते हुए सभी मरीजों की नियमित जांच सुनिश्चित करने तथा उन्हें समय पर आवश्यक दवाइयां एवं उपचार सामग्री उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। साथ ही टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत क्षेत्र में जागरूकता एवं अन्य गतिविधियां बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

खेत से 25 क्विंटल मोठ का चारा चोरी



सीमा सन्देश # सरदारशहर। तहसील क्षेत्र के ढाणी पांचेरा गांव में अज्ञात चोर किसान के खेत से करीब 25 क्विंटल मोठ का चारा पिकअप में भरकर फरार हो गए। मामले में किसान हरिराम सारण ने भानीपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट के अनुसार 21 नवंबर की रात अज्ञात चोर आसपालसर रास्ते से पिकअप लेकर खेत में पहुंचे और वहां रखा करीब 25 क्विंटल मोठ का चारा भरकर ले गए। सुबह खेत में चारा गायब मिलने पर किसान को चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद किसान ने थाने पहुंचकर पुलिस को घटना से अवगत करवाया। भानीपुरा थाना अधिकारी मंगूराम ने बताया, किसान की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

बर्थ-डे सेलिब्रेशन



सादुलशहर। आदित्य सारस्वत के जन्मदिन पर मम्मी राजा देवी-पापा संजय कुमार, दादा तुलसीराम सारस्वत-दादी नारायणी देवी, भाई यश सारस्वत, भुआ कांता देवी, रेखा, रितू, रजनी की ओर से बधाई।

14 केएनडी पुल के पास फंसी केली, किसानों ने नहर को टूटने से बचाया

किसानों ने चंदा कर मंगवाई जेसीबी, सिंचाई विभाग पर उठे सवाल



सीमा सन्देश # 365 हैड, खानूवाली। केएनडी नहर के 14 केएनडी पुल के पास जमा हुई केली से नहर टूटने का खतरा पैदा हो गया था। पानी के बहाव में रुकावट आने से आसपास के किसानों की चिंता बढ़ गई थी। हालात को देखते हुए किसानों ने खुद आगे आकर नहर को बचाने की जिम्मेदारी उठाई। सिंचाई विभाग की ओर से केली हटाने की व्यवस्था नहीं होने पर किसानों ने आपस में चंदा इकट्ठा किया व अपने खर्च पर जेसीबी मशीन मंगवाकर केली को बाहर निकलवाया। किसानों की एकजुटता और समय पर किए गए प्रयासों से केएनडी नहर टूटने से बच गई।

किसान शोपत गोदारा व अन्य किसानों ने बताया कि 14 केएनडी पुल के पास नहर में काफी मात्रा में केली जमा हो गई थी। इससे पानी का बहाव प्रभावित होने लगा और नहर टूटने की आशंका बनने लगी थी। किसानों ने बताया कि यदि समय रहते केली को बाहर नहीं निकलवाया जाता तो नहर टूट सकती थी। इससे आसपास के खेतों में पानी भरने और फसलों को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए किसानों ने आपस में चंदा एकत्र किया व निजी खर्च पर जेसीबी मंगवाई और नहर में जमा केली को बाहर निकलवाया। केली हटने से पानी का बहाव सुचारू हुआ व नहर टूटने से बच गई। किसानों ने एक-दूसरे के सहयोग से समय रहते काम पूरा किया।

विभाग की जिम्मेदारी किसानों ने निभाई

किसानों का कहना है कि नहरों की सफाई करवाना और पुलों के पास जमा केली को समय पर हटवाना सिंचाई विभाग की जिम्मेदारी है। इसके बावजूद किसानों को अपनी जेब से पैसे खर्च कर जेसीबी मंगवानी पड़ी। किसानों ने सवाल उठाया कि जब नहरों की देखरेख के लिए विभाग जिम्मेदार है तो फिर किसानों को चंदा एकत्र कर सफाई करवाने की नौबत क्यों आ रही है। नहर में केली जमा होने की समस्या पर विभागीय कर्मचारियों को पहले ही ध्यान देना चाहिए था। किसानों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि 14 केएनडी पुल के पास नहर की सफाई करवाई जाए तथा आसपास के हिस्से में भी जमा कैली को हटाया जाए। इसके साथ ही नहर की पटरी की देखरेख की जाए, ताकि भविष्य में नहर टूटने का खतरा पैदा नहीं हो। किसानों का कहना है कि केएनडी नहर क्षेत्र की खेती के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। नहर में पानी का बहाव बाधित होने से सीधे किसानों की फसलों पर असर पड़ता है। इस बार किसानों ने आपसी चंदा एकत्र कर जेसीबी मंगवाई और अपने प्रयासों से नहर को टूटने से बचा लिया। अब सिंचाई विभाग को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए नहर की नियमित सफाई करवानी चाहिए, ताकि किसानों को आगे भी अपनी जेब से पैसा खर्च नहीं करना पड़े।

सूरतगढ़ : नशे के लिए रुपए नहीं देने पर हत्या

पड़ोसी ने डंडे से सिर पर किया वार, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

सीमा सन्देश # सूरतगढ़



मृतक जितेंद्र कुमार व राजकीय चिकित्सालय में खड़े परिजन।

शहर के वार्ड नंबर 3 में बुधवार रात नशे के लिए रुपए देने से इनकार करने पर एक युवक ने अपने पड़ोसी के सिर पर डंडे से वार कर हत्या कर दी। इस वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गंभीर घायल युवक को परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को रात में ही हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान डिग्री कॉलेज के पीछे वार्ड नंबर 3 निवासी जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू (30) के रूप में हुई है। मृतक की पत्नी रजनदीप कौर ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि माणकसर निवासी प्रवीण बिश्नोई का उनके घर आना-जाना था और वह करीब तीन दिन पहले ही उनके पड़ोस में रहने आया था। बुधवार रात प्रवीण डंडा लेकर जितेंद्र के घर पहुंचा और नशे के लिए रुपए मांगने लगा। जितेंद्र के पास करीब 38 हजार रुपए थे, लेकिन उसने देने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ता देख जितेंद्र उसे समझाते हुए घर के बाहर ले गया, लेकिन वहां भी झगड़ा जारी रहा। शोर सुनकर रजनदीप कौर अपने भाई डेनिश के साथ बाहर आईं, तो देखा कि प्रवीण डंडे से जितेंद्र पर हमला कर रहा था। दोनों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, तभी आरोपी ने जितेंद्र के सिर पर घातक वार कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। शोर सुनकर मुमताज सहित आसपास के लोग भी मौके पर एकत्रित हो गए। परिजन जितेंद्र को तत्काल निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर सिटी थानाधिकारी कलावती चौधरी जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचीं और एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने रजनदीप कौर की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को रात में ही डिटेन कर लिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

ई-लाइब्रेरी शीघ्र शुरू करने की मांग

सीमा सन्देश # गजसिंहपुर। भीम आर्मी ने कस्बे में अंबेडकर ई-लाइब्रेरी को शीघ्र शुरू करने की मांग की है।

गौरतलब है कि नगर पालिका द्वारा लाइब्रेरी भवन तैयार कर दिया गया है, लेकिन शुभारंभ में देरी हो रही है।

संगठन का कहना है कि भवन तैयार होने के बाद भी उद्घाटन न होने से विद्यार्थियों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। लाइब्रेरी शुरू होने से गरीब व मेधावी विद्यार्थियों को निःशुल्क किताबें, ऑनलाइन स्टडी मटीरियल, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और ई-बुक डाउनलोड की सुविधा मिलेगी। भीम आर्मी ने प्रशासन से मांग की है कि शुभारंभ में और देरी न की जाए और लाइब्रेरी को जल्द विद्यार्थियों हेतु खोल दिया जाए।

नगरपालिका में मनाया संविधान दिवस, अधिकारियों व कर्मचारियों ने ली शपथ



सीमा सन्देश # खाजूवाला। नगरपालिका कार्यालय में गुरुवार को संविधान दिवस उत्साह और गरिमामय माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर नगरपालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारतीय संविधान के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए संविधान की प्रस्तावना के अनुरूप शपथ ली। कार्यक्रम में नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी सोहनलाल नायक ने उपस्थित पार्षदों एवं कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूत नींव है। संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है। साथ ही हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने की भी प्रेरणा देता है। इस दौरान नगरपालिका चेयरमैन मंगल सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान के आदर्शों और मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। संविधान ने देश के सभी नागरिकों को समान अधिकार देकर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान की है। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों ने संविधान की गरिमा बनाए रखने, लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करने तथा अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगरपालिका के पार्षद महेंद्र सेवटा, राजू सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

विद्यालय में किशोरियों के स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर कार्यशाला हुई



सीमा सन्देश # गजसिंहपुर। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बाहेती गजसिंहपुर में गुरुवार को किशोरियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. निर्मल कौर ने छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं स्वास्थ्य संबंधी बदलावों, स्वच्छता और स्वास्थ्य देखभाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं की जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का समाधान करते हुए उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

श्रीकरणपुर में कलश यात्रा निकाली, श्रीमद्भागवत कथा आज से शुरू



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। संन्यास आश्रम-शिव कुटिया के मुख्य पुजारी लोकेशानंद गिरी के सानिध्य में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 27 नवंबर से 3 दिसंबर तक होने जा रहा है। इस उपलक्ष में आज यहां श्रीअरोड़वंश मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली, जिसमें श्रीमद्भागवत के कथावाचक डॉ. श्री स्वामी महाराज शिवज्योतिषानन्द वेदान्ताचार्य (श्री संन्यास आश्रम, अजमेर) व स्वामी लोकेशानन्द जी गिरी, बाबा विश्वनाथ शिव, शनि, दक्षिण मुखी हनुमान मन्दिर (स्वामी जी की कुटिया) ने भी भाग लिया। समस्त क्षेत्र वासियों से श्रीमद्भागवत कथा श्रवण कर जीवन सफल बनाने का आग्रह किया गया।

फकीरवाली : नवनिर्वाचित सरपंच नरेन्द्र सिंह खोथ ने संभाला पदभार



सीमा सन्देश # फकीरवाली। ग्राम पंचायत 32 आरबी (फकीरवाली) से नव निर्वाचित सरपंच नरेन्द्र सिंह खोथ ने गत दिवस सरपंच पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व राज्य मंत्री सुरेन्द्र पाल सिंह टीटी के पुत्र समनदीप सिंह, निर्मल सिंह मांगट, पूर्व सरपंच रूपराम खोथ, किसान मोर्चा ईकाई के पूर्व अध्यक्ष रूपराम घोड़ेला सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता व ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने राजेन्द्र सिंह खोथ के कार्यभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दी। सरपंच खोथ ने कहा कि वे ग्राम पंचायत क्षेत्र में बिना भेदभाव के वरीयता के अनुसार ग्रामीणों के सहयोग से कार्य प्राथमिकता से करवाये जाएंगे। साथ ही राज्य व केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्रजनों को दिलवाने का प्रयास किया जाएगा।

तम्बाकू विक्रेताओं की कार्यशाला में नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प



सीमा सन्देश # गजसिंहपुर। संविधान दिवस के अवसर पर नगर पालिका में नशामुक्त श्रीगंगानगर अभियान के तहत तम्बाकू विक्रेताओं की कार्यशाला आयोजित की गई।


अधिशासी अधिकारी लाजपत बिश्नोई ने कहा कि प्रत्येक मोहल्ले, गांव और शहर को नशामुक्त बनाने के लिए सभी नागरिकों को सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने बताया कि तम्बाकू विक्रेताओं के लिए लाइसेंस व्यवस्था लागू की जा रही है तथा नियमों की पालना अनिवार्य होगी। कार्यशाला में राजस्व निरीक्षक राजेश कुमार ने संविधान के सम्मान और तम्बाकू मुक्त समाज की शपथ दिलाई।

बींझबायला मंडी में कृषि जिंसों की बोली व्यवस्था सुचारू करवाने की मांग



सीमा सन्देश # बींझबायला। कृषि उपज मंडी समिति रिड़मलसर के सब यार्ड बींझबायला में कृषि जिंसों की उचंति खरीद-फरोख्त और बोली व्यवस्था को लेकर मंडी सचिव को शिकायत दर्ज कराई गई है। जागरूक किसान उग्रसेन सहारण ने मंडी में बोली प्रक्रिया शुरू करवाने, उचती खरीद पर रोक लगाने तथा मंडी टैक्स की वसूली में कथित अनियमितताओं की जांच करवाने की मांग उठाई है। किसान का आरोप है कि मंडी में नियमानुसार खुली बोली व्यवस्था नहीं होने और उचती खरीद के चलते किसानों को अपनी कृषि जिंसों का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। आसपास की अन्य मंडियों में कृषि जिंसों के भाव अधिक मिलने के बावजूद बींझबायला मंडी में किसानों को अपेक्षाकृत कम भाव मिल रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सहारण ने मंडी समिति के कर्मचारियों और कुछ व्यापारियों की मिलीभगत पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि सब यार्ड में मंडी टैक्स से संबंधित रजिस्टरों में केवल खानापूर्ति की जा रही है तथा टैक्स चोरी के कारण मंडी समिति की वार्षिक आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है।

वर्ग पहली क्रमांक 7990



ó *बायें से दायें:-* 1) खलबली, 10) प्रभावी, 12) जो सीधा न हो, 3) एक भाषा, 13) अग्निक्रीड़ा, उबाऊ; फीका, 6) प्रायः, 19) विलंब; बहानेबाज़ी, 21) 8) मज़दूर, 9) मुफ़्त, नष्ट, 23) संपूर्ण, 24) तल- 10) अगला भाग, 11) वार के आघात को रोकने का रसीला, 12) अंत, 13) गोलाकार फलक, 26) व्यस्त- टालमटोल, 15) गति, 16) (उत्तरः अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर



बहुत, 17) घिनौना, 18) पक्षियों की विष्ठा, 20) सभ्यता, 22) जलीय अंश, 24) छप्परदार भोजनालय, 25) मद्यकक्ष, 27) छल, 28) जर्माऊ, 29) निर्बल.

ó *ऊपर से नीचे:-* 1) दूरभाष, 2) उचित, 3) पानी, 4) कुल, 5) सेवा-च्युत, 6) रुकना, 7)

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 27 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ -

2000 - फ्लोरिडा में डाले गये मतों की गिनती में जार्ज बुश 537 मतों से जीते, फ्लोरिडा में जीत के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति पद पर जार्ज बुश जूनियर का दावा।

2001 - हब्बल टेलीस्कोप ने सौर मंडल से बाहर ओसाइरस ग्रह पर हाइड्रोजन युक्त वायुमंडल की खोज की। सौरमंडल से बाहर ऐसे वायुमंडल वाला यह पहला ग्रह है।

2002 - बेलारूस के प्रधानमंत्री जेनेदी वी नोवित्सकी भारत यात्रा पर नयी दिल्ली आये।

2004 - अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अध्यक्ष जुआन सोमाविया भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुँचे।

2005 - फ्रांस में इजाबेल दिनोरे नामक महिला का दुनिया में पहली बार सफल आंशिक चेहरा प्रतिरोपण हुआ।

2007 - पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने अपने सैनिक साथियों से विदाई ली।

2008 - भारत के पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह का निधन।

2008- छठा वेतन आयोग देने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बना। केन्द्र सरकार सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के जजों के वेतन में तीन गुना बढ़ोत्तरी को हरी झण्डी दी।

2011 - भारत के प्रसिद्ध सारंगी वादक और शास्त्रीय गायक सुल्तान खान का निधन।

2012 - यूरोजोन ने वित्तीय संकट से जूझ रहे यूनान को 43.7 अरब यूरो का ऋण देने की घोषणा की।

2013 - दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एनिमेशन फिल्म 'फ्रोजन' रिलीज हुई।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 28 नवंबर (एनएनएस) शनिवार मार्गशीर्ष बदी पंचमी को बासमती चावल, गेहूं, जौ, जई, मक्की, बाजरा, सरसों, राजमा चित्रा, काबुली चना, तिल, देशी चना, मूंग, मटर, मसूर, उड़द, तुवर, मोठ, सोडाएश, धनिया, अमचूर, दालचीनी, जावित्री, इमली, कालीमिर्च, कलौंजी, जीरा, लौंग, कॉपर-पीतल, मैंथा ऑयल, पारा, हल्दी, राई, अरंडी तेल, ग्वार व ग्वार गम में लाभ तथा बिनौला व इसके तेल, रीठा, जायफल, मगज तरबूज, पोस्तदाना, किशमिश, मखाना, अंजीर, सोयाबीन, अजवायन, कपास, टिटेनियम डाइऑक्साइड, मोम, गुड़, चीनी, टिन, निकिल, सीसा में हानि हो सकती है। **भाग्यांक 1-2-7-8 है। यात्रा विचार-पश्चिम दिशा की ओर 3.36 बजे सायंकाल से पहले यात्रा शुभ होगी।**

आज का राशिफल

27 नवम्बर शुक्रवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष तृतीया, नक्षत्र - आर्द्रा, योग - शुभ, करण - विष्टि, दिशाशूल - पश्चिम, सूर्योदय 6.53 बजे, सूर्यास्त 5.33 बजे।

ग्रह स्थिति : सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-सिंह, गुरु, केतु-सिंह, बुध,शुक्र-तुला, राहु-कुंभ, शनि-मीन राशि में स्थित है।

मेष: करियर में नई पहल करने का अवसर मिल सकता है और काम में नई दिशा मिलेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं।

वृषभ: आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें और भावनाओं के बजाय समझदारी से फैसले लें। रिश्तों और साझेदारी पर ध्यान रहेगा।

मिथुन: बातचीत में शब्दों का चयन सोच-समझकर करें और धैर्य से काम लें। धन लाभ की संभावना बन सकती है, गोपनीय बातें साझा करने से बचें।

कर्क : अचानक खर्च बढ़ सकते हैं, इसलिए बजट और आर्थिक मामलों में सतर्क रहें। रिश्तों और महत्वपूर्ण फैसलों पर ध्यान देना होगा।

सिंह: लाभ मिलने में देरी हो सकती है, इसलिए वित्तीय संतुलन बनाए रखें। कामकाज में सतर्कता और धैर्य जरूरी है।

कन्या: कार्यक्षेत्र में छोटे कामों पर ध्यान देने से सफलता मिल सकती है। जल्दबाजी में निष्कर्ष निकालने से बचें।

तुला: यात्रा की योजना बन सकती है जो लाभदायक रह सकती है। निजी योजनाओं और नए अवसरों पर ध्यान रहेगा।

वृश्चिक: मानसिक शांति के लिए विचारों में स्पष्टता रखें। पुराने मामलों को सुलझाने या आगे बढ़ने का अवसर मिल सकता है।

धनु: पारिवारिक मामलों में आपका सहयोग रिश्तों को मजबूत करेगा। अपने जरूरी फैसलों पर दृढ़ रहने की आवश्यकता हो सकती है।

मकर: सूझबूझ से आगे बढ़ें और बजट के अनुसार चलें। सेहत को प्राथमिकता दें और तनाव कम करने का प्रयास करें।

कुंभ: पढ़ाई या नए विचारों और योजनाओं में रुचि बढ़ सकती है। भावनात्मक रूप से नई शुरूआत का भाव रह सकता है।

मीन: पारिवारिक मामलों में संवेदनशीलता और समझ से रिश्ते बेहतर होंगे। पुरानी आदतों या सीमाओं पर विचार करने का समय है।

सूरतगढ़ : संविधान रक्षा को एकजुट संघर्ष का आह्वान

संवैधानिक संस्थाओं व नागरिक अधिकारों की मजबूती पर जोर

सीमा सन्देश # सूरतगढ़।



देश के संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों व संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा के संकल्प के साथ कांग्रेस की ओर से संविधान रक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक जनसेवा केंद्र में ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में वक्ताओं ने संविधान के आदर्शों की रक्षा, नागरिक अधिकारों की मजबूती व सामाजिक न्याय के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया ने कहा कि भारतीय संविधान देश की आत्मा है और इसकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक मूल्यों व संवैधानिक परंपराओं को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गांव-गांव व ढाणी-ढाणी तक पहुंचकर आमजन को संविधान के महत्व और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना होगा। पूर्व उपप्रधान कृष्ण गोदारा ने कहा कि युवाओं को संविधान के बारे में पढ़ने व उसके मूल्यों की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष वेदप्रकाश कड़वासरा ने कहा कि युवाओं को रोजगार, किसानों को फसलों का उचित मूल्य व महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाना सरकार की जिम्मेदारी है। युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता योगेश मेघवाल ने कहा कि बाबा साहब के संविधान ने दलितों, वंचितों और पिछड़े वर्गों को समानता व सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिया है। पार्षद नीरू मुंजाल ने महिला सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार व राजनीतिक भागीदारी को मजबूत बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में ओमप्रकाश गेदर, सुभाष सुथार, भवानी शंकर भोजक, किशोर गाबा, पार्षद राजेश वर्मा, सुनीता वाल्मीकि, कौशल्या देवी, रेखा धुआ, देव मौर्य, पवन गेदर, रविंद्र सैनी, रोहताश सैनी, बालूराम जालप, इंद्राज कालवा, लेखराम बारूपाल, साहबराम छिम्पा, रामअवध यादव, सिकंदर खान, राजेश कड़वासरा आदि उपस्थित रहे। यूथ कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता योगेश मेघवाल ने संचालन करते हुए आभार जताया।

संविधान दिवस पर संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ



श्रीगंगानगर।

चौ.बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय विशेष कार्यक्रम आओ संविधान को जानें के अंतर्गत 26 नवंबर को संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। इनका शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य प्रो. पूनम सेतिया ने छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलवाने तथा भारतीय संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक पाठ के साथ किया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो.पूनम सेतिया ने संविधान के मूल्यों, लोकतांत्रिक आदर्शों तथा नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सोहनलाल ने संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन एवं संघर्षों पर आधारित प्रेरणादायी फिल्म भी दिखाई गई। डॉ. भीमराव अंबेडकर फाउंडेशन (अंबेडकर पीठ), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर के निर्देशानुसार राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण में डॉ अंबेडकर का योगदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता करवाई गई। आयोजन में राजनीति विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य श्रीरिमा यादव ने सक्रिय भूमिका निभाई।

करणी ने फायरिंग में जीता गोल्ड मेडल

श्रीगंगानगर। चौ. बल्लूराम गोदारा कन्या महाविद्यालय की छात्रा और 15 राज बटालियन एनसीसी की अंडर ऑफिसर करणी ने फायरिंग में गोल्ड मेडल जीतकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। स्थानीय 15 राजस्थान बटालियन, एनसीसी की ओर से 16 से 25 नवंबर तक टांटिया विश्वविद्यालय में आयोजित एनुअल ट्रैनिंग कैंप-सैकेंड में करणी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने फायरिंग में गोल्ड मेडल के साथ बेस्ट सीनियर का पुरस्कार भी जीता। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल यदुकुल भूषण ने उन्हें मेडल प्रदान किया।



डीएवी कॉलेज में संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित



श्रीगंगानगर। डीएवी कॉलेज में संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. मीनू पूनिया ने विद्यार्थियों को बताया कि भारतीय संविधान लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार है। उन्होंने संविधान के मूल्यों को जीवन में अपनाने, अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने तथा देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में डॉ. जसप्रीत सिंह, डॉ. अनिल सिहाग, अंजलि सिंह, डॉ. शिल्पा चौधरी, अनु गोदारा तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संजय गौड़ व रोहित बिश्नोई उपस्थित रहे।

शिवाजी नगर सेकेंड में सीवरेज ओवरफ्लो, ज्ञापन सौंपा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

वार्ड नंबर 48 (3 ई छोटी) स्थित शिवाजी नगर सेकेंड में लंबे समय से व्याप्त सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है। मंगलवार को इस गंभीर जनसमस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर भाजपा नेता रजत स्वामी ने आरयूआईडीपी के अधीक्षण अभियंता को पत्र सौंपा और इसकी एक प्रति जिला कलेक्टर को भी प्रेषित की। रजत स्वामी ने बताया कि शिवाजी नगर सेकेंड में बनवारी चारण के घर के आसपास निर्माण एजेंसी एलएंडटी द्वारा डाली गई सीवरेज लाइन पूरी तरह अवरुद्ध हो चुकी है। इसके चलते सीवरेज का दूषित व बदबूदार पानी लगातार सड़कों और मुख्य गलियों में बह रहा है। जलभराव और कीचड़ के कारण क्षेत्र में संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा मंडरा रहा है, वहीं बुर्जुगों, महिलाओं, बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों का आवागमन भी दूभर हो गया है। स्वामी ने पत्र के माध्यम से सीवरेज चैंबर व पाइपलाइन की तकनीकी जांच करवाने तथा एलएंडटी कंपनी से उच्च क्षमता की मशीनों द्वारा लाइन की तत्काल सफाई व मरम्मत करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बार-बार शिकायतों के बावजूद सुनवाई न होना दुर्भाग्यपूर्ण है और प्रशासन को अविलंब आमजन को राहत देनी चाहिए। इस अवसर पर समाजसेवी महेंद्र चांवरिया और बनवारी चारण सहित कई स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरयूआईडीपी के अधीक्षण अभियंता प्रदीप कुमार मीणा ने जल्द ही समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया है।

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : मूंग 7985-5100 (आ. 589 क्विं.), ग्वार 7892-6700 (आ. 370 क्विं.), नरमा 8895-8100 (आ. 2497 क्विं.), सरसों 9545-9100 (आ. 102 क्विं.), कपास 8945-8450, मक्का 2911-2815 (आ. 170 क्विं.), बाजरा 2735-2591 (आ. 244 क्विं.), गेहूं 2621 (आ. 3 क्विं.), **गजसिंहपुर** : सरसों 9376-9279, ग्वार 7831-7400, मूंग 8330-7101, नरमा 8980-7800, कपास 8401, बाजरा 2691-2690, जौ 2601-2500, गेहूं 2711, **करणपुर** : नरमा 9150-9300, कपास 8500, ग्वार 7731-7895, मूंग 7800-7995, सरसों 9135, **रायसिंहनगर** : ग्वार 7926-7750, बाजरी 2880-2700, चना 7451-6925, सरसों 9850-9500, मूंग 8411-7500, नरमा 8880-8550, **जैतसर** : सरसों 9238-9138, मूंग 8471-7400, ग्वार 8070-7400, नरमा 9190-8000, कपास 8991-8500, गेहूं 2771-2600, **घड़साना** : नरमा 9065-8600, मूंग 8475-6700, ग्वार 7875-7570, मूंगफली 7100, सरसों 9184-7676, **सबमंडी यार्ड रीको** : गेहूं 2780-2200, सरसों 9670-5500, पीली सरसों 9820-6200, ग्वार 7855-6500, मूंग 8050-5000, नरमा 8860-8000, बाजरी 2711-2000, कपास 9074-7000

किरयाना

धनिया 19000-22000, हल्दी 23000-26000, जीरा 28000-31000, अजवाइन 22000-23000, सौंफ 18000-29000, मेथी 8700, खोपरा 1880, गट गोला 400 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1450, आटा (45 किग्रा.) 1430, सूजी 1500, बेसन 9200, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 9800, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11300-11800, अरहर दाल 13500-14500, दाल मसूर 7800, दाल चना 8600, देशी चना 8800, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5500, गुड़ पेड़ी 5200, गुड़ शिवलिंग 6800, गुड़ बर्फी 5500, चीनी महाराष्ट्र 5800-5900, चीनी एल 6100, चीनी एस 5900, चीनी गंगानगर -

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति: 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-170 रु., तेल रिफाइंड 148-160 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 580-650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 590 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 690 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 690 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं. : कपास 8700, नरमा व्यापारी 9000, बाजरा 2701, ग्वार 7756, मूंग व्यापारी 7775, धान पीएफ व्यापारी 2211, धान मुछल 5150, धान 1509 4330, **डबली राठान:** नरमा व्यापारी 8985, गेहूं व्यापारी 2751, ग्वार 7901, **हनुमानगढ़ टाउन:** कपास 8850, नरमा व्यापारी 9143, ग्वार 7690, मूंग व्यापारी 7660, धान पीएफ व्यापारी 2000, धान मुछल 5200, **रावतसर** : कपास 8511, नरमा व्यापारी 8960, गेहूं व्यापारी 2700, बाजरा 2690, ग्वार 7870, मूंग व्यापारी 7900, मोठ 9300, सरसों व्यापारी 9489, तिल 19200, अरंडी 7361, मूंगफली व्यापारी 7840, **नोहर** : गेहूं व्यापारी 2830, जौ 3057, ग्वार 7500, मूंग व्यापारी 8000, मोठ 9570, सरसों व्यापारी 9750, तिल 19000, अरंडी 7600, मूंगफली व्यापारी 8020, **संगरिया** : नरमा व्यापारी 8750, गेहूं व्यापारी 2670, बाजरा 2700, ग्वार 7653, मूंग व्यापारी 7790, **गोलूवाला** कपास 8681, नरमा व्यापारी 8950, गेहूं व्यापारी 2610, बाजरा 2770, चना व्यापारी 7761, मूंग व्यापारी 7650, मोठ 8600, सरसों व्यापारी 9635, तिल 18300, अरंडी 7800, **पीलीबंगा** : कपास 9100, नरमा व्यापारी 9000, बाजरा 2613, ग्वार 7982, मूंग व्यापारी 8100, सरसों व्यापारी 9100, धान पीएफ व्यापारी 2050, धान मुछल 4675

गंगनहर का वरीयताक्रम

27 नवम्बर 2026, शुक्रवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
डी-भागसर	268 (7)	21 नवम्बर रात्रि 12 बजे	29 नवम्बर प्रातः 9 बजे
बीआईएफ+जे	309 (7)	21 नवम्बर रात्रि 12 बजे	29 नवम्बर प्रातः 9 बजे
एच	616 (4)	24 नवम्बर दोपहर 12 बजे	02 दिसम्बर प्रातः 3 बजे
पीएस	776 (4)	24 नवम्बर सायं 3 बजे	02 दिसम्बर प्रातः 6 बजे
समेजा	978 (2)	26 नवम्बर दोपहर 12 बजे	04 दिसम्बर प्रातः 3 बजे
आरबी	1248 (2)	26 नवम्बर सायं 3 बजे	04 दिसम्बर प्रातः 6 बजे
एचएच	1283		
रिडमलसर	1294		
फार्म	1355		
एमएल	1415		
एमएलए	1456		
हिरणांवाली	1478		
नेतेवाला	1499		
जीजी	1700		
करणीजी	2030		
केके	2043		
जैड	2198		27 नवम्बर रात्रि 12 बजे
बीबी	2396		27 नवम्बर दोपहर 12 बजे
वाई	2427		26 नवम्बर रात्रि 9 बजे
एलएनपी	2704		26 नवम्बर प्रातः 9 बजे
एमके	2802		26 नवम्बर प्रातः 6 बजे
एफ	3305		24 नवम्बर दोपहर 12 बजे
ईईए	3365		21 नवम्बर प्रातः 9 बजे

नोट : गंगनहर में गुरुवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1509 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	7234	साहवा	121
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	2550
एनडी	460	कंवरसैन	540
रावतसर	55	बिरधवाल हैड से नीचे	3366
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

गुरुवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 26.11.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1631.93
पानी की आवक - 5461 क्यूसेक, निकासी- 9600 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 135275
पानी की आवक- 2687 क्यू., निकासी- 12189 क्यू., बीकानेर - 2040

सार्दुल ब्रांच 785, करणीसिंह ब्रांच- 415, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

21 नवम्बर से 29 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

संगरिया	16	अमरपुरा	1317
भगतपुरा	54	मोरजण्डा	1527
सूरतगढ़	259	रतनपुरा	1538
नगराना	267	नाथवाना	1566
लीलांवाली	515	प्रतापपुरा	1671
भाखरांवाली	565	हरिपुरा	1684
करनीसिंह	920	दीनगढ़	1697
मम्मड़खेड़ा	1115	सूरतपुरा	1706
जोड़कियां	1200	मोडिया	1866
नवां-सतीपुरा	1211	लोंगवाला	2001
रोड़ांवाली	1224	पीलीबंगा	2216

आईटी कंपनियों में लिवाली से तेजी जारी

मुंबई, (वार्ता) विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच आईटी कंपनियों में लिवाली से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 10 महीने से अधिक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स 390.31 अंक चढ़कर 84,328.59 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 भी 65.25 अंक के साथ 25,884.50 अंक पर पहुंच गया। आईटी कंपनियों में लिवाली से निफ्टी आईटी सूचकांक 3.66 प्रतिशत मजबूत हुआ। अमेरिका एनवीडिया के शेयरों में उछाल से इस सेक्टर में तेजी आयी है। फार्मा, स्वास्थ्य, तेल एवं गैस और रसायन सेक्टरों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 13 के शेयर ऊपर बंद हुए। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस, इंफोसिस और टेक महिंद्रा का के शेयर चढ़े। आईटी सेक्टर की कंपनियां हैं। एचडीएफसी बैंक, टाटा स्टील, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एनटीपीसी में मजबूती दर्ज की गई। सन फार्मा में भी तेजी रही। नुकसान उठाने वालों में एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, आईसीआईसीआई बैंक, इंडिगो, भारती एयरटेल और मारुति सुजुकी के शेयर लुढ़क गए।

सूरतगढ़ में बेसहारा नंदियों को नंदीशाला भेजने का अभियान शुरू

सड़कों पर खुले में पशु छोड़ने वाले पशुपालकों पर होगी जुर्माना कार्रवाई



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष ज्योति कंवर राठौड़ लगातार मुस्तैद बनी हुई हैं। उन्होंने शहर में सैकड़ों की संख्या में घूम रहे बेसहारा गोवंश को सुरक्षित आश्रय देने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। अभियान के पहले दिन प्राचीन ढाब के पास स्थित प्राचीन श्री शनि मंदिर के सामने और आसपास के क्षेत्र से 15 नंदियों को पकड़कर वाहनों से नंदीशाला भिजवाया गया। शहर की सड़कों व प्रमुख मार्गों पर झुंड में घूमते बेसहारा पशुओं के कारण आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है और वाहन चालक चोटिल होते हैं। इससे यातायात व सफाई व्यवस्था भी प्रभावित होती है। वहीं, भोजन की तलाश में भटकने वाले गोवंश कचरे के ढेरों से पॉलिथीन और अन्य अवशिष्ट पदार्थ खाकर असमय काल का ग्रास बन रहे हैं। ऐसे में नगरपालिका की यह कार्रवाई सड़क हादसों पर रोक लगाने के साथ गोवंश संरक्षण में भी अहम है। अधिशासी अधिकारी गणपत राम के निर्देशन तथा स्वच्छता निरीक्षक मनिंदर सारसर व सहायक मनोज कुमार धोल की देखरेख में यह अभियान चलाया गया। नंदियों को पकड़ने में जेसीबी चालक तारेस, ट्रैक्टर चालक हरीश कुमार, टेंपो चालक अजय कुमार और सफाई कर्मचारी मुकेश, शंकर, कुलदीप, मोतीराम, रवि कुमार, मंतूराम व राजू ने सक्रिय सहयोग दिया। पालिकाध्यक्ष ज्योति कंवर राठौड़ ने कहा कि आमजन की सुरक्षा व गोवंश को सुरक्षित स्थान दिलाने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़कों पर खुले में पशु छोड़ने वाले पशुपालकों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई व जुमार्ना लगाया जाएगा।

नवनिर्वाचित सरपंच तरसेम लाल मित्तल ने संभाला कार्यभार

2 एमएलडी को आदर्श बनाने का संकल्प लिया



सीमा सन्देश # घड़साना। ग्राम पंचायत 2 एमएलडी में गुरुवार को नवनिर्वाचित सरपंच तरसेम लाल मित्तल ने विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण कर गांव के विकास की नई जिम्मेदारी संभाली। कार्यभार ग्रहण की यह प्रक्रिया ग्राम विकास अधिकारी कमल कुमार एवं कनिष्ठ सहायक लालचंद वर्मा की मौजूदगी में संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान सरपंच और वार्ड पंचों ने ग्रामीणों का आभार जताते हुए पंचायत के सर्वांगीण विकास तथा आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। नवनिर्वाचित सरपंच तरसेम लाल मित्तल जनसेवा के प्रति समर्पण और अपने लंबे पंचायती अनुभव के कारण क्षेत्र में विशिष्ट पहचान रखते हैं। 16 नवंबर को संपन्न हुए सरपंच चुनाव में ग्रामीणों ने उन पर विश्वास जताते हुए ग्राम पंचायत 2 एमएलडी (ए) की कमान सौंपी थी। इससे पूर्व वे दो बार वार्ड पंच और एक बार उपसरपंच के पद पर भी रह चुके हैं, जिससे उन्हें जमीनी स्तर के प्रशासन की गहरी समझ है। अब सरपंच के रूप में उन्हें गांव के विकास को नई दिशा देने का अवसर मिला है। कार्यभार संभालने के बाद सरपंच तरसेम लाल मित्तल ने कहा कि ग्राम पंचायत 2 एमएलडी को आदर्श पंचायत के रूप में विकसित करना उनका सबसे बड़ा लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि गांव की प्रत्येक समस्या का समाधान करना, मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना और विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा और आपसी सहयोग व सामूहिक भागीदारी से विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। साथ ही उन्होंने पंचायत के प्रत्येक व्यक्ति को साथ लेकर चलने तथा ग्रामीणों के सुझावों को पूरा महत्व देने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी मतदाताओं, बुजुर्गों, युवाओं एवं समर्थकों का आभार व्यक्त किया।

राजकीय कन्या महाविद्यालय पदमपुर में उत्साहपूर्वक मनाया गया संविधान दिवस



सीमा सन्देश # पदमपुर। राजकीय कन्या महाविद्यालय, पदमपुर में 26 नवंबर 2026 को संविधान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश तिवारी के निर्देशन में संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के निर्माण, उसकी विशेषताओं तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में उसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्राचार्य प्रोफेसर ओम प्रकाश तिवारी ने अपने संदेश में संविधान को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार बताते हुए विद्यार्थियों को संविधान में निहित मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने तथा एक जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता के संवैधानिक आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने एवं मौलिक कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी में संवैधानिक मूल्यों, राष्ट्रीय एकता, लोकतांत्रिक चेतना एवं सामाजिक समरसता की भावना विकसित करना रहा। महाविद्यालय की छात्र वर्षा ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर उपस्थित महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. हरीराम शास्त्री , धरमीत सिंह, सुश्री मनीषा सिहाग , श्रीमती किरणदीप कौर , कर्मजीत सिंह, डॉ. दिनेश कालड़ा, डॉ. महेंद्र ढूँढाड़ा ने अपने विचार रखते हुए उपस्थित सभी छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का समापन संविधान के आदर्शों को अपनाने एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के संकल्प के साथ हुआ।

कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर
क्रमांकः राजकाज रेफ नम्बर दिनांकः
आपत्ति सूचना
सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थी श्री गोविन्द राम माता बिमला देवी पत्नी श्री विलायतीराम ने आवेदन पत्र, शपथ पत्र, व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 1/362 जवाहरनगर, श्रीगंगानगर साईज 59.06 स्कैवरमीटर दक्षिण दिशा में खुलता हुआ अपने नाम से परिषद रिकार्ड में दर्ज कर नामांतरण करवाने हेतु निवेदन किया है। 215930 यह कि प्रसनगत प्लाट प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार भूखण्ड संख्या 1/362 जवाहरनगर, श्रीगंगानगर साईज 59.06 स्कैवरमीटर को कन्वेस डीड व परपचुअल लीज कार्यालय आवासन मण्डल, खण्ड हनुमानगढ़ द्वारा श्री सूरज गोयल पुत्र श्री द्वारका दास के नाम से जारीशुदा है। जो पंजीकृत है। श्री सूरज गोयल पुत्र श्री द्वारका दास ने जरिये पंजीकृत बैनामा दिनांक 22.11.2007 द्वारा भूखण्ड संख्या 1/362 जवाहरनगर, श्रीगंगानगर साईज 59.06 स्कैवरमीटर श्रीमती बिमला देवी पत्नी श्री विलायती राम बंसल को विक्रय कर दिया। श्रीमती बिमला देवी पत्नी श्री विलायती राम बंसल ने अपने जीवन काल में भूखण्ड संख्या 1/362 जवाहरनगर, श्रीगंगानगर साईज 59.06 स्कैवरमीटर दक्षिण दिशा में खुलता हुआ की वसीयत अपने पुत्र श्री गोविन्द राम माता बिमला देवी पत्नी श्री विलियतीराम के हक में कर दी। वसीयत दिनांक 16.05.2016 को पंजीकृत है। उपरोक्तानुसार नामांतरण चाहा गया है। नामांतरण जारी करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के बाद नामांतरण जारी करने की कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात कोई उज्जर मान्य नहीं होगा। **आयुक्त नगरपरिषद, श्रीगंगानगर**

सूरतगढ़ पीजी कॉलेज में मनाया संविधान दिवस

सूरतगढ़। सूरतगढ़ पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ महाविद्यालय सचिव वरुण गर्ग ने करते हुए कहा कि संविधान किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र की आधारशिला है। मुख्य वक्ता संविधान विशेषज्ञ प्राचार्य डॉ. नारायण छींपा ने मौलिक अधिकारों व वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी संजय जैन ने भारत की विविधतापूर्ण सामाजिक व सांस्कृतिक संरचना का उल्लेख करते हुए संविधान निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी दी। इस दौरान व्याख्याता किशन, जितेंद्र परनामी, गौरीशंकर, करण सुथार सहित स्वयंसेवक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

युवती की चाकू से गोदकर हत्या के आरोपी युवक को आजीवन कारावास

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। युवती की हत्या के मामले में अपर सेशन न्यायाधीश श्याम कुमार व्यास द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। जानकारी के अनुसार 24 अक्टूबर को 59 एफ निवासी एक महिला ने ने अपने भाई के साथ राजकीय चिकित्सालय श्रीगंगानगर में पुलिस थानाधिकारी गजसिंहपुर के समक्ष जानकारी देते हुए बताया था कि उसके दो पुत्रियां हैं। एक बेटी जयपुर में किसी मोबाइल कंपनी में काम करने लगी, जहां उसकी जान-पहचान सुखपाल पुत्र गंगाराम निवासी 4 एडीएस पुलिस थाना पूगल जिला बीकानेर से हुई थी। वह उनके घर आने जाने लगा। एक दिन शराब पीकर आया व झगड़ा करने लगा और बेटी को उठाकर ले जाने की धमकी दी। जब वह जोर-जबरदस्ती करने लगा तो लड़की ने बचाव के लिए सुखपाल का सामना किया। इस घटनाक्रम में घायल युवती को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई थी। युवती से शादी न होने से नाराज हुए आरोपी सुखपाल ने 24 अक्टूबर 2020 को 25 वर्षीय राजकौर की 59 एफ गांव में स्थित घर मे घुसकर हत्या की थी, जिस मामले में सजा सुनाई गई है। आरोपी सुखपाल निवासी 4 एडीएम थाना पूगल को आजीवन कारावास की सजा और 25 हजार का अर्थदंड, अदम अदायगी 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। सेशन न्यायधीश श्यामकुमार व्यास ने यह निर्णय सुनाया। राज्य सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक एडवोकेट इंद्रजीत सिंह ने पैरवी की।

आर.एम.पी. चिकित्सकों की बैठक कल

श्रीगंगानगर। राजस्थान आर.एम.पी चिकित्सक संघ की एक बैठक 28 नवम्बर को पुरानी आबादी स्थित श्रीकृष्णा मंदिर में आयोजित की जाएगी। संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. जी.आर. वर्मा ने बताया कि बैठक का समय दोपहर एक बजे रखा गया है। इसमें प्रदेश सरकार द्वारा चिकित्सकों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही को रुकवाने को लेकर आगामी रणनीति तैयार करने पर चर्चा की जाएगी। बैठक में जिले भर से आर.एम.पी. चिकित्सक भाग लेंगे।

संविधान दिवस पर समारोह आयोजित

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। राजस्थान वाल्मीकि महासभा की ओर से वाल्मीकि मंदिर में संविधान दिवस पर समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान लोठ परिवार के सदस्यों ने वाल्मीकि मंदिर में आरती की। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। समाजबंधुओं ने परस्पर मिठाई खिलाकर संविधान दिवस की खुशियां साझा की। वाल्मीकि महासभा के प्रदेशाध्यक्ष अमित कल्याणा ने कहा कि भारतीय संविधान ने देश के गरीबों, मजदूरों व वंचित वर्गों को अधिकारों के साथ सम्मानपूर्वक जीवन जीने का आधार दिया है। आज दलित समाज अपनी अलग पहचान व अधिकारों के साथ आगे बढ़ रहा है तो इसमें संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका है। वाल्मीकि समाज की ओर से संविधान की प्रतिज्ञा ली गई। समारोह में पार्षद सुनीता वाल्मीकि, अ.भा. सफाई मजदूर कर्मचारी संघर्ष समिति की अध्यक्ष रेखा घुसर, भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के अध्यक्ष अमित कंडारा, महाराज मंगल दास धारु, भाजपा नेता सागर सिंह सिकलीगर, अमरचंद नायक, महेंद्र भाटिया, किरण बाला वाल्मीकि, माया देवी वाल्मीकि, संजय वाल्मीकि, दलीप लोठ, रविंद्र लोठ, ममता लोठ, बबली देवी लोठ, रक्षित लोठ, लक्ष्य लोठ, रिया लोठ आदि मौजूद रहे।

केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर संभाग-हनुमानगढ़, मुख्यालय : श्रीगंगानगर
CENTRAL GOODS AND SERVICE TAX DIVISION-HANUMANGARH, HQRS AT SRI GANGANAGAR
सीमा शुल्क भवन, सुखाडिया नगर, श्रीगंगानगर
Customs Office Building, Sukharia Nagar, Sriganganagar
(Division code-WN09) Phone 0154-2480050
Mail address- wn09cgst@gmail.com/ac.div-i@gov.in
F. No. I/4/HRNG/18/2026-CGST-DIV-I-SGNR / 480 **दिनांक** : 25-11-2026
NOTICE INVITING E-TENDER FOR HIRING OF OFFICE PREMISE AT RAWATSAR ON RENT FOR AN INITIAL PERIOD OF THREE YEARS
Online e-tenders are invited for and on behalf of the President of India by the Assistant Commissioner, CGST Division-Hanumangarh (At Sriganganagar) for hiring of office building at Rawatsar station on monthly rent basis of carpet area of about 200 sq. mtrs. initially for a period of three years extendable by mutual consent for any further period. The tender documents will be available on official website https://eprocure.gov.in/ and departmental website https://centralexcisejaipur.nic.in from 26.11.2026 and the bid forms and other details can be obtained from there. Bids shall be submitted online at CPPP website : https://eprocure.gov.in/eprocure/app. and in two parts viz. technical bid and financial bid. The offers submitted by Post/Courier/Telegram/Fax/email etc. shall not be entertained. Any changes/modification will be circulated thorough website only.
- (विजय प्रकाश वर्मा), सहायक आयुक्त

कार्यालय वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक, रीको, उद्योग विहार श्रीगंगानगर
क्रमांकः 8595 **आपत्ति सूचना** दिनांकः26.11.2026
यह है कि रीको इकाई कार्यालय श्रीगंगानगर (राज.) एवं मैसर्स बिल्डिंग मेटल इण्डस्ट्रीज के मध्य दिनांक 05.08.1996 को औद्योगिक भूखण्ड संख्या जी1-138 (डी) औद्योगिक क्षेत्र उद्योग विहार प्रथम चरण श्रीगंगानगर का लीज एग्रीमेन्ट निष्पादित किया गया जो कि कार्यालय उपर्युक्तायक, श्रीगंगानगर में पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 690 के पृष्ठ संख्या 81 क्रम संख्या 1113 पर पंजीबद्ध तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 366/34 के पृष्ठ संख्या 88 से 92 पर चस्पा किया हुआ है। आवेदक श्री जगनन्दन सिंह पुत्र श्री नछतर सिंह के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर सूचित किया है कि उक्त भूखण्ड की मूल लीज एग्रीमेन्ट दस्तावेज गुम हो चुके हैं जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट राजस्थान पुलिस को एल.आर. नं. 1638505/2022 दिनांक 22.11.2022 के द्वारा ऑनलाइन दर्ज करवाई जा चुकी है। आवेदक श्री जगनन्दन सिंह पुत्र श्री नछतर सिंह के द्वारा दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड अपने नाम हस्तान्तरण करवाये जाने हेतु आवेदन किया है। अतः यदि किसी व्यक्ति/बैंक/वित्तीय संस्था आदि को भूखण्ड का हस्तान्तरण श्री जगनन्दन सिंह के पक्ष में किये जाने के सम्बन्ध में कोई आपत्ति/आक्षेप हो तो 30 दिवस में अपना एतराज रीको कार्यालय श्रीगंगानगर में दर्ज करावें अन्यथा नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। **इकाई प्रभारी, रीको, श्रीगंगानगर**

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड हनुमानगढ़
क्रमांकः-3519 दिनांकः-26/11/2026
"आम-सूचना"
राजस्थान आवासन मण्डल की सामान्य पंजीकरण योजना में श्री देशराज पुत्र श्री रघुनाथ ने आवास आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवंटी को आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग आवास संख्या-3/145 पुरानी आवासीय योजना, राजस्थान आवासन मण्डल, हनुमानगढ़ के आवंटन पत्र क्रमांक 44 दिनांक 15.02.1986 को आवंटित किया गया। उक्त आवास का कब्जा श्री देशराज को दिया गया। श्री सुरेश कुमार के पक्ष में अदैय प्रमाण पत्र क्रमांक 3394 दिनांक 19.10.2006, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र क्रमांक 3395 दिनांक 19.10.2006 व पंजीयन प्रपत्र क्रमांक 3074 दिनांक 07.12.2006 को जारी किये गये। जो कि दिनांक 03.01.2007 को उप पंजीयक कार्यालय हनुमानगढ़ में पंजीबद्ध करवा लिया। श्री सुरेश कुमार की मृत्यु दिनांक 14.01.2016 को होने के पश्चात उनकी पत्नि श्रीमति पूजा शर्मा ने उक्त आवास को अपने नाम हस्तातरण हेतु नियमानुसार आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किये है, जिसके क्रम में उक्त आवास श्रीमति पूजा शर्मा के नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः यदि किसी हितधारी को उक्त संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में विधिवत रूप से लिखित में मय साक्ष्य आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा अवधि समाप्ति के बाद मण्डल नियमानुसार आवास सं.-3/145, रा.आ.मं., पुरानी आवासीय योजना, हनुमानगढ़, श्रीमति पूजा शर्मा के नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
- **आवासीय अभियन्ता राज. आवासन मण्डल खण्ड हनुमानगढ़**

कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर
क्रमांकः-राजकाज रेफ नम्बर 25610941 दिनांकः-26/11/2026
आपत्ति सूचना
सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थी श्री मनोज कुमार नरूला पुत्र श्री मोहन लाल ने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 39 एफ ब्लॉक श्रीगंगानगर का साईज 17.6 गुणा 50 फीट, उत्तर दिशा में खुलता हुआ अपने नाम से परिषद रिकार्ड में दर्ज कर नामान्तरण करवाने हेतु निवेदन किया है। 203366 17.11.2026 यह है कि प्रसनगत भूखण्ड प्रस्तुत दस्तावेजो अनुसार जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 25.02.1963 द्वारा भूखण्ड संख्या 39 एफ ब्लॉक श्रीगंगानगर साईज भूखण्ड का करीब चौथा हिस्सा श्रीमती ईशवर देवी बेवा श्री सुखराम से मंगूराम पुत्र श्री झांगीराम का क्रयशुदा है। श्रीमती ईशवर देवी बेवा श्री सुखराम ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 08.07.1968 द्वारा भूखण्ड संख्या 39 एफ ब्लॉक श्रीगंगानगर का 1/4 हिस्सा दरमियाना साईज 17.6 गुणा 50 फीट श्री गुरचरन लाल भाटीया पुत्र श्री विशनदास भाटीया को विक्रय कर दिया। श्री गुरचरन लाल भाटीया पुत्र श्री विशनदास भाटीया ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 12.03.2010 द्वारा भूखण्ड संख्या 39 एफ ब्लॉक श्रीगंगानगर का साईज 17.6 गुणा 50 फीट, उत्तर दिशा में खुलता हुआ श्री मनोज कुमार नरूला पुत्र श्री मोहन लाल को विक्रय कर दिया। उपरोक्तानुसार नामांतरण चाहा गया है। नामांतरण जारी करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के बाद नामांतरण जारी करने की कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात कोई उज्र मान्य नहीं होगा। - **आयुक्त नगरपरिषद, श्रीगंगानगर**

कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर
राजकाज रेफ नं. 25603313 **आपत्ति-सूचना** दिनांकः- 26/11/2026
सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थीयान श्रीमती आशु मिढा पत्नी श्री गुलशन मिढा एवं श्रीमती नीलम मिढा पत्नी श्री अर्जुन देव मिढा ने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत जोहाता संख्या 60 एल ब्लॉक, श्रीगंगानगर का निस्फ शर्की हिस्सा 14 गुणा 50 फीट अपने नाम से परिषद रिकार्ड में दर्ज कर नामान्तरण करवाने हेतु निवेदन किया हैं। 216276 यह कि प्रसनगत भूखण्ड प्रस्तुत दस्तावेज अनुसार श्रीमती गंगी बाई पत्नी श्री चेत सिंह से जरिये पंजीकृत बैनामा दिनांक 10.02.1978 को अहाता संख्या 60 एल ब्लॉक, श्रीगंगानगर का निस्फ शर्की हिस्सा 14 गुणा 50 फीट शामलात पुत्र श्री हन्साराज ने क्रय किया। जरिये पंजीकृत बैनामा दिनांक 22.08.1978 को अहाता संख्या 60 एल ब्लॉक, श्रीगंगानगर का निस्फ शर्की हिस्सा 14 गुणा 50 फीट शामलात पुत्र श्री हन्साराज ने श्री संजय कुमार पुत्र श्री पृथ्वी राज को विक्रय कर दिया। जरिये पंजीकृत बैनामा दिनांक 28.02.2008 द्वारा श्री संजय कुमार पुत्र श्री पृथ्वी राज ने अहाता संख्या 60 एल ब्लॉक, श्रीगंगानगर का निस्फ शर्की हिस्सा 14 गुणा 50 फीट श्रीमती आशु मिढा पत्नी श्री गुलशन मिढा एवं श्रीमती नीलम मिढा पत्नी श्री अर्जुन देव मिढा को विक्रय कर दिया। उपरोक्तानुसार प्रार्थी द्वारा नामांतरण चाहा गया है। नामांतरण जारी करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के बाद नामांतरण जारी करने की कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी।इसके पश्चात कोई उज्र मान्य नहीं होगा। **आयुक्त, नगरपरिषद, श्रीगंगानगर**

कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर
राजकाज रेफ नं. 25603787 **आपत्ति-सूचना** दिनांकः- 26/11/2026
सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थी विपिन सैनी पुत्र श्री सतपाल सैनी ने आवेदन पत्र, शपथ पत्र, व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर मकान संख्या 420 विनोबा बस्ती, श्रीगंगानगर साईज 30 गुणा 50 फीट अपने नाम से परिषद रिकॉर्ड में दर्ज कर नामान्तरण करवाने हेतु निवेदन किया है। 211451 यह कि प्रशनगत मकान प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार मकान संख्या 420 विनोबा बस्ती श्रीगंगानगर साइज 30 गुणा 50 फीट डीड ऑफ सेल श्री सत्यपाल सैनी पुत्र श्री गुरचरण सिंह के नाम से जारीशुदा है। जो पंजीकृत है। श्री सत्यपाल उर्फ सतपाल सैनी पुत्र श्री गुरचरण सिंह सैनी ने अपने जीवनकाल में दिनांक 15.10.2013 को मकान संख्या 420 विनोबा बस्ती, श्रीगंगानगर साईज 30 गुणा 50 फीट कॉर्नर पूर्व उत्तर दिशा की तरफ खुलता हुआ की वसीयत अपने पुत्र विपिन सैनी पुत्र श्री सतपाल सैनी के हक में कर दी। वसीयत दिनांक 15.10.2013 को पंजीकृत है। प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार सतपाल सैनी का देहांत दिनांक 04.08.2026 को हो चुका है। उपरोक्तानुसार प्रार्थी द्वारा नामानंतरण चाहा गया है। नामांतरण जारी करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के बाद नामांतरण जारी करने की कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात कोई उज्र मान्य नहीं होगा। **आयुक्त, नगरपरिषद, श्रीगंगानगर**

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड हनुमानगढ़
क्रमांकः- 3517 **आम-सूचना** दिनांकः- 26/11/2026
राजस्थान आवासन मण्डल की विशिष्ट पंजीकरण योजना में श्री मनसुखजीत सिंह पुत्र स्व. श्री प्यारा सिंह बंगा ने आवास आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवंटी को मध्यम आय वर्ग-ब संख्या 7/08, पुरानी कॉलोनी, राजस्थान आवासन मण्डल, हनुमानगढ़ के संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 2308 दिनांक 28.07.2011 को आवंटित किया गया। उक्त आवास का कब्जा श्री मनसुखजीत सिंह को दिनांक 20.10.2011 दिया गया। श्री मनसुखजीत सिंह के पक्ष में अदैय प्रमाण पत्र क्रमांक 3440 दिनांक 18.10.2011, व पंजीयन प्रपत्र क्रमांक 3617 दिनांक 03.11.2011 को जारी किये गये। जो कि दिनांक 16.11.2011 को उप पंजीयक कार्यालय हनुमानगढ़ में पंजीबद्ध करवा लिया। तत्पश्चात मनसुखजीत सिंह ने उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र दिनांक 25.01.2024 को श्रीमति लक्ष्मी देवी पत्नि श्री शंकरलाल को विक्रय कर दिया। श्रीमति लक्ष्मी देवी ने उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र दिनांक 11.06.2025 को श्रीमति नमिता जिन्दल पत्नि श्री संदीप जिन्दल व श्री संदीप जिन्दल पुत्र श्री कौर चंद को विक्रय कर दिया। **श्रीमति नमिता जिन्दल पत्नि श्री संदीप जिन्दल व श्री संदीप जिन्दल पुत्र श्री कौर चंद** के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः यदि किसी हितधारी को उक्त संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में विधिवत रूप से लिखित में मय साक्ष्य आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा अवधि समाप्ति के बाद मण्डल नियमानुसार आवास सं0-7/08, रा0आ0मं0, पुरानी आवासीय योजना, हनुमानगढ़, **श्रीमति नमिता जिन्दल पत्नि श्री संदीप जिन्दल व श्री संदीप जिन्दल पुत्र श्री कौर चंद** के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
- आवासीय अभियन्ता, राज. आवासन मण्डल, खण्ड हनुमानगढ़

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांकः नियमन/2026/9116 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांकः 20.11.2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री रजनीश बंसल पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी म.न. 7, गली नं0 1, वार्ड नं0 1, देवनगर, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखंडधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 6 जैड मुख्या नं0 19/10 किल्ला नं0 10 भूखण्ड संख्या ए-7 नार्थ पार्ट माप 1012.50 वर्ग फीट देव नगर, श्रीगंगानगर	उक्त भूखण्ड का पट्टा संख्या 2763 दिनांक 02.06.2004 को श्रीमती शान्ति देवी पत्नी श्री ओम प्रकाश के नाम से जारी किया हुआ है।	श्री रजनीश बंसल द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैनामा दिनांक 13.02.2026 के द्वारा प्राप्त कर पट्टे/पंजीकृत वसीयतनामा / उपहार पत्र की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्री रजनीश बंसल पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी म.न. 7, गली नं. 1, वार्ड नं. 1, देवनगर, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज / प्री लीज होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति / उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास / हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति / उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन संख्या - SGNR/FY26-27/MUT/965 **प्रभारी अधिकारी, नियमन शाखा, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियमन/2026/9115 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक :20-11-2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री बिनोद कुमार जिन्दल पुत्र श्री राम स्वरूप दास जिन्दल निवासी 12 माया विहार, नजदीक सक्रेट हार्ट कॉन्वेट स्कूल, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित व्यावसायिक भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेज

न्यूज इन ब्रीफ

30 को युवा महोत्सव, पांच विधाओं में दिखेगी प्रतिभा

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जिले में 30 नवम्बर को विकसित भारत सांस्कृतिक ट्रैक के तहत जिला स्तरीय युवा महोत्सव आयोजित होगा। इसकी थीम विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा रखी गई है। महोत्सव में समूह लोक नृत्य, समूह लोकगीत, पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक एवं कविता लेखन की प्रतियोगिताएं होंगी। इनमें राजस्थान के 15 से 29 वर्ष तक के युवा भाग ले सकेंगे। प्रतिभागियों के लिए माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। इच्छुक युवा ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। माय भारत हनुमानगढ़ ने युवाओं से अधिकाधिक भागीदारी की अपील की है।

प्रधान-उप प्रधान का निर्वाचन 27 व 28 को

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 के तहत जिले की सभी 10 पंचायत समितियों में प्रधान एवं उप प्रधान पद के लिए निर्वाचन होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधान का चुनाव 27 नवंबर तथा उप प्रधान का चुनाव 28 नवंबर को होगा। दोनों दिन सुबह 10 बजे बैठक शुरू होगी। सुबह 11 बजे तक नामांकन, 11:30 बजे संवीक्षा तथा दोपहर 1 बजे तक नाम वापसी होगी। इसके बाद चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। आवश्यकता होने पर दोपहर 3 से 5 बजे तक मतदान होगा तथा इसके तुरंत बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे।

पौधारोपण कर लिया हरित सूरांवाली का संकल्प

सीमा सन्देश # सूरांवाली। संविधान दिवस पर ग्राम पंचायत सूरांवाली स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अतिथियों, विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीणों ने छायादार व फलदार पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि संविधान हमें पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण कर्तव्यों का बोध कराता है। बढ़ते प्रदूषण और बदलते मौसम के दौर में पौधारोपण आवश्यक है। इस दौरान पौधों की नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी ली गई। कार्यक्रम में प्राचार्या सुमन चौधरी, रवि कुमार शर्मा, शिवजीत सिंह समरा, पटवारी विनोद कुमार, मनोज कुमार वर्मा, मुकेश कुमार, मांगीलाल, जयपाल सहित शिक्षक, विद्यार्थी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

जंडावाली में क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

सीमा सन्देश # जंडावाली। रयान कॉलेज फॉर हायर एजुकेशन में शहीद भगत सिंह क्लब की ओर से तीसरी क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। मुख्य अतिथि विधायक गणेशराज बंसल ने पहली गेंद खेलकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व सभापति सुमित रणवां एवं कॉलेज डायरेक्टर कर्णवीर चौधरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि सुखमन्दर सिंह रंगारा ने की। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 51 हजार, उपविजेता को 31 हजार तथा तीसरे व चौथे स्थान की टीमों को 5100-5100 रुपए दिए जाएंगे। मैन ऑफ द सीरीज को 11 हजार रुपए का पुरस्कार मिलेगा। आयोजन ग्रामवासियों एवं एनआरआई सदस्यों के सहयोग से किया जा रहा है।

यूरिया एवं डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता, किसानों को समय पर मिल रहे उर्वरक, जिले में 22 हजार मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध

एफएफएस ऐप से उर्वरक वितरण व्यवस्था लागू, कालाबाजारी पर लगेगी रोक

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

रबी फसल 2026-27 के दौरान किसानों को यूरिया एवं डीएपी का पारदर्शी और समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करने के लिए बुधवार से जिले में एफएफएस ऐप आधारित व्यवस्था लागू कर दी गई है। इसके तहत उर्वरक विक्रेताओं ने ऐप के माध्यम से किसानों को खाद का वितरण शुरू कर दिया है। कृषि विभाग के अनुसार नई व्यवस्था से अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की ऑनलाइन मॉनिटरिंग होगी और कालाबाजारी, अनावश्यक भंडारण व औद्योगिक डायवर्जन पर अंकुश लगेगा।



फार्मर आईडी से होगा वितरण

यशवन्ती ने बताया कि एग्रीस्टैक आधारित फार्मर आईडी से खाद की बुकिंग और वितरण अधिक पारदर्शी होगा। कृषि अधिकारियों को व्यवस्था की नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। विक्रेताओं को भी एफएफएस ऐप से ही खाद बेचने और स्टॉक का रिकॉर्ड रखने के निर्देश दिए हैं। किसानों से संतुलित मात्रा में खाद उपयोग करने तथा नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, एसएसपी, एनपीके और जैव उर्वरकों के विकल्प अपनाने की अपील की गई है।

जिले में 26 हजार मीट्रिक टन से अधिक खाद उपलब्ध

संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) यशवन्ती ने बताया कि वर्ष 2026-27 में जिले की कुल मांग 1.85 लाख मीट्रिक टन यूरिया और 72 हजार मीट्रिक टन डीएपी निर्धारित है। अब तक 1,24,262 मीट्रिक टन यूरिया और 49,917 मीट्रिक टन डीएपी की आपूर्ति हो चुकी है। वर्तमान में जिले में 22,448 मीट्रिक टन यूरिया और 4,253 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। शेष मांग के अनुसार आपूर्ति रबी सीजन में की जाएगी।

3.67 लाख हेक्टेयर में हो चुकी बुवाई

उन्होंने बताया कि रबी सीजन में 7.37 लाख हेक्टेयर बुवाई का लक्ष्य है, जिसके मुकाबले अब तक 3,67,962 हेक्टेयर में बुवाई हो चुकी है। इसमें 1,78,500 हेक्टेयर में सरसों, 71,800 हेक्टेयर में चना, 99,300 हेक्टेयर में गेहूं और 15,500 हेक्टेयर में जौ की बुवाई हुई है। बुवाई जारी रहने से खाद की मांग बढ़ रही है।

जिला प्रमुख के बाद उप जिला प्रमुख पद पर भी कांग्रेस का कब्जा

रामकुमार स्वामी 23 मतों से निर्वाचित, भाजपा के रजनीश कस्वां को मिले 7 मत, सभी 37 जिला परिषद सदस्यों ने किया मतदान

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जिला परिषद हनुमानगढ़ में जिला प्रमुख पद के बाद उप जिला प्रमुख पद पर भी कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। गुरुवार को उप जिला प्रमुख पद के लिए हुए निर्वाचन में कांग्रेस प्रत्याशी रामकुमार स्वामी ने भाजपा प्रत्याशी रजनीश कस्वां को 23 मतों के अंतर से पराजित किया। स्वामी को कुल 30 मत मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में 7 मत पड़े। जिला परिषद के सभी 37 सदस्यों ने मतदान में हिस्सा लिया। जिला परिषद के कुल 37 वार्डों में कांग्रेस ने 26 सीटों पर जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल किया था। भाजपा को 7 तथा माकपा को 4 सीटें मिली थीं। बुधवार को हुए जिला प्रमुख पद के चुनाव में भी कांग्रेस प्रत्याशी रेणु जांगू को 30 मत मिले थे, जबकि भाजपा प्रत्याशी सरस्वती देवी को 7 मत प्राप्त हुए थे। माकपा के चारों सदस्यों ने कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया था। उप जिला प्रमुख के चुनाव में भी यही परिणाम सामने आया। कांग्रेस ने उप जिला प्रमुख पद के लिए रामकुमार स्वामी को प्रत्याशी बनाया था। स्वामी पूर्व में नोहर पंचायत समिति के उप प्रधान रह चुके हैं। वहीं भाजपा ने रजनीश कस्वां को चुनाव मैदान में उतारा था। इससे पहले गुरुवार सुबह निर्धारित समय के दौरान दोनों प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया।



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनीष मक्कासर एवं सहप्रभारी डॉ. सुनील लारा मौजूद रहे, जबकि भाजपा प्रत्याशी के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रमोद डेलू सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला परिषद कार्यालय के मीटिंग सभागार में सुबह 10 बजे रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव की अध्यक्षता में निर्वाचन प्रक्रिया शुरू हुई। मतदान से पहले प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतपेटी खाली दिखाकर वीडियोग्राफी के साथ सीलबंद की गई। जिला परिषद सदस्यों ने गुप्त मतदान के जरिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना में रामकुमार स्वामी को 30 तथा रजनीश कस्वां को 7 मत मिले। इस तरह स्वामी को 23 मतों से विजयी घोषित किया गया।

रामकुमार स्वामी के उप जिला प्रमुख निर्वाचित होने पर जिला परिषद कार्यालय के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर खुशी मनाई। ढोल-नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया और मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इस दौरान जिला प्रभारी एमडी चौपदार, सहप्रभारी डॉ. सुनील लारा, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनीष मक्कासर, पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र दादरी, नोहर विधायक अमित चाचाण सहित जिला परिषद के नवनिर्वाचित सदस्य, कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सभी को साथ लेकर गांव का विकास करवाएंगे : सरपंच रामेती सहू

अमरपुरा जालू में नवनिर्वाचित सरपंच का भव्य पदभार ग्रहण समारोह हुआ

सीमा सन्देश # संगरिया। हनुमानगढ़ जिले की संगरिया तहसील की ग्राम पंचायत अमरपुरा जालू में जनसेवा और विकास के नए अध्याय की शुरूआत हो चुकी है। ग्राम पंचायत चुनाव में जनता ने श्रीमती रामेती राम सिंह सहू पर अपना अटूट विश्वास जताते हुए उन्हें ऐतिहासिक विजय दिलाई है। कुल 2,700 डाले गए मतों में से श्रीमती रामेती सहू ने 1,877 मत प्राप्त कर अपनी प्रतिद्वंद्वी सुनीता सुशील मूंढ (573 मत) को 1,304 मतों के विशाल अंतर से पराजित किया। 71 प्रतिशत से अधिक मतों का यह समर्थन ग्रामवासियों के स्नेह और अपेक्षाओं का प्रतीक है।

26 नवंबर को सुबह 11:15 बजे ग्राम पंचायत अमरपुरा जालू में सरपंच पदभार ग्रहण कार्यक्रम का गरिमामयी आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती रामेती राम सिंह सहू एवं उपसरपंच श्रीमती मंजू महेंद्र कुमार (वार्ड नं. 07) ने विधिवत रूप से अपना कार्यभार संभाला। समारोह में पूर्व विधायक गुरदीप सिंह शाहपीनी, डायरेक्टर श्रीमती रेखा अवनीश गोयल, ग्राम पंचायत नाथवाना के सरपंच प्रतिनिधि हरप्रीत मान, मोरजंड सिखान के सरपंच प्रतिनिधि करणी सिंह संरा, शाहपीनी के सरपंच करणपाल सिंह बराड़, ग्राम विकास अधिकारी अमरीक सिंह सहित समस्त वार्ड पंच और अमरपुरा जालू व 12 एमजेडी के ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ग्रामीणों एवं अतिथियों ने नवनिर्वाचित सरपंच को हार्दिक बधाई देते हुए गांव के चहुंमुखी विकास की शुभकामनाएं दीं। सरपंच श्रीमती रामेती राम सिंह सहू ने कहा कि सभी को साथ लेकर गांव का विकास करवायेंगे।



गुरुजी राम सिंह सहू -शिक्षा, गोसेवा और समर्पण की मिसाल



श्रीगंगानगर जिले की ग्राम पंचायत मिर्जेवाला में गुरुजी राम सिंह सहू एक अत्यंत सम्मानित और प्रेरणादायी व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने मार्च 1989 में मिर्जेवाला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एग्रीकल्चर व्याख्याता के रूप में अपने शैक्षणिक जीवन की शुरूआत की और अगस्त 2015 तक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इसके पश्चात पदोन्नत होकर उन्होंने निरवाणा, सूरतगढ़ में प्रिंसिपल के पद को सुशोभित किया। अपने पूरे सेवाकाल में उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं का गुणात्मक और संख्यात्मक परिणाम शत-प्रतिशत देकर शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया। आज उनके द्वारा पढ़ाए गए अनेक शिष्य सरकारी व निजी क्षेत्रों के विभिन्न विभागों में उच्च पदों पर कार्यरत होकर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। सेवानिवृत्ति और शिक्षण कार्य के साथ-साथ गुरुजी सामाजिक व धार्मिक कार्यों में भी सदैव अग्रणी रहे हैं। वे पिछले चार वर्षों से श्री कृष्ण गौशाला, अमरपुरा जालू में कोषाध्यक्ष के रूप में निःस्वार्थ भाव से गौसेवा कर रहे हैं। शिक्षाविद् के रूप में उनकी ईमानदारी, अनुशासन और समाजसेवा के प्रति समर्पण का ही परिणाम है कि आज पूरे क्षेत्र के लोग उन्हें आदर और सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। इनके सुपुत्र राजीव सहू हनुमानगढ़ जिला भाजपा के उपाध्यक्ष पद को सुशोभित कर चुके हैं। मिर्जेवाला में आज भी युवा इनके पढ़ाने के तरीके के कायल है। सरपंच चुने जाने पर मिर्जेवाला में भी लोगों ने जश्न मनाया।

संगरिया : भारी वाहनों की आवाजाही का मार्ग रहेगा परिवर्तित

पंचायत समिति में शुक्रवार को होगा प्रधान का चुनाव

सीमा संदेश #संगरिया। पंचायत समिति में प्रधान पद का चुनाव 27 नवंबर को पंचायत समिति कार्यालय में संपन्न होगा। पंचायत समिति रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी जय कौशिक ने बताया कि चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रतनपुरा स्थित पंचायत समिति परिसर के पास पर्याप्त बेरिकेडिंग की जाएगी और पुलिस जाब्ता तैनात रहेगा। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को प्रधान पद की चुनाव प्रक्रिया के दौरान सुबह 9:30 बजे से परिणाम घोषणा तक संगरिया हनुमानगढ़ रोड़ पर पंचायत समिति के आगे से भारी वाहनों की आवाजाही का मार्ग परिवर्तित किया गया है। बसें, ट्रक, ट्रोले सहित समस्त भारी वहानों की आवाजाही संगरिया रोड़ से नरेंद्रा होम्स कालोनी के आगे से बाईपास रोड होते हुए एलआईसी कार्यालय के आगे से हनुमानगढ़ रोड़ पर होगी।



रिटर्निंग अधिकारी ने स्पष्ट किया

रिटर्निंग अधिकारी ने स्पष्ट किया कि मतदान तथा मतगणना के दौरान कक्ष में मोबाइल फोन का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। रिटर्निंग अधिकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रातः 10 बजे नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों की बैठक होगी। प्रधान पद के लिए प्रातः 11 बजे तक नामांकन फार्म प्रस्तुत किए जा सकेंगे। उसी दिन प्रातः 11:30 बजे से नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी, जबकि नाम वापसी का समय अपराह्न 1 बजे तक रहेगा। नाम वापसी के तुरंत बाद चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा। प्रधान पद के लिए मतदान अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। शनिवार 28 नवंबर को पंचायत समिति में उपप्रधान पद का चुनाव संपन्न होगा।

राज्य स्तरीय जूडो चैंपियनशिप के लिए टीम चयन 3 को

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। उदयपुर में 8 व 9 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय सीनियर जूडो चैंपियनशिप के लिए हनुमानगढ़ जिले की टीम का चयन 3 दिसम्बर को किया जाएगा। जिला जूडो संघ के सचिव विनीत बिश्नोई ने बताया कि चयन प्रक्रिया सुबह 10 बजे शहीद मेजर विकास भाम्भू जूडो एकेडमी, राजीव गांधी स्टेडियम के पास होगी। पुरुष एवं महिला वर्ग के विभिन्न वजन वर्गों में खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। न्यूनतम आयु 15 वर्ष निर्धारित है। 18 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों को अभिभावक का एनओसी लाना होगा। खिलाड़ियों को आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र एवं निर्धारित सफेद या नीली जूडोगी के साथ पहुंचना होगा।

10 दिवसीय एनसीसी कैंप- कैडेट्स ने की फायरिंग प्रैक्टिस



सीमा संदेश #संगरिया। एनसीसी 10 दिवसीय एटीसी द्वितीय कैंप 15 राज. बटालियन एनसीसी, श्रीगंगानगर के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल युद्धकुल भूषण के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस कैंप में ग्रामोत्थान विद्यापीठ के कुल 31 कैडेट्स ने सेकंड ऑफिसर सुधीर गोदारा के निर्देशन में भाग लिया। कैंप में कैडेट्स को फायरिंग, मैप रीडिंग, आत्मरक्षा कौशल सिखाया गया। कैडेट्स के डिसिप्लिन एवं इसके पालन पर पूरा ध्यान दिया गया। कैडेट्स के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन भी किया गया। विभिन्न कंपीटीशन में ग्रामोत्थान विद्यापीठ के कैडेट्स ने कई मेडल जीते। रस्साकस्सी में कुल 15 गोल्ड मेडल, मैप रीडिंग कम्पीटीशन में कैडेट दिग्विजय को गोल्ड , कैडेट रत्ना मौर्या व दिव्या ने ड्रिल कम्पीटीशन में सिल्वर मेडल हासिल किया। संस्था सचिव सुखराज सिंह सलवारा ने कैडेट्स को शुभकामनाएं प्रेषित की तथा प्राचार्य एस के मुरारी व विनोद कुमार राव ने कैडेट्स को कैंप की सफलता पर बधाई दी व भविष्य में भी एनसीसी से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया।

अंडर-15 महिला क्रिकेट टीम के ट्रायल 28 को जयपुर में

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजस्थान क्रिकेट संघ की ओर से अंडर-15 महिला क्रिकेट टीम के चयन के लिए 28 नवम्बर को जयपुर स्थित आरसीए एकेडमी में ट्रायल आयोजित होंगे। जिला क्रिकेट संघ के सचिव मनीष धारणिया ने बताया कि आरसीए को भेजी गई पात्र खिलाड़ियों की सूची में शामिल खिलाड़ियां ही ट्रायल में भाग ले सकेंगी। खिलाड़ियों की जन्मतिथि 1 सितम्बर 2011 से 31 अगस्त 2014 के बीच होनी चाहिए। ट्रायल में शामिल होने वाली खिलाड़ियों को सुबह 9 बजे रंगीन क्रिकेट ड्रेस में पहुंचना होगा। साथ ही डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, स्कूल बोनाफाइड प्रमाण पत्र तथा पिछले तीन सत्रों की मार्कशीट या रिपोर्ट कार्ड लाना अनिवार्य है। पात्रता की जानकारी के लिए जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष राजीव गोदारा से संपर्क किया जा सकता है।

हनुमानगढ़ : 15 जन. तक चलेगा विशेष अभियान

पूर्व में 30 बसों के चालान कर वसूला था 15 लाख रुपए जुर्माना

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। सड़क सुरक्षा और यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग ने यात्री बसों के खिलाफ विशेष जांच अभियान शुरू किया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार 16 नवम्बर 2026 से शुरू हुआ यह अभियान 15 जनवरी 2027 तक चलेगा। इसके तहत स्लीपर कोच, लग्जरी बस, सिटी बस और मिनी बसों का सघन निरीक्षण किया जाएगा। सुरक्षा नियमों की अनदेखी और अवैध मॉडिफिकेशन पाए जाने पर संबंधित बसों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें सीज किया जा सकेगा। अभियान के संचालन के लिए जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय की ओर से हनुमानगढ़ और नोहर क्षेत्र में संयुक्त निरीक्षण टीमों का गठन किया गया है। हनुमानगढ़ क्षेत्र में परिवहन निरीक्षक रतनलाल मीणा और राय सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। निरीक्षण के लिए विभाग ने बोलेरो वाहन आरजे 31 टीए 1347 आवंटित किया है। दोनों निरीक्षकों में से एक आपसी सामंजस्य से अभियान के दौरान उपलब्ध रहकर जांच करेगा। इसी प्रकार नोहर क्षेत्र में परिवहन निरीक्षक भूपेन्द्र और हेतराम को जिम्मेदारी दी गई है।



चिह्नित स्थानों पर रुकवाकर होगी जांच: अभियान के तहत चिह्नित स्थानों पर यात्री बसों को रुकवाकर सुरक्षा मानकों और जरूरी दस्तावेजों की जांच की जाएगी। परिवहन विभाग का उद्देश्य बस संचालकों से नियमों की पालना करवाना और यात्रियों की जान जोखिम में डालने वाली लापरवाही पर अंकुश लगाना है। 15 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान में अनियमितता पाए जाने पर चालान से लेकर बस सीज करने तक की कार्रवाई की जाएगी।

होगी जांच

जिला परिवहन अधिकारी नरेश कुमार पूनिया ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ पूर्व में चलाया गया जांच अभियान काफी सफल रहा था। उस दौरान करीब 30 बसों के चालान किए गए और 15 लाख रुपए का जुमार्ना वसूला गया था। पूर्व अभियान में बस संचालकों को बसों के दरवाजों पर हेल्पलाइन नंबर सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पुलिस और एम्बुलेंस के संपर्क नंबर प्रदर्शित करने के लिखित निर्देश दिए गए थे। वर्तमान अभियान में इन निदेर्शों की पालना की भी जांच की जाएगी।

तलवाड़ा झील ग्राम पंचायत में कार्यभार ग्रहण समारोह आयोजित, खिलाड़ियों ने फैसले का किया स्वागत

पदभार संभालते ही खेल मैदान के लिए दान की भूमि

सीमा सन्देश # तलवाड़ा झील।

ग्राम पंचायत तलवाड़ाझील में कार्यभार ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इसमें नवनिर्वाचित सरपंच भगवंत सिंह ढिल्लों, उपसरपंच कमला देवी तथा सभी वार्ड पंचों ने अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान सरपंच भगवंत सिंह ढिल्लों ने पदभार संभालते ही अपनी पुश्तैनी चार बीघा जमीन खेल मैदान के लिए देने की घोषणा की। सरपंच की इस घोषणा का खिलाड़ियों ने स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। ग्राम विकास अधिकारी काशी राम बागड़ी, बलदेव सिंह, अल्ताफ हुसैन सहित पंचायतीराज कर्मचारियों ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से रजिस्टर में आधिकारिक हस्ताक्षर करवाकर उन्हें मोहर वितरित की।

इसके बाद सभी जनप्रतिनिधियों ने श्रीगणेश की पूजा-अर्चना और सामूहिक आरती कर कार्य की शुरूआत की। ग्रामीणों ने माल्यार्पण एवं गुलदस्ते भेंट कर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। वहीं समर्थकों ने पंचायत परिसर में ढोल-नगाड़ों के साथ खुशी मनाई।



सभी को साथ लेकर कार्य किया जाएगा

इस अवसर पर सरपंच भगवंत सिंह ढिल्लों ने कहा कि ग्रामीणों के स्नेह और विश्वास से मिली जिम्मेदारी के लिए वे हृदय से आभारी हैं। ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को साथ लेकर कार्य किया जाएगा। स्वच्छता, पेयजल, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी, ताकि प्रत्येक ग्रामीण तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके। समारोह में पूर्व सरपंच प्रतिनिधि लादूराम, पूर्व सरपंच प्रेम सिंह सैनी, संदीप सिंह, नरेंद्र सिंह ढिल्लों, लखमान सिंह (चेयरमैन वितरण समिति), डॉ. सज्जन कुमार भांभू, साधना व्यास, प्रेम सिंह, बक्तीश सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

जोन-8 से 1489 मतों से जीते थे चुनाव, अमित चाचाण के राजनीतिक प्रभाव का भी दिखा दम

रामकुमार स्वामी के उप जिला प्रमुख बनने पर नोहर क्षेत्र में खुशी

सीमा सन्देश # नोहर। हनुमानगढ़ जिला परिषद के उप जिला प्रमुख पद पर नोहर के रामकुमार स्वामी ने जीत दर्ज कर पंचायतीराज की राजनीति में नया मुकाम हासिल किया है। उप जिला प्रमुख पद के चुनाव में स्वामी ने 23 मतों के अंतर से जीत हासिल की। उन्हें मिले 30 मतों ने जिला परिषद में उनके पक्ष के मजबूत समर्थन को दर्शाया। इस जीत के साथ ही जिला स्तर पर नोहर विधायक अमित चाचाण के राजनीतिक प्रभाव और उनके समर्थित खेमे की ताकत भी चर्चा में आ गई है। स्वामी के उपजिला प्रमुख बनने पर नोहर इलाके में खुशी का माहौल है।

1489 मतों से जीत कर पहुंचे हैं

रामकुमार स्वामी जिला परिषद चुनाव में जोन संख्या-8 से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरे थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी अंजनी



शर्मा को 1489 मतों के बड़े अंतर से पराजित कर जिला परिषद सदस्य का चुनाव जीता था। अब उप जिला प्रमुख पद हासिल कर उन्होंने अपने राजनीतिक सफर में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जोड़ ली है।

अब जिले के विकास में निभानी होगी अहम भूमिका

नोहर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि को जिला परिषद में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से क्षेत्रवासियों की उम्मीदें भी बढ़ी हैं। लोगों को उम्मीद है कि स्वामी ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और आधारभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देंगे। अब उप जिला प्रमुख के रूप में उनके सामने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान और विकास योजनाओं को गति देने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी।

अमित चाचाण के समर्थित खेमे की मजबूत पकड़

उप जिला प्रमुख चुनाव में रामकुमार स्वामी की जीत को नोहर विधायक अमित चाचाण के राजनीतिक प्रभाव के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है। पंचायत चुनाव से लेकर जिला परिषद की राजनीति तक विधायक चाचाण की सक्रियता और समर्थित जनप्रतिनिधियों का समीकरण महत्वपूर्ण रहा है। स्वामी को मिले 30 मतों ने जिला परिषद में उनके पक्ष के मजबूत समर्थन की तस्वीर सामने रखी है। इस जीत से जिला स्तर पर नोहर की राजनीतिक भागीदारी भी मजबूत हुई है। रामकुमार स्वामी के नाम पर उप जिला प्रमुख के पद पर सहमति बनाकर विधायक अमित चाचाण ने कांग्रेस पार्टी में अपनी पेठ एक बार फिर साबित की है।

2010 में पंचायत समिति के उपप्रधान रह चुके हैं स्वामी

रामकुमार स्वामी का पंचायतीराज संस्थाओं में काम करने का पुराना अनुभव रहा है। वे वर्ष 2010 में नोहर पंचायत समिति के उपप्रधान रह चुके हैं। इसके अलावा वे युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सहित पार्टी के विभिन्न पदों पर भी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। पंचायत समिति के उपप्रधान से जिला परिषद के उप जिला प्रमुख तक का सफर उनके राजनीतिक अनुभव और संगठनात्मक सक्रियता को दर्शाता है। रामकुमार स्वामी नोहर विधानसभा क्षेत्र के गांव धिराना के निवासी हैं

रावतसर : मृतका के परिजनों को मिला 4 लाख का बीमा क्लेम



सीमा सन्देश# रावतसर। भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा द्वारा प्रधानमंत्री जन सुरक्षा योजनाओं के तहत एक दिवंगत महिला के आश्रितों को कुल 4 लाख रुपये का बीमा क्लेम पारित कर आर्थिक संबल प्रदान किया गया। चक 25 एनडीआर चोहिलांवाली वार्ड नंबर 10 निवासी लिछमा पत्नी पृथ्वीराज तरड़ 21 जून 2026 को घरेलू गैस सिलेंडर में रिसाव के कारण लगी आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई थीं। उपचार के दौरान 10 जुलाई 2026 को उनका निधन हो गया था। स्व. लिछमा ने अपने जीवनकाल में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में बीमा करवाया था। परिजनों द्वारा क्लेम के लिए आवेदन करने पर एसबीआई की रावतसर मुख्य शाखा ने दोनों योजनाओं के तहत 2-2 लाख रुपये, कुल 4 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की।इस अवसर पर मुख्य शाखा प्रबंधक संदीप पूनिया, उप प्रबंधक विकास पारीक, उप प्रबंधक लोकेश डारा, सहायक प्रबंधक पूनम , सीएसपी संचालक भजन लाल पंचारिया उपस्थित रहे।

जैविक कार्यशाला से लौटे कार्यकर्ता



सीमा सन्देश# रावतसर। भारतीय किसान संघ की अखिल भारतीय गो जैविक कृषि कार्यशाला का आयोजन 23-24- व 25 नवंबर को बंसतराव नाईक विश्वविद्यालय परभणी महाराष्ट्र में संपन्न हुआ। कार्यशाला में भारतीय किसान संघ के पूरे देश से गो आधारित जैविक खेती करने वाले पदाधिकारियों ने भाग लिया। तीन दिवसीय कार्यशाला में भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष के सांई रेड्डी सहित अनेक संगठन पदाधिकारियों तथा गो आधारित जैविक खेती के विशेषज्ञों ने कार्यकर्ताओ का मार्गदर्शन किया। संगठन जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह सूडा ने बताया कि इस कार्यशाला में जिले से तीन पदाधिकारियों ने भाग लिया था। जिला जैविक प्रमुख हरविंदर सिंह बराड़ रावतसर तहसील जैविक प्रमुख शिव कुमार पुरोहित तथा खुईंया तहसील जैविक प्रमुख महीपाल स्वामी ने भाग लिया था। सूडा ने बताया कि भारतीय किसान संघ जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। रसायनिक खादों से पीछा छुड़वाकर जमीन की सेहत के लिए सभी किसानों को जैविक खेती की तरफ बढना होगा। कार्यशाला में प्रशिक्षण लेकर लोटे संगठन पदाधिकारियों का जिला संगठन जिले में जैविक खेती के प्रचार प्रसार हेतु उनके अनुभव का फायदा उठाएगा। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही जिला संगठन जिले में भी तहसील स्तरीय गो आधारित जैविक खेती कार्यशाला आयोजित करने पर विचार करेगा।

नर्सिंग कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

श्रीगंगानगर। राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय श्रीगंगानगर में प्रधानाचार्य डॉ. शिवइन्द्र पाल सिंह बराड़ की अध्यक्षता में संस्थान में प्रवेश लेने वाले बैच 2026-27 के प्रशिक्षणार्थियों का व्हाइट कोट सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के नोडल अधिकारी डॉ.विक्रम परिहार तथा फैकल्टी सदस्यों तथा नव प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।



भाषण प्रतियोगिता आयोजित



सीमा सन्देश# संगरिया। के. आर. कान्वेंट स्कूल मे संविधान दिवस के अवसर पर प्रार्थना सभा के दौरान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यापिका मनिंदर कौर ने बताया की 26 नवंबर 1949 के दिन देश की संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था। यही वह दिन है जब संविधान बनकर तैयार हुआ था। संविधान दिन का मकसद देश के नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाना है। यह संविधान ही है जो अलग-अलग धर्मों व जातियों की भारत की 140 करोड़ की आबादी को एक देश की तरह जोड़ता है। निदेशक अमन शर्मा ने कहा की हमारे देश का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा और अच्छा लिखित संविधान है और यह हम सब का फर्ज है की हम नियमो की पालना करें। कक्षा आठ के विद्यर्थियो के लिए हमारा संविधान -लोकतंत्र की आत्मा और पहचान शीर्षक पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसमें महकदीप सिह, हर्षिल, रणयोद्ध सिह, नियति व नवदीप कौर का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। सचिव राजेश गोदारा ,अमन शर्मा,चित्रा गोदारा व मनिंदर कौर ने सम्मानित किया।

रावतसर में मनाया संविधान दिवस



सीमा सन्देश #रावतर। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रावतसर में संविधान दिवस उत्साह, गरिमा एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की महत्ता, लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती तथा एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य सत्यदेव राठौड़ के निर्देशन में अनिल द्वारा विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना एवं उसके मूल आर्दशों के अनुरूप शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों ने संविधान के प्रति निष्ठा रखते हुए देश की एकता, अखंडता, समानता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य सत्यदेव राठौड़ ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के निर्माण की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इसकी विशेषताओं तथा नागरिकों को प्रदान किए गए मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

दो किलो अफीम सहित एक गिरफ्तार

सीमा सन्देश # पल्लू। पल्लू थाना पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो किलो आठ ग्राम अफीम के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी जगदीश कड़वासरा के नेतृत्व में पुलिस टीम पल्लू-सरदारशहर मेगा हाईवे पर गश्त कर रही थी। वन चौकी के पास पुलिस को देखकर घबराए एक बुजुर्ग को रोककर तलाशी ली तो उसके बैग से अफीम बरामद हुई। आरोपी की पहचान हजारीलाल (60) निवासी मेघनिवास, जिला चित्तौड़गढ़ के रूप में हुई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान रावतसर थाना प्रभारी को सौंपा है।

आकार ले रहा बाबा साहेब अंबेडकर चौक

सीमा सन्देश # टिब्बी। कस्बे के बाजार में नगरपालिका की देखरेख में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक का निर्माण करवाया जा रहा है। नगरपालिका अध्यक्ष देवीलाल मेहरड़ा ने शुक्रवार को निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री की नियमित जांच की जा रही है, ताकि चौक का निर्माण निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार पूरा हो सके। पार्षद प्रभु राम ने कहा कि यह चौक संविधान निमार्ता बाबा साहेब के प्रति सम्मान और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनेगा। निर्माण पूरा होने पर चौक कस्बे की नई पहचान बनेगा। इस दौरान राजेंद्र सिंह राठौड़, पुनीत कल्याणी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

रेगुलेशन में चल रही नहर के किसानों की बारियां प्रभावित

नोहर फीडर का पानी काट रहा हरियाणा, 35 गांव के किसान भुगत रहे खामियाजा

सीमा सन्देश # चारणवासी। हरियाणा द्वारा गुरुवार को नोहर फीडर की जलापूर्ति पांच घंटे तक पूरी तरह बंद रखने के बाद अब महज 30 से 35 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। पानी में अचानक आई कमी से वर्तमान रेगुलेशन के तहत चल रही नहरों के किसानों की सिंचाई की बारियां पिटने लगी हैं। इससे पहले नोहर फीडर में 160 क्यूसेक पानी प्रवाहित हो रहा था। इसका सीधा असर क्षेत्र के 35 गांवों के किसानों पर पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार पटियाला के पास भाखड़ा मेन ब्रांच का पुल क्षतिग्रस्त होने से फतेहाबाद ब्रांच में पानी की आवक कम हुई है। हरियाणा द्वारा इसकी पूरी कमी नोहर फीडर से पानी काटकर पूरी की जा रही है। गुरुवार सुबह पहले पानी 160 से घटाकर 110 क्यूसेक किया गया। इसके बाद नहराना हेड से निकलने वाली शेरावाली नहर की मांग पूरी करने के लिए नोहर फीडर को पांच घंटे बंद रखा गया। बताया जा रहा है कि शेरावाली नहर की टेल पर हरियाणा के किसानों का धरना चल रहा है। दोपहर बाद पीछे की बनमंदौरी-खेड़ी माइनर में पानी कम करवाकर नोहर फीडर में महज 30-35 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। वर्तमान में 230 क्यूसेक क्षमता वाली शेरावाली नहर में 210 क्यूसेक पानी चल रहा है, जबकि 200 क्यूसेक मांग वाले नोहर फीडर को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा। इससे 22 से 30 नवंबर के रेगुलेशन में प्रथम वरीयता पर चल रही एनएचआर नहर की भगवान-ढढ़ेला और कर्मशाना माइनर प्रभावित हो रही हैं। वहीं, 30 नवंबर से 8 दिसंबर तक जसाना वितरिका का रेगुलेशन भी प्रभावित होने की आशंका है।

एक्सईएन ने पानी नहीं बढ़ने पर चंडीगढ़ के अधिकारियों से वार्ता की चेतावनी दी



पानी नहीं बढ़ा तो उठाएंगे मुद्दा

एक्सईएन प्रियंका चौधरी ने बताया कि पानी कम होते ही उन्होंने सिरसा जाकर हरियाणा के अधिकारियों से बातचीत की। अधिकारियों ने फतेहाबाद ब्रांच में पानी की कमी का हवाला दिया। उन्होंने आपत्ति जताते हुए कहा कि पूरी कमी की भरपाई अकेले नोहर फीडर से करना अनुचित है। फतेहाबाद एसई से वार्ता के बाद नोहर फीडर में कुछ क्यूसेक पानी बढ़ाने का आश्वासन मिला है। जल्द पानी नहीं बढ़ा तो चंडीगढ़ स्थित चीफ इंजीनियर से वार्ता कर आनुपातिक वितरण सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा को पत्र लिखा जाएगा।

संविधान दिवस पर जिलेभर में दिलाई गई संविधान की शपथ

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिलेभर में विभिन्न राजकीय कार्यालयों में संविधान की प्रस्तावना एवं उसके मूल आदर्शों के प्रति निष्ठा व्यक्त करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव ने जिला परिषद में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई। वहीं, अतिरिक्त जिला कलक्टर उम्मेदी लाल मीना ने कलक्ट्रेट में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इसके साथ ही जिले के समस्त जिला स्तरीय कार्यालयों में भी संविधान दिवस के उपलक्ष्य में शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारतीय संविधान में निहित लोकतांत्रिक मूल्यों, न्याय, स्वतंत्रता, समता एवं बंधुता के आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

संविधान रक्षा का लिया संकल्प

सीमा सन्देश # चारणवासी। जसाना स्थित अंबेडकर भवन में गुरुवार को संविधान दिवस मनाया गया। पूर्व सरपंच लालचंद नायक ने संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज के सभी वर्गों को समानता, सम्मान और शिक्षा का संवैधानिक अधिकार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में निशुल्क लाइब्रेरी के बच्चों ने भी भाग लिया। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने लोकतांत्रिक व्यवस्था, भाईचारे और संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

साइबर सुरक्षा पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कल से

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। साइबर अपराधों और डिजिटल सुरक्षा की चुनौतियों पर मंथन के लिए श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय में 27 व 28 नवम्बर को द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें भारत सहित ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और इथियोपिया के शिक्षाविद्, वैज्ञानिक एवं साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ भाग लेंगे। सम्मेलन में साइबर सुरक्षा, साइबर अपराध, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल तकनीक, साइबर डिफेंस और बौद्धिक संपदा संरक्षण पर चर्चा होगी। ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और इथियोपिया के विशेषज्ञ मुख्य वक्ता के रूप में अपने अनुभव साझा करेंगे। वहीं हनुमानगढ़ साइबर शाखा की प्रोग्रामर रिंकल गर्ग डिजिटल अरेस्ट, यूपीआई एवं ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी, फिशिंग और फर्जी निवेश योजनाओं से जुड़े वास्तविक मामलों की जानकारी देंगी। वे साइबर ठगी से बचाव के उपाय भी बताएंगी

समर्पण भाव से चलाएंगे पंचायत : बिमला

सीमा सन्देश# रावतसर। ग्राम पंचायत खोड़ा पंचायत समिति रावतसर की नव निर्वाचित सरपंच बिमला देवी चौधरी तारुराम खोड ने विधिवत रूप से सरपंच पद का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के अवसर पर ग्रामीणों, गणमान्य नागरिकों एवं समर्थकों ने नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती बिमला देवी चौधरी तारुराम खोड का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। सरपंच बिमला देवी चौधरी तारुराम खोड ने सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत खोड़ा के सर्वांगीण विकास, गांव में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता, पेयजल, सड़क, नाली निर्माण एवं जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गांव के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर पारदर्शिता और समर्पण भाव से पंचायत का संचालन किया जाएगा।



योजनाओं का लाभ पात्र तक पहुंचाना प्राथमिकता

उन्होंने विश्वास दिलाया कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। ग्राम पंचायत का विकास किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि समस्त ग्रामवासियों के सहयोग और सहभागिता से संभव है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से गांव के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। पदभार ग्रहण के साथ ही ग्राम पंचायत खोड़ा में विकास और जनसेवा के नए संकल्प के साथ नई पारी की शुरूआत हुई। इस मौके पर उप सरपंच श्रवण कुमार बिसु, चौधरी दलीप खोड, चौधरी आईदान खोड,दयाराम बिसु, चेतराम बिसु, रामकुमार खोड, चौधरी नंदराम कस्वां, अन्य पंचायत के बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य सोनिया पूनिया का स्वागत

बरवाली। जिला परिषद के जोन संख्या 17 से नवनिर्वाचित भाजपा सदस्य सोनिया पूनिया का गांव बरवाली पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। मुख्य बस स्टैंड पर बालिकाओं ने तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया। इसके बाद डीजे के साथ गांव की मुख्य गलियों से होते हुए उनके निवास तक विजय रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस अवसर पर सोनिया पूनिया ने कहा कि भले ही जिले में उनकी पार्टी की सरकार नहीं है, लेकिन वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास करती रहेंगी। उन्होंने जोन संख्या 17 के सभी मतदाताओं एवं पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी।

अभियोजन पक्ष ने पेश किए 14 गवाह और 20 दस्तावेज

छात्रा से दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 साल कारावास

सीमा सन्देश# हनुमानगढ़। विद्यालय से घर लौट रही छात्रा को बहलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में विशिष्ट न्यायालय पोक्सो प्रकरण द्वितीय हनुमानगढ़ ने गुरुवार को आरोपी को दोषी ठहराते हुए 20 साल के कारावास और कुल 8 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। मामले में राज्य की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक द्वितीय कमलेश कुमार भादू ने पैरवी की। अभियोजक भादू ने बताया कि 22 फरवरी 2023 को पीलीबंगा थाने में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसकी पुत्री गांव के स्कूल से घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में विनोद कुमार भाट पुत्र इंद्राज भाट, निवासी पीलीबंगा उसे बहलाकर ले गया और वहां दुष्कर्म किया। घटना के समय परिवादी मजदूरी के सिलसिले में गांव से बाहर गया हुआ था। परिजनों की सूचना मिलने पर परिवादी घर पहुंचा और पुत्री से घटना की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की तथा आरोपी विनोद भाट के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 14 गवाह परीक्षित कराए गए तथा 20 दस्तावेज प्रदर्शित किए गए। साक्ष्यों और सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी विनोद भाट को दोषी करार देते हुए 20 साल कारावास और कुल 8 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।



सरपंच - बोले-चुनाव खत्म, अब गांव के विकास के लिए मिलकर करना होगा काम

गणपत बारूपाल ने संभाली पहले सरपंच की कमान संभाली

सीमा सन्देश # थालड़का। ग्राम पंचायत भगवान में गुरुवार को नए विकास के संकल्प के साथ नवनिर्वाचित पहले सरपंच गणपत बारूपाल ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। ग्राम पंचायत परिसर में आयोजित समारोह में पूजा-अर्चना के बाद ग्राम विकास अधिकारी चरणसिंह ने सरपंच गणपत बारुपाल को पदभार ग्रहण करवाया। इस दौरान नवनिर्वाचित उपसरपंच एवं पंचों का भी स्वागत किया गया। समारोह में ग्रामीणों का उत्साह देखने लायक रहा।ह्लविकास में नहीं चलेगा भेदभाव, हर वार्ड-ढाणी की सुनी जाएगी समस्याह्लपदभार संभालने के बाद सरपंच गणपत बारूपाल ने स्पष्ट कहा कि ग्राम पंचायत का विकास किसी राजनीतिक विचारधारा या व्यक्तिगत भेदभाव के आधार पर नहीं, बल्कि सभी ग्रामीणों को साथ लेकर किया जाएगा। गांव के प्रत्येक वार्ड और ढाणी की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जाएगा और उनके समाधान के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम होगा। उन्होंने कहा कि सरपंच का पद उनके लिए केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि ग्रामीणों की उम्मीदों पर खरा उतरने का अवसर भी है।युवाओं के लिए खेल मैदान, शिक्षा और चिकित्सा पर रहेगा फोकससरपंच ने गांव के युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए खेल मैदान विकसित करवाने का संकल्प जताया। उन्होंने कहा कि युवाओं की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने, विद्यार्थियों को जरूरी सुविधाएं दिलाने और चिकित्सा सेवाओं में सुधार के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित किया जाएगा। गणपत बारूपाल ने राजनीतिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए चुनाव में उनके सामने रहे प्रत्याशियों से भी गांव के विकास में सहयोग की अपील की।



पांच साल का रोडमैप

सरपंच ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि आगामी पांच वर्षों में पंचायत के सर्वांगीण विकास, पेयजल, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा सहित मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धता से काम किया जाएगा। उन्होंने विकास कार्यों में पारदर्शिता और सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात भी कही। समारोह में नवनिर्वाचित उपसरपंच मंगतूराम छिम्पा और पंचों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। रावतसर पंचायत समिति क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित सरपंचों का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर पंच बलराम वर्मा, बृजलाल मेघवाल, रामजीलाल सिहाग, मैना, सुमन, बिरमादेवी, ग्राम विकास अधिकारी चरणसिंह सिरसव, कनिष्ठ सहायक राजेंद्र प्रसाद, कंप्यूटर ऑपरेटर बृजपाल, ग्राम पंचायत देईदास के सरपंच राजेंद्र न्यौल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और युवा मौजूद रहे।

38.40 ग्राम चिट्टे सहित दो गिरफ्तार

हनुमानगढ़। नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत संगरिया थाना पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में 38.40 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पहली कार्रवाई में मंगलम विहार कॉलोनी के पास बिन्टू सिंह उर्फ बिन्टू (32) निवासी संगरिया को 35.45 ग्राम चिट्टे सहित पकड़ा गया। दूसरी कार्रवाई में रोही माणकसर से रामा उर्फ रामाबाबा (40) निवासी माणकसर को 2.95 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं।

एसपी मेडिकल कॉलेज में विश्व एंटीमाइक्रोबियल जागरूकता सप्ताह मनाया, भविष्य में सामान्य संक्रमणों का उपचार कठिन हो सकता है

एंटीबायोटिक का बेजा इस्तेमाल रोकना होगा, वरना दवाएं बेअसर हो जाएंगी : डॉ. तरुणा

सीमा सन्देश # बीकानेर।

सरदार पटेल चिकित्सा महाविद्यालय (एसपी मेडिकल कॉलेज) में 18 से 24 नवंबर तक विश्व एंटीमाइक्रोबियल जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। 'वन हेल्थ, वन एक्शनः प्रिवेंट एएमआर नाउ' थीम पर आयोजित सप्ताहभर के कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, चिकित्सकों और संकाय सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

समापन समारोह में एंटीबायोटिक के जिम्मेदार उपयोग और संक्रमण से बचाव का संदेश दिया गया। सप्ताहभर के कार्यक्रमों में टीकाकरण, हाथों की स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण के महत्व पर भी



विशेष जोर दिया गया।सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष एवं एएमआर नोडल अधिकारी डॉ. तरुणा स्वामी ने बताया कि एंटीबायोटिक का अनावश्यक या गलत उपयोग जीवाणुओं में दवाओं के प्रति प्रतिरोध (एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस) बढ़ा रहा है। इससे भविष्य में सामान्य संक्रमणों का उपचार भी कठिन हो सकता है। उन्होंने चिकित्सकीय सलाह के बिना एंटीबायोटिक न लेने तथा स्वयं उपचार अवधि या दवा की मात्रा में बदलाव नहीं करने की सलाह दी और कहा कि एंटीबायोटिक का बेजा इस्तेमाल रोकना होगा, वरना दवाएं बेअसर हो जाएंगी।

प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा : स्नातक वर्ग की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में चंचल जैन प्रथम और मयूरी अरोड़ा द्वितीय रहीं। वाद-विवाद प्रतियोगिता में मयूरी अरोड़ा ने पहला तथा रजत ईश्रम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में नैतिक चौधरी प्रथम और अनप्रीत कौर द्वितीय रहे। नारा लेखन और निबंध प्रतियोगिता में भी नैतिक चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर तीन प्रतियोगिताओं में शानदार सफलता हासिल की, जबकि दोनों प्रतियोगिताओं में मयूरी अरोड़ा दूसरे स्थान पर रहीं। स्नातकोत्तर वर्ग में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में डॉ. गैलेक्सी, वाद-विवाद में जय जैन, जबकि पोस्टर प्रतियोगिता में डॉ. सलाम जशिदा देवी प्रथम और डॉ. चिराग गाला द्वितीय रहे।

एंटीबायोटिक का करें जिम्मेदारी से उपयोग

प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने कहा कि एंटीबायोटिक केवल चिकित्सक की सलाह पर ही लेनी चाहिए तथा निर्धारित खुराक और उपचार अवधि का पूरा पालन करना आवश्यक है।

उन्होंने आमजन से अपील की कि समान लक्षण होने पर भी घर में बची हुई एंटीबायोटिक किसी अन्य व्यक्ति को न दें। उन्होंने मेडिकल विद्यार्थियों से मरीजों और उनके परिजनों को सरल भाषा में एंटीबायोटिक के सही उपयोग के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

विजेताओं का सम्मान

समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार ने सभी विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। आयोजन में डॉ. अंजलि गुप्ता और डॉ. अमित सिंह रावल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन रोहित गौड़, घनश्याम बिश्नोई एवं भाग्यदत्त सारस्वत ने किया, जबकि अंत में आयोजन संयोजक डॉ. तरुणा स्वामी ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार जताया।

गोमाता के निमित्त सवामणी की



सीमा सन्देश # भोमपुरा। कृष्ण सुदामा गौशाला में पारादेवी (धर्मपत्नी स्व. मनीराम भाकर) के परिवार की ओर से गौमाता के निमित्त श्रद्धापूर्वक सवामणी का आयोजन किया गया। परिवारजनों ने गौसेवा कर गौमाता का पूजन किया तथा गौशाला में चारे की व्यवस्था कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र प्रसाद सहारण, अलकेश तरड़, राजवीर न्यौल, सुभाष खीचड़, सुभाष भाकर, हंसराज भाकर, गौसेवक भरत कस्वां, गौशाला उपाध्यक्ष पवन गोदारा, आशाराम गोस्वामी, परवीन कूकना, टेकचंद गोस्वामी एवं अविनाश सहारण सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। वक्ताओं ने गौसेवा को भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण परंपरा बताते हुए ऐसे सेवा कार्यों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

न्यूज इन ब्रीफ

समाज की भूमिका पर व्याख्यान आज

सीमा सन्देश # सादुलशहर। राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ़ चैप्टर



की ओर से 27 नवंबर को प्रातः 11:15 बजे सरस्वती गर्ल्स पीजी कॉलेज, बींझबायला में राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष उभरती चुनौतियों एवं समाज की भूमिका विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक एवं राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के राष्ट्रीय सचिव गिरीश कुमार चावला संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरस्वती शिक्षण समूह के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार खालिया करेंगे। विशिष्ट अतिथि वेद प्रकाश बिलंदी होंगे। वहीं राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के जिलाध्यक्ष एवं सादुलशहर बार संघ के पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र मोदी का उद्बोधन भी होगा।

बंसल बंधुओं को मातृ शोक

श्रीकरणपुर। कस्बे के बंसल बंधुओं नगरपालिका के पार्षद अशोक बंसल (गुलाबेवाला), सुभाष बंसल (हनुमानगढ), रमेश बंसल व कृष्ण बंसल की माताजी



श्रीमती राजरानी बंसल (88 वर्ष) धर्म पत्नी स्व. बीरबल दास बंसल का 26 नवंबर को निधन हो गया है। दिवंगत का अंतिम संस्कार 27 नवंबर को प्रातः 10 बजे होगा। उनकी शव यात्रा अग्रसेन पार्क के सामने स्थित रमेश बंसल के निवास से रवाना होगी।

गोपालकृष्ण गर्ग के निधन पर शोक

सादुलशहर। तारा इस्टेट अबोहर निवासी व्यवसायी जतिन गर्ग एवं तनिश गर्ग के पिता गोपाल गर्ग (53) के निधन पर शोक व्यक्त किया गया है। गोपालकृष्ण गर्ग सादुलशहर नई धानमंडी की फर्म गणेश टेडिंग कंपनी के संचालक रवि गोयल के साले एवं प्रवेश गोयल, खुशवंत गोयल के मामा थे। पूर्व विधायक जगदीशचंद्र जांगिड, प्रदीप खीचड, डॉ. बीबी गुप्ता, राजेंद्र खीचड, संजय जांगिड, रतनलाल गोयल, संदीप सिंगला, स्वरूप चौधरी, पार्षद रणजीत सहारण, शिक्षाविद् सुभाष बिश्नोई, कृष्ण सहारण, सुरेंद्र जलंधरा, रविंद्र डालमिया, अबोहर श्री गोशाला अध्यक्ष फकीरचंद गोयल, महेंद्र गुप्ता, शुभम गर्ग, धर्मेंद्र शर्मा, रविंद्र मोदी एवं अमित चावला सहित शुभचिंतक शामिल थे।

किसान नेता ज्ञान सिंह का निधन

श्रीगंगानगर। निवासी 22 आरबी तहसील गजसिंहपुर निवासी ज्ञानसिंह गिल (65 वर्ष) का गत दिवस आकस्मिक निधन



हो गया था, जिनका गमगीन माहौल में अन्तिम संस्कार किया गया। किसान संघर्ष समिति के प्रवक्ता सुभाष सहगल ने बताया कि वे लम्बे समय तक किसान आन्दोलन से जुड़े रहे और किसानों की समस्याओं को लेकर हमेशा तत्पर रहते थे। उनके निधन से किसानों को काफी क्षति पहुंची, जिसकी भरपाई असंभव है।

नशामुक्त के लिए प्रशासन और समाज को मिलकर प्रयास करने होंगे : विनय तनेजा

तम्बाकू विक्रय लाइसेंस को लेकर कार्यशाला हुई, नगर पालिकाध्यक्ष व ईओ ने विचार रखे

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर



सरकार द्वारा नशा मुक्त श्रीगंगानगर बनाने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं, परंतु इसके बावजूद भी समाज में नशा अमरबेल की तरह बढता चला जा रहा है। अगर वास्तव में हम नशा मुक्त श्रीगंगानगर जिला बनाना चाहते हैं तो इसके लिए प्रशासन के साथ समाज को मिलकर प्रयास करने होंगे। नगर पालिका के सभागार में नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत तम्बाकू विक्रेताओं की कार्यशाला को संबोधित करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष विनय कुमार तनेजा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि तम्बाकू विक्रेता लाइसेंस (टीवीएल) व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन, तम्बाकू नियंत्रण तथा बच्चों एवं युवा पीढ़ी को तम्बाकू और नशे से बचाने के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करें। उन्होंने सभी तम्बाकू विक्रेताओं से नगर पालिका एवं प्रशासन का सहयोग करने की विनम्र अपील की। पालिका के अधिशासी अधिकारी संदीप बिश्नोई ने कहा कि तम्बाकू नियंत्रण के लिए सभी को पूरी तरह कानून के अनुसार कार्य करने की महति आवश्यकता है। गंभीर नशे की शुरूआत कई बार तम्बाकू जैसे उत्पादों के सेवन से होती है, इसलिए बच्चों को शुरूआती स्तर पर ही तम्बाकू की पहुंच से बचाना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर की पहल पर श्रीगंगानगर को नशामुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें सभी विभागों, संस्थाओं एवं नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। टीवीएल व्यवस्था के माध्यम से तम्बाकू विक्रेताओं को निर्धारित नियमों के दायरे में लाया जा सकेगा। उन्होंने सभी विक्रेताओं से लाइसेंस प्राप्त करने, कानूनों का पालन करने तथा प्रशासन के साथ मिलकर तम्बाकू मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की। नियमानुसार कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई।

लखनऊ पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे का स्वागत



सीमा सन्देश # सादुलशहर। संविधान दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय लखनऊ में आयोजित हुए संविधान रक्षा मार्च में सहभागिता हेतु लखनऊ एयरपोर्ट आगमन पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे का स्वागत किया गया। राष्ट्रीय सचिव जगदीशचंद्र जांगिड ने गुलदस्ता देकर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे का स्वागत किया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग विधायक राजेंद्र गौतम, उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अराधना मिश्रा, राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवाडी, राष्ट्रीय सचिव अभिषेक दत्त, कुनाल चौधरी, संजीव आर्य, वरूण चौधरी, अब्दुल हनान, प्रोटोकॉल प्रभारी रमेश मिश्रा सहित पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया। सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि यह बहुत बडी उपलब्धि है। जब जगदीशचंद्र जांगिड ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के बीच अहम स्थान बनाया है। खुशी व्यक्त करने वालों में नगर अध्यक्ष भवानीशंकर सोनी, कृष्ण अलीपुरा, भोपाल सिंह रौतेला, शिवा राजपूत, प्रतीक शर्मा आदि शामिल हैं।

सरकारी अव्यवस्था व योजनाओं में देरी से किसान परेशान, चुनावों में दिखा असंतोष

सीमा सन्देश # सादुलशहर। प्रगतिशील किसान शिवप्रकाश सहारण एवं अभिषेक सहारण ने कहा कि राजस्थान के हालिया पंचायत राज चुनावों में सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ आया जनादेश ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से व्याप्त किसान असंतोष का परिणाम है। नहरों में सिंचाई पानी की अनिश्चितता और समय पर पानी न मिलने से किसानों की फसलें और आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। इसके अतिरिक्त, समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीद में देरी के कारण किसानों को मजबूरन अपनी उपज बाजार में कम दामों पर बेचनी पड़ती है। फार्मर आईडी, फसल बीमा, गिरदावरी और राजस्व विभाग की ऑनलाइन प्रणाली की तकनीकी खामियों–विशेषकर संयुक्त खातेदारी भूमि पर ऋण प्रक्रिया में अड़चनों–ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की डिग्गी निर्माण जैसी योजनाओं में स्वीकृति और अनुदान भुगतान वर्षों तक अटका रहता है, वहीं अनुदानित बीजों का वितरण भी बिजाई का समय निकलने के बाद होता है। साथ ही, यूजीसी के नए नियमों को लेकर उठे सामाजिक-शैक्षणिक असंतोष ने भी जनमानस को प्रभावित किया है। सहारण ने मांग की कि सरकार केवल घोषणाओं के बजाय खाद-बीज की समयबद्ध आपूर्ति, पारदर्शी गिरदावरी, सरल राजस्व प्रणाली और सिंचाई पानी की सुनिश्चित व्यवस्था कर अधिकारियों की जवाबदेही तय करे।

विभिन्न मांगों को लेकर थर्मल के तकनीकी कर्मियों ने प्रोजेक्ट डाइरेक्टर को सौंपा ज्ञापन

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। थर्मल के तकनीकी कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर इंटक संगठन ने महामंत्री श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में प्रोजेक्ट डायरेक्टर संजय सनाढ्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नवनियुक्त तकनीकी कर्मचारियों को एकल आवास व गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाने तथा वरिष्ठ तकनीकी कर्मचारियों को नियमानुसार आर-4 क्वार्टर आवंटित करने की मांग की गई।

महामंत्री श्याम सुंदर शर्मा ने बताया कि हाल ही में थर्मल में बड़ी संख्या में तकनीकी कर्मचारियों की नियुक्ति हुई है। ये कर्मचारी विद्युत



उत्पादन में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन कई कर्मचारियों को अभी तक एकल आवास व गैस कनेक्शन की सुविधा नहीं मिल पाई है। इसके कारण उन्हें दैनिक जीवन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं वरिष्ठ तकनीकी कर्मचारियों को भी नियमानुसार आर-4 क्वार्टर आवंटित करने की आवश्यकता है। बताया गया कि इन समस्याओं के संबंध में पूर्व में भी थर्मल प्रशासन को बताया जा चुका है। इसके बावजूद समाधान नहीं किया जा रहा था। प्रतिनिधि मंडल में सुखजिंदर सिंह बराड़, तुलसाराम, लोकेश चौधरी आदि उपस्थित रहे।

विधायक कुन्नर ने ग्राम विकास के लिए की घोषणा

मांझूवास में हुआ कार्यक्रम, सरपंच ने संभाला पदभार

सीमा सन्देश # मांझूवास। स्थानीय ग्राम पंचायत में नव निर्वाचित सरपंच पूनम मंगावा ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। विधायक प्रतिनिधि भामाशाह राजाराम बेनीवाल ने बताया कि इस अवसर पर आयोजित शपथग्रहण समारोह का आयोजन डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि रूपिन्द्रसिंह कुन्नर 'रूबी', पूर्व सरपंच ओमप्रकाश शर्मा, कृष्ण लाल मंगावा उपस्थित रहे। पुजारी देवकरण चोटिया ने सरपंच एवं वार्ड पंचों मांगीलाल ओजला, रेणु वर्मा, दौलतराम मेघवाल उपसरपंच, कमला वर्मा, दीनदयाल छींपा, रानी देवी राठी, सुमन नायक आदि के



तिलक लगाकर स्वागत किया। विधायक कुन्नर ने मुंबई हमले में शहीद हुए शहिदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और ग्राम पंचायत के विकास कोटे से ग्राम पंचायत के विकास हेतु 21 लाख रुपए की घोषणा की। पूर्व सरपंच रानी देवी ने वर्तमान सरपंच को कार्यभार संभालवाया।

इस अवसर पर भागीरथ मंगावा, देवीलाल सहारण, सरपंच पति कृष्ण लाल मंगावा, मीरा मंगावा, अजय कुमार, ग्राम विकास अधिकारी जगदीश राय, लीलावती नैण कनिष्ठ सहायक सहित अनेक लोग शामिल हुए। विधायक कुन्नर ने स्थानीय अंबेडकर चौक पर जाकर अंबेडकर जी की मूर्ति पर श्रदासुमन अर्पित किये।

सामाजिक प्रतिष्ठा भी नशे के प्रसार का कारण : स्वामी



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। स्व. गुरुशरण छाबड़ा राजकीय महाविद्यालय में संविधान दिवस पर वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा भारतीय संविधान के उद्भव व विकास पर व्याख्यान आयोजित किया गया। नई किरण नशा मुक्ति केंद्र के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थानी साहित्यकार मनोज कुमार स्वामी ने युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा कि सामाजिक प्रतिष्ठा भी नशे के प्रसार का एक कारण है।

उन्होंने कवियों के दोहों व रचनाओं के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. कमलजीत सिंह ने नैतिक स्वाभिमान व आत्मसम्मान का संदेश दिया। राजनीति विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप भारतीय ने संविधान निर्माण की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान व लोकतंत्र में प्रश्न और संवाद की भूमिका पर प्रकाश डाला। इतिहासवेता डॉ. उग्रसेन सिहाग ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में अर्वतिका प्रथम, मंथन गेदर द्वितीय व दिवेश कुमार तृतीय रहा। निर्णायक मंडल में पीताम्बर मंगानी, लक्ष्मी देवी नंदा व विनोद कुमार गोदारा शामिल रहे। विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ. जयंत मल्होत्रा, डॉ. महबूब मुगल, डॉ. सुनील पूनिया, राजन सिंह, पारुल भटेजा, करणीदान चारण, मीडियाकर्मी कन्हैयालाल पारीक आदि मौजूद रहे। नई किरण नशा मुक्ति केंद्र की प्रभारी डॉ. श्रुति जैन ने आभार जताया।

लोक परिवहन बस संचालकों पर मनमानी का आरोप, जानकीदासवाला के लिए नहीं बैठाते सवारी

सीमा सन्देश # जानकीदासवाला। अनूपगढ़-सूरतगढ़ मार्ग पर चलने वाली लोक परिवहन बसों के संचालकों की मनमर्जी से ग्रामीण यात्री परेशान हैं। यात्रियों का आरोप है कि सुबह तो बसों में बैठा लिया जाता है, लेकिन शाम को सूरतगढ़ बस स्टैंड से जानकीदासवाला के लिए बैठने पर परिचालक यह कहकर नीचे उतार देते हैं कि पांच की पुली से पहले किसी को नहीं बैठाया जाएगा। इससे रोजाना सफर करने वाले बड़ी संख्या में यात्रियों और विशेषकर विद्यार्थियों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। इस बात को लेकर कई बार चालक-परिचालकों से बोलचाल भी हो चुकी है। मामले में सरपंच अनु कस्वां ने बस मालिकों से मिलकर समस्या के समाधान की बात कही है, वहीं ग्रामीणों ने परिवहन विभाग से मनमर्जी पर कार्रवाई की मांग की है।

पंचायत के सभी वार्डों का समान विकास करवाएंगे : सचदेवा

सीमा सन्देश # बाजूवाला।

रायसिंहनगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बाजूवाला में नवनिर्वाचित सरपंच वीरेंद्र सचदेवा ने धार्मिक एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर उनका स्वागत किया तथा सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद सरपंच वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि ग्राम



पंचायत के प्रत्येक नागरिक के साथ बिना किसी भेदभाव और पक्षपात के समान व्यवहार किया जाएगा। पंचायत के सभी वार्डों में आवश्यकता के अनुरूप विकास कार्य कराए जाएंगे तथा पंचायती राज विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि पारदर्शिता, निष्पक्षता और जनसहभागिता के साथ पंचायत का संचालन उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

सुखमणि साहिब के पाठ से हुआ शुभारंभ : समारोह का शुभारंभ धार्मिक परंपरा के अनुसार सुखमणि साहिब के पाठ से हुआ। पाठ के भोग के बाद संगत एवं ग्रामीणों के लिए अटूट लंगर का आयोजन किया गया। इसके पश्चात ग्राम पंचायत मुख्यालय में कार्यभार ग्रहण की औपचारिक प्रक्रिया संपन्न हुई।

जनप्रतिनिधियों ने दी शुभकामनाएं : कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सतजंडा के नवनिर्वाचित सरपंच नरसिंह कड़वासरा, पूर्व सरपंच, 6 जेकेएम अखिल कोल, सत्यनारायण गोदारा व ग्राम पंचायत 1 एनजेडएम के नवनिर्वाचित सरपंच राधेश्याम मेघवाल आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सातों वार्ड पंचों का भी सम्मान किया गया। ग्रामीणों ने सरपंच वीरेंद्र सचदेवा को हर कदम पर सहयोग देने का भरोसा जताते हुए विकास मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

Email : advt.seemasandesh@gmail.com

CLASSIFIED

99280-38379, 95095-96000

NAME CHANGED

■ I, RAMANAGOUDA Father of No.14940821K Rank-HAV GANGAPPA PATIL have changed my name from RAMANAGOUDA to RAMANAGOUDA DODAGOUDA PATIL and DOB from 20/03/1954 to 01/01/1945 vide affidavit dated-26/11/2026 before Bikaner Court

---

■ I, ANNAVVA Mother of No.14940821K Rank-HAV GANGAPPA PATIL have changed my name from ANNAVVA to ANNAVVA RAMANAGOUDA PATIL and DOB from 20/03/1959 to 01/01/1973 vide affidavit dated-26/11/2026 before Bikaner Court

---

■ I, No.14940821K Rank-HAV GANGAPPA PATIL have changed my Daughter name from SINCHANA to SINCHANA GANGAPPA PATIL and DOB from 28/03/2013 to 27/09/2012 vide affidavit dated-26/11/2026 before Bikaner Court

---

■ I Sandhya Ravindra Rajguru spouse of No.15723047W Rank-HAV Rajguru Ravindra Uttam have changed my name from Rajguru Sandhya to Sandhya Ravindra Rajguru vide affidavit dated-23/11/2026 before Bikaner Court

---

■ I Yesodharan father of No.15167297A Rank-HAV (OPR) Sudheesh Kumar KY have changed my name from Yesodharan to N Yesodharan vide affidavit dated-23/11/2026 before Bikaner Court

■ I, No.JC781947Y Rank-NB SUB PRADEEP KUMAR UPADHYAY have changed my daughter's name from PRAGATI to PRAGATI UPADHYAY vide affidavit dated-26/11/2026 before Bikaner Court

---

■ I, No.15823374W Rank-NK KONDAVEETI SHAIK RAHAMTULLA have changed my son's name from K SK SHAKIL to KONDAVEETI SHAIK SHAKIL vide affidavit dated-26/11/2026 before Bikaner Court

---

■ I, No.15722747X Rank-L/NK PATIL HEMANT RAJARAM have changed my son's name from ARYAN to ARYAN HEMANT PATIL vide affidavit dated-26/11/2026 before Bikaner Court

---

■ I, PATIL RAJASHRI HEMENT Spouse No.15722747X Rank-L/NK PATIL HEMANT RAJARAM have changed my name from PATIL RAJASHRI HEMANT to RAJASHRI HEMANT PATIL vide affidavit dated-26/11/2026 before Bikaner Court

---

■ मैं, खजान कौर, जेसी-149822डब्ल्यू, पूर्व सूबेदार हरपाल सिंह धनखड़ की पत्नी एवं स्थायी निवासी मकान संख्या 4524, निकट पालम विहार, सेक्टर-23ए, करतारपुरी उर्फ दौलतपुर नसीराबाद, गुरुग्राम, हरियाणा, पिन कोड-122017, निवेदन करती हूँ कि मेरे पति जेसी-149822डब्ल्यू, पूर्व सूबेदार हरपाल सिंह धनखड़ के सेना अभिलेख में मेरी जन्मतिथि गलत अंकित की गई है। मेरे पति के सेना अभिलेख में मेरी जन्मतिथि 01 जुलाई 1947 अंकित है, जबकि मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड के अनुसार मेरी सही जन्मतिथि 12 मई 1948 है।

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✷ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✷ नोहर : 94624-01666 ✷ संगरिया : 94146-29987 ✷ पल्लू : 96670-03883 ✷ सरदारशहर : 80786-99231 ✷ टिब्बी : 94137-33600 ✷ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✷ करणपुर : 94144-34202 ✷ रायसिंहनगर : 7878125846 ✷ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✷ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✷ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✷ जैतसर : 78910-35061 ✷ सूरतगढ़ : 94144- 32401 ✷ मानकसर : 99503-13776 ✷ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✷ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✷ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✷ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✷ कालूवाला : 9680496829 ✷ थालड़का : 78913-40002 ✷ गोलूवाला : 98281-32337 ✷ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✷ खाजूवाला : 96804-96829 ✷ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234


ग्लोबल न्यूज

वॉट्सऐप लाया मेसेज शेड्यूलिंग फीचर, फोन बंद होने पर भी पहुंचेगा मेसेज



वॉट्सऐप ने शेड्यूल मेसेज फीचर रोलआउट करना शुरू किया है जिसके जरिए यूजर्स पर्सनल/ग्रुप चैट में टेक्स्ट मेसेज/फोटो/वीडियो/लिंक शेड्यूल कर सकते हैं। मौजूदा समय से कम-से-कम 10 मिनट बाद और अधिकतम 14 दिन बाद तक के लिए मेसेज शेड्यूल किया जा सकेगा। फोन बंद या नेटवर्क कवरेज से बाहर होने के बाद भी मेसेज शेड्यूल समय पर डिलीवर हो जाएंगे।

स्पेस से कैसा दिखता है चंद्रमा का उदय और अस्त? अंतरिक्षयात्री ने शेयर किए वीडियो



इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन (ISS) में मौजूद नासा के अंतरिक्षयात्री अनिल मेनन ने पर चंद्रमा के उदय और अस्त होने के वीडियो शेयर किए हैं और लिखा, अलविदा चांद, नमस्ते चांद। ये वीडियो क्वर के कुपोला की आगे-पीछे की खिड़कियों से रिकॉर्ड किए गए हैं। गौरतलब है, कुपोला स्टेशन में डोम के आकार वाला ऑब्जर्वेशन और रोबोटिक्स कंट्रोल मॉड्यूल है।

भारत के सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले 94% ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अब भी अपना रहे हैं डार्क पैटर्न



लोकलसर्कल्स के सर्वे के मुताबिक, भारत के सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले 354 ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में से 334 (94%) अब भी डार्क पैटर्न अपना रहे हैं। इनमें फोर्स्ड एक्शन, ड्रिप-प्राइसिंग और बेट-एंड-स्विच जैसी भ्रामक तकनीकें शामिल हैं। सर्वे में शामिल 45 तरह की ऑनलाइन सेवाओं में से 37 में एक भी प्लेटफॉर्म डार्क पैटर्न से पूरी तरह मुक्त नहीं मिला।

एआई आधारित साइबर हमलों ने कमजोर सुरक्षा की खोली पोल, UK ने दी चेतावनी



यूके के नैशनल साइबर सिक्योरिटी सेंटर ने कहा कि सितंबर से एआई आधारित साइबर हमलों में तेज वृद्धि हुई है। हैकर्स ऑटोनॉमस हैकिंग और पेनिट्रेशन टेस्टिंग टूल्स से सिस्टम में सेंध लगा रहे हैं। आर्टेक्स और केर्न जैसे मुफ्त ओपन-सोर्स टूल इसे आसान बना रहे हैं। NCSC ने बुनियादी सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह दी है।

सिंगापुर-मलेशिया समेत 4 देशों को Nvidia चिप की सप्लाई बंद



रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी चिप निर्माता एनवीडिया ने मलेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड और इंडोनेशिया में सर्वर की आपूर्ति रोक दी है। कंपनी ने अपने मैन्युफैक्चरिंग पार्टनर्स डेल और सुपरमाइक्रो को इन देशों में सर्वर भेजने से रोकने का निर्देश दिया है। यह घटना Nvidia के सीईओ जेनसन हुआंग के इस्तीफे और फिर से पद पर बहाल होने के बाद हुई है।

विदेशी महिला ने बताया भारतीयों से कौनसी 7 चीजें सीख सकते हैं यूरोप के लोग




रोमानिया की मारिया एलेक्जेंड्रा ने भारत में रहने का अनुभव ऑनलाइन साझा करते हुए बताया है कि यूरोप के लोग भारतीयों से कौनसी 7 बातें सीख सकते हैं। इनमें पड़ोसियों के साथ मेलजोल, खाने से मेहमाननवाजी दिखाना, खान-पान की विविधता, आध्यात्मिकता, रंग-बिरंगी संस्कृति, चाय पीने की परंपरा और टॉयलेट पेपर की जगह पानी इस्तेमाल करने की आदत शामिल हैं।

उत्तराखंड में पंचाचूली की बर्फीली चोटियों के पीछे से निकलते चंद्रमा का वीडियो हुआ वायरल



उत्तराखंड के मुनस्यारी में पंचाचूली की बर्फीली चोटियों के पीछे से निकलते 'बीवर सुपरमून' का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इंस्टाग्राम यूजर सागर आगरी ने इंस्टाग्राम पर इसका वीडियो शेयर कर कहा, आपने सूर्यास्त और सूर्योदय देखा होगा लेकिन मैं शर्त लगा सकता हूं कि आपने कभी चंद्रोदय नहीं देखा होगा, बहुत प्यारा लग रहा है।



ताज की भोर व पक्षियों की उड़ान

उत्तर प्रदेश के आगरा में सूर्योदय के समय सुनहरे और नारंगी आकाश की पृष्ठभूमि में विश्व प्रसिद्ध ताजमहल का विहंगम दृश्य दिखाई दे रहा है। भोर की पहली किरणों के साथ ही आसमान में उड़ता पक्षियों का झुंड इस ऐतिहासिक धरोहर की खूबसूरती और शांत वातावरण को और भी मनमोहक बना रहा है।

वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप ● मुकाबले में गुकेश सफेद मोहरों के साथ खेलेंगे

गुकेश का दूसरा गेम भी ड्रॉ

20 चालों में मुकाबला बराबरी पर छूटा



जिनेवा।

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने बुधवार देर रात को 2026 FIDE वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के दूसरे गेम में उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदरोव के साथ ड्रॉ खेला। जिनेवा में खेले गए इस मुकाबले में गुकेश सफेद मोहरों के साथ उतरे थे। दोनों खिलाड़ियों के बीच 20 चालों के बाद मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। सिंदरोव ने एक जैसी स्थिति लगातार तीन बार बनने के आधार पर ड्रॉ का दावा किया। इस तरह चैंपियनशिप का दूसरा गेम भी बिना किसी नतीजे के खत्म हो गया।

लंदन सिस्टम से गुकेश ने शुरूआत की

गुकेश ने पहली चाल में क्वीन के प्यादे को आगे बढ़ाकर मुकाबले की शुरूआत की। इसे लंदन सिस्टम ओपनिंग कहा जाता है। सिंदरोव ने शुरूआती चालों में तेजी दिखाई और अपनी तैयारी के मुताबिक खेलते नजर आए। पहली 13 चालों तक दोनों खिलाड़ियों ने संभलकर खेला। इसके बाद गुकेश ने अपनी क्वीन को E2 पर पहुंचाया। इस चाल के बाद उन्हें अगली चाल चलने में समय लगा।

तीन बार दोहराई गई एक जैसी स्थिति

- मुकाबले में गुकेश ने 15वीं चाल पर अपने प्यादे को F3 पर बढ़ाया। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच एक ही स्थिति बार-बार बनने लगी।
- चेस के नियम के मुताबिक अगर लगातार 3 चाल दोनों खिलाड़ी दोहराते हैं, तो दोनों खिलाड़ियों की सहमति होने पर ड्रॉ पर खेल रोका जा सकता है।
- गुकेश ने अपने घोड़े और वजीर के जरिए स्थिति को दोहराया। लगातार तीसरी बार एक जैसी स्थिति बनने पर सिंदरोव ने ड्रॉ का दावा कर दिया। दोनों खिलाड़ियों ने इसे स्वीकार किया और मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ
- मुकाबले के दौरान गुकेश को समय के मामले में सिंदरोव से पीछे रहना पड़ा। एक समय वे घड़ी पर करीब 35 मिनट पीछे थे। 15वीं चाल पर भी उन्होंने काफी समय लिया था। हालांकि 20 चालों में ही दूसरा गेम समाप्त हो गया।

इंडिया-ए टीम ने बनाए 318 रन

इंडिया-ए ने राइजिंग स्टार्स एशिया कप के सेमीफाइनल में श्रीलंका-ए को 318 रन का टारगेट दिया है। दोहा में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 317 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने 63 गेंदों पर 78 रन की पारी खेली। उन्होंने 11 चौके और एक छक्का लगाया। कप्तान तिलक वर्मा ने 53 रन बनाए। उनकी पारी में 3 चौके और एक छक्का शामिल रहा। शाहबाज अहमद 54 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 4 छक्के लगाए। पिछले मैच में दोहरा शतक लगाने वाले वैभव सूर्यवंशी ने 40 रन बनाए। उन्होंने 4 चौके और 3 छक्के लगाए। श्रीलंका से रविंदु फर्नांडो, जनित लियानगे और निपुण धनंजय ने 2-2 विकेट लिए।

अंडर-19 ● 22.3 ओवर गेंदबाजी में 5 मेडन भी डाले

सहवाग के 16 साल के छोटे बेटे वेदांत ने 7 विकेट झटके

पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग के छोटे बेटे वेदांत सहवाग ने कूच बिहार ट्रॉफी में शानदार गेंदबाजी की। 16 साल के राइट आर्म ऑफ स्पिनर वेदांत ने दिल्ली अंडर-19 की ओर से खेलते हुए पंजाब के खिलाफ पहली पारी में 7 विकेट लिए। वेदांत की गेंदबाजी के सामने पंजाब की टीम पहली पारी में 238 रन पर सिमट गई। इस मुकाबले में वेदांत के बड़े भाई आर्यवीर सहवाग दिल्ली की कप्तानी कर रहे हैं। 19 साल के आर्यवीर ने 94 गेंद पर 31 रन बनाए।

वेदांत ने 22.3 ओवर गेंदबाजी की और 5 मेडन ओवर के साथ 88 रन देकर 7 विकेट हासिल किए।

वेदांत पहले भी पंजाब के खिलाफ 4 विकेट ले चुके : वेदांत का जन्म 4 मई 2010 को हुआ था। वे दाएं हाथ के बल्लेबाज होने के साथ ऑफ स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं। इससे पहले दिसंबर 2024 में भी उन्होंने पंजाब के खिलाफ विजय मर्चेंट ट्रॉफी में शानदार गेंदबाजी की थी। तब दिल्ली अंडर-16 की ओर से खेलते हुए उन्होंने 40 ओवर में 140 रन देकर 4 विकेट लिए थे। इस दौरान उन्होंने 10 मेडन ओवर भी डाले थे।



भारतीय महिला हॉकी टीम वर्ल्ड रैंकिंग में चौथे नंबर पर पहुंची

भोपाल (वार्ता) बुधवार को नाथू बरखेड़ा के इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेली जा रही एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 में जापान पर 4-0 की जीत के बाद, भारतीय महिला हॉकी टीम ताजा एफआईएच रैंकिंग में विश्व में चौथे नंबर पर पहुंच गई है। यह उपलब्धि ऐसे समय में मिली है, जब ठीक एक दिन पहले ही भारत ने अपने इतिहास में पहली बार शीर्ष पांच में जगह बनाई थी। चीन के खिलाफ 6-2 की जीत के बाद भारत विश्व रैंकिंग में पांचवें नंबर पर पहुंच गया था। एशिया की दो सबसे मजबूत टीमों के खिलाफ लगातार मिली जीत ने भारत को हॉकी रैंकिंग में अब तक के सबसे ऊंचे पायदान पर पहुंचा दिया है। जापान के खिलाफ इस जीत के साथ ही टूर्नामेंट में भारत की लगातार जीत का सिलसिला पांच मैचों तक पहुंच गया है।



टेनिस ● साल का पहला ग्रैंड स्लैम 17 जनवरी से शुरू, मेलबर्न में खेला जाएगा टूर्नामेंट, आयोजकों ने की पुष्टि

दो बार के चैंपियन इटली स्टार जैनिक सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2027 से हुए बाहर : दाएं घुटने की सर्जरी के बाद रिकवरी को प्राथमिकता दी

इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2027 में नहीं खेलेंगे। दाएं घुटने की माइनर सर्जरी के बाद उन्होंने रिकवरी को प्राथमिकता देने का फैसला किया है। दो बार के चैंपियन सिनर के टूर्नामेंट से हटने की पुष्टि गुरुवार को आयोजकों ने की। साल का पहला ग्रैंड स्लैम 17 जनवरी से मेलबर्न में खेला जाएगा। टेनिस ऑस्ट्रेलिया के चीफ एग्जीक्यूटिव एंड्रयू एब्डो ने बताया कि सिनर की टीम ने उनके टूर्नामेंट में शामिल नहीं होने की जानकारी दे दी है। सिनर अब पूरी तरह फिट होने के बाद कोर्ट पर वापसी करना चाहते हैं।

बीते मंगलवार को हुई घुटने की सर्जरी, वापसी की तारीख तय नहीं

सिनर ने मंगलवार को दाएं घुटने की माइनर सर्जरी कराई। दूसरे उपचारों से समस्या में पर्याप्त सुधार नहीं होने के बाद उन्होंने ऑपरेशन कराने का फैसला लिया। उन्होंने टेनिस कोर्ट पर वापसी के लिए कोई समयसीमा तय नहीं की है। पिछले महीने मैनेजमेंट टीम ने बताया था कि घुटने में सूजन के इलाज के चलते सिनर 2026 सीजन समय से पहले खत्म कर रहे हैं।



मेलबर्न में 7 बार खेले, 27 मैच जीते

सिनर का ऑस्ट्रेलियन ओपन में शानदार रिकॉर्ड रहा है। उन्होंने पिछले तीन साल में दो बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीता है।

2024: सिनर ने फाइनल में रूस के डेनियल मेदवेदेव को पांच सेट में हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता।

2025: उन्होंने फाइनल में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब अपने नाम किया।

2026: सिनर को सेमीफाइनल में सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने हराया था।

सिनर ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में अब तक 7 बार हिस्सा लिया है। इस दौरान उन्होंने 27 मैच जीते और 5 में उन्हें हार मिली।

घुटने की चोट के कारण सिनर के कॅरिअर में एक और लंबा ब्रेक आया है। इससे पहले 2025 में भी वे तीन महीने तक टेनिस नहीं खेल पाए थे।

मेरा सपना है अपने ही देश में उबर कप जीतना : पीवी सिंधु

नयी दिल्ली (वार्ता) दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने कहा है कि वह अपने ही देश में भारत के लिए पहला उबर कप खिताब जीतने का एक और मौका चाहती हैं। यह बात तब सामने आई है जब बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बाई) ने 2028 बीडब्ल्यूएफ थॉमस और उबर कप फाइनल्स की मेजबानी नई दिल्ली के लिए हासिल कर ली है। साल 2014 में जब राजधानी ने पहली बार इन चैंपियनशिप्स की मेजबानी की थी, तब सिंधु ने भारत को अपना पहला उबर कप मेडल (कांस्य पदक) दिलाने में मदद की थी।



सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ● आखिरी राउंड में रोमांचक मुकाबले खेले गए

रघुवंशी और मुशीर खान की फिफ्टी:मुंबई ने उत्तराखंड को और पुडुचेरी ने मध्य प्रदेश को 2 विकेट से हराया

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2026-27 के ग्रुप स्टेज के आखिरी राउंड में गुरुवार को रोमांचक मुकाबले खेले गए। कोलकाता में मुंबई ने उत्तराखंड को 86 रन से करारी शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने 19.5 ओवर में 209 रन बनाए। टीम के लिए मुशीर खान (65 रन), अंगकृष रघुवंशी (51 रन), हार्दिक तामोरे (39 रन) और सरफराज खान (31 रन) ने शानदार पारियां खेलीं। उत्तराखंड के जगदीशा सुचित और रविंदर नेगी ने 3-3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए उत्तराखंड की टीम 86 रन से मैच हार गई।

अजहरुद्दीन की सेंचुरी से केरल का विशाल स्कोर : हिमाचल प्रदेश के खिलाफ केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 57 गेंदों पर 8 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 101 रन बनाए। शतक के बाद उन्होंने 'सैमसन' नाम लिखा बैट दिखाकर कप्तान संजू सैमसन को सम्मान दिया। सैमसन (44), रोहन कुन्नुमल (35), सलमान निजार (नाबाद 26) और अब्दुल बासित (नाबाद 24) की पारियों से केरल ने 4 विकेट पर 268 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।




प्रणय ने चार विकेट लिए

मोहाली में मध्य प्रदेश ने हर्ष गवली (नाबाद 72) की पारी से 7 विकेट पर 157 रन बनाए। पुडुचेरी के प्रणय सिंह ने 4 विकेट लिए। जवाब में पुडुचेरी ने 147 रन पर 8 विकेट गंवा दिए थे, लेकिन परमेश्वरन सिवरमन ने 27 गेंदों पर नाबाद 36 रन बनाकर टीम को आखिरी ओवर में जीत दिला दी।

सुपर लीग की दौड़ जारी : ग्रुप-D से मुंबई और विदर्भ (22-22 अंक) तथा ग्रुप-A से बड़ौदा (20 अंक) सुपर लीग में पहुंच चुके हैं। शेष स्थानों के लिए ग्रुप-B और ग्रुप-C की 8 टीमों के बीच मुकाबला जारी है।

SUCCESS PICTURES



पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

सीमा सन्देश

श्रीगंगानगर, शुक्रवार, 27 नवम्बर, 2026

अच्छे दिन कभी नहीं आए, लेकिन बुरे दिन जाने वाले हैं। उन्हें पता है कि वे बाहर होने वाले हैं, इसलिए उनकी भाषा बदल गई है।
– अखिलेश यादव

न्यूज इन ब्रीफ

सर्दी का वार, चार डिग्री तक गिरेगा पारा

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजस्थान में सर्दी का असर लगातार तेज हो रहा है। प्रदेश के कई इलाकों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 से 5 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंच गया है। मौसम विभाग ने 27 से 30 नवम्बर के दौरान कहीं-कहीं शीतलहर चलने की संभावना जताई है। इस दौरान न्यूनतम तापमान 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तथा में 8 से 11 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है। शीतलहर की चेतावनी को देखते हुए लोगों को सुबह और रात के समय ठंड से बचाव के लिए सावधानी बरतने की जरूरत है।

डीग: तीन साइबर ठग गिरफ्तार

डीग। साइबर ठगी की रकम से संपत्ति बनाने वाले तीन आरोपियों को डीग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पहले 10 मोबाइल, 10 सिम कार्ड और ठगी की रकम से खरीदी गई तीन मोटरसाइकिलें जब्त की जा चुकी हैं। गिरफ्तार आरोपियों की बैंक डिटेल, वित्तीय लेनदेन और संपत्तियों की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार मामले में अब तक 19 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

तीन खातों से 11 लाख उड़ाए

लखनऊ। साइबर ठगों ने तीन अलग-अलग घटनाओं में लोगों के बैंक खातों से 10.93 लाख रुपये उड़ा लिए। ठगों ने खुद को बैंक कस्टमर केयर अधिकारी बताकर आशीष सक्सेना, शांति स्वरूप मिश्रा और सेवानिवृत्त न्यायाधीश एमआर सिद्दीकी के परिवार को झांसे में लिया। पुलिस के अनुसार गाजीपुर और साइबर क्राइम थाने में मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

नवसृजित पंचायत समिति को मिला अस्थायी कार्यालय, आज मिलेगा पहला प्रधान– टाउन के 9 अधिकारियों-कर्मचारियों को सौंपा अतिरिक्त कार्यभार

अब दो केएनजे पंचायत भवन से चलेगा पंचायत समिति हनुमानगढ़ जंक्शन का कामकाज

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

नवसृजित पंचायत समिति हनुमानगढ़ जंक्शन के गठन के बाद अब इसके कार्यालय संचालन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके लिए दो केएनजे ग्राम पंचायत के भवन को अधिग्रहित किया गया है। इसी भवन से पंचायत समिति हनुमानगढ़ जंक्शन का कामकाज संचालित होगा। भवन में चार कमरे और एक मीटिंग हॉल है। फिलहाल यहां करीब 11 कर्मचारियों का स्टाफ लगाया गया है। आगामी दिनों में कामकाज सुचारू होने के साथ स्टाफ संख्या बढ़ने की भी उम्मीद है। पंचायत समिति हनुमानगढ़ टाउन की विकास अधिकारी डॉ. शर्मिला छल्लाणी ने आदेश जारी कर टाउन पंचायत समिति में कार्यरत 9 अधिकारियों एवं कार्मिकों को नवसृजित पंचायत समिति हनुमानगढ़ जंक्शन का अतिरिक्त कार्यभार आगामी आदेशों तक अस्थाई रूप से सौंपा है। इनमें सहायक लेखाधिकारी प्रथम सुभाष शर्मा, कनिष्ठ अभियंता सुंदर लाल, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी बबीता देवी, अतिरिक्त विकास अधिकारी प्रवीण पुरोहित, सहायक विकास अधिकारी किरण कुमार व अशोक शर्मा तथा कनिष्ठ सहायक सुरेन्द्र कुमार, सुभाष चन्द्र और भागवंती देवी शामिल हैं। सभी कार्मिकों को नई पंचायत समिति में कार्यभार ग्रहण कर पद के अनुरूप जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के बाद इन अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इन अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन-भत्तों का भुगतान पूर्व की भांति पंचायत समिति हनुमानगढ़ टाउन से ही किया जाएगा।





आज प्रधान का चुनाव, तैयारियां तेज

नवसृजित पंचायत समिति हनुमानगढ़ जंक्शन में शुक्रवार को प्रधान पद का चुनाव होना है। इसके मद्देनजर प्रशासन की ओर से चुनाव संबंधी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। चुनाव स्थल पर बैरिकेडिंग सहित अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं तथा पुलिस सुरक्षा भी लगाई गई है। सुबह 10 बजे मतदान प्रक्रिया शुरू होगी। पंचायत समिति के अतिरिक्त विकास अधिकारी प्रवीण पुरोहित ने बताया कि प्रधान का चुनाव सम्पन्न होने के बाद नवसृजित पंचायत समिति के पहले नवनिर्वाचित प्रधान इसी भवन में कार्यभार ग्रहण करेंगे। इसके साथ ही नवगठित पंचायत समिति के कार्यालय का कामकाज भी व्यवस्थित रूप से शुरू हो सकेगा।

भाजपा 8, बीएपी 3 और आरएलपी एक जिला परिषद में रही आगे; क्रॉस वोटिंग से बदले समीकरण

राजस्थान पंचायत चुनाव : उप जिला प्रमुख पदों पर कांग्रेस का दबदबा, 25 जिलों में जीत

जयपुर।

पंचायत चुनाव के बाद गुरुवार को हुए उप जिला प्रमुख पदों के चुनाव में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की 37 जिला परिषदों में से 25 में अपना परचम लहराया। भाजपा को आठ, भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) को 3 और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) को एक जिला परिषद में उप जिला प्रमुख पद मिला। एक दिन पहले हुए जिला प्रमुख चुनाव में कांग्रेस ने 24, भाजपा ने 10, बीएपी ने दो और आरएलपी ने एक जिला परिषद में जीत दर्ज की थी। उप जिला प्रमुख चुनाव में कांग्रेस ने अपनी स्थिति और मजबूत की है। हालांकि कई जिलों में क्रॉस वोटिंग और अंतिम समय के राजनीतिक समीकरणों के कारण जिला प्रमुख और उप जिला प्रमुख पद अलग-अलग दलों के खाते में गए।



चूरू में कांग्रेस ने किया पलटवार, ब्यावर में भाजपा की वापसी

चूरू जिला परिषद में जिला प्रमुख पद के चुनाव में कांग्रेस को बहुमत के बावजूद क्रॉस वोटिंग से हार मिली थी। भाजपा ने यहां जिला प्रमुख पद हासिल किया था। इसके बाद उप जिला प्रमुख चुनाव में कांग्रेस के छोटूलाल मेघवाल ने जीत दर्ज कर पार्टी को राहत दी। वहीं ब्यावर में जिला प्रमुख पद कांग्रेस के खाते में जाने के बाद उप जिला प्रमुख पद भाजपा ने जीत लिया। यहां भाजपा के टीकम सिंह निर्वाचित हुए। इन नतीजों ने साफ किया कि पंचायत चुनावों में केवल संख्या बल ही नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रबंधन और अंतिम समय के समीकरण भी महत्वपूर्ण रहे।

कांग्रेस के उप जिला प्रमुखों की सूची

सुनील कुमावत-जयपुर, ओमप्रकाश बिश्नोई-जोधपुर, अनीता मीणा-अलवर, रमेश बेरवाल-सीकर, मदन चौहान-बीकानेर, राजेश सिंह-भरतपुर, वीर सिंह मीणा-धौलपुर, छोटूराम मीणा-दौसा, राम गुर्जर-कोटपूतली-बहरोड़, रामेश्वर धाकड़-चित्तौड़गढ़, सुनीता कौशिक-भीलवाड़ा, हरीश धनदेव-जैसलमेर, मुकेश शर्मा-सवाई माधोपुर, ममता बिश्नोई-जालौर, आसाराम धाकड़-टोंक, छोटूलाल मेघवाल-चूरू, उत्सव लाल धाकड़-बूंदी, हितेश्वर कुमार-डीडवाना-कुचामन, नीलम रावत-डीग, उदय सिंह-राजसमंद, प्रेम कंवर-बाड़मेर, रामकुमार-हनुमानगढ़, आशुतोष मीणा-झुंझुनूं और लखमा राम-सिरोही।

भाजपा, बीएपी और आरएलपी के विजेता

- भाजपा से दलीचंद डांगी-उदयपुर, सुनीता लांबा-अजमेर, टीकम सिंह-ब्यावर, अंजू-खैरथल-तिजारा, हेमंत गादाना-पाली, खुशवंत नागर-झालावाड़, प्रियंका कुंवर-बांसवाड़ा और जसाराम-बालोतरा उप जिला प्रमुख बने।
- बीएपी से रमेश चंद्र मीणा-प्रतापगढ़, सुरेश कुमार-सलूंबर और मंजुला रोत-डूंगरपुर विजयी रहे। वहीं आरएलपी की अंजू चौधरी नागौर में उप जिला प्रमुख निर्वाचित हुईं।
- कांग्रेस के अर्जुन सिंह (अलवर), वीर सिंह मीणा (धौलपुर), छोटूराम मीणा (दौसा) और हरीश धनदेव (जैसलमेर) निर्विरोध उप जिला प्रमुख चुने गए।

हाईकोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती-2025 से रोक हटाई

जयपुर। राजस्थान हाई कोर्ट ने कॉलेज शिक्षा विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती-2025 पर लगी रोक को हटा लिया है। रोक हटने से अब करीब 992 पदों पर नियुक्तियां हो सकेंगी। इस परीक्षा के लिए करीब 92 हजार 600 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड थे। जस्टिस अनूप ढंढ की अदालत ने यह निर्देश आरपीएससी की स्टे वैकेशन एप्लीकेशन और संजय आसिया की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। हाईकोर्ट ने 9 सितंबर को भर्ती में अंतिम परिणाम जारी करने पर रोक लगा दी थी। जिससे सरकार नियुक्तियां नहीं दे पा रही थी। दरअसल आरपीएससी ने 18 सितंबर 2025 को अंग्रेजी सहित कुल 30 विषयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। याचिकाकर्ता की ओर से परीक्षा में सामान्य ज्ञान के 15 प्रश्नों और अंग्रेजी विषय के 7 प्रश्नों के उत्तरों पर आपत्तियां जताई गई थी।

आपत्तियों का निस्तारण किए बिना इंटरव्यू शुरू किए- याचिकाकर्ता : याचिकाकर्ता का आरोप था कि आरपीएससी ने आपत्तियों का निस्तारण नहीं किया और फाइनल आंसर-की जारी किए बिना ही इंटरव्यू शुरू कर दिए। जिस पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने भर्ती में अंतिम परिणाम जारी करने पर रोक लगाते हुए आरपीएससी और सरकार से जवाब मांगा था।

याचिकाकर्ता को दी राहत : हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता को भर्ती प्रक्रिया में शामिल करने के आदेश दिए हैं। हालांकि उसका परिणाम सीलबंद लिफाफे में रखा जाएगा। अदालत ने भर्ती परिणाम से रोक हटाते हुए कहा कि पूरी भर्ती याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगी।

पल्लू पंचायत समिति को आज मिलेगा प्रथम प्रधान

पल्लू। नवगठित पल्लू पंचायत समिति के प्रथम प्रधान का फैसला आज 15 नवनिर्वाचित सदस्य करेंगे। चुनाव परिणामों में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है, जिससे प्रधान पद के लिए जरूरी 8 का जादुई आंकड़ा जुटाना रोचक हो गया है। कुल 15 वार्डों में से कांग्रेस को 7, भाजपा को 6, माकपा को 1 और 1 निर्दलीय प्रत्याशी को जीत मिली है। बहुमत के लिए अब माकपा और निर्दलीय की भूमिका निर्णायक हो गई है। निर्दलीय सदस्य के कांग्रेस समर्थित होने के कारण कांग्रेस का पलड़ा भारी माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस से प्रधान पद के लिए कृष्णा महावीर सहारण और उप-प्रधान के लिए किरण पुरुषोत्तम सुथार को सिंबल मिलना लगभग तय है। क्रॉस वोटिंग न होने की स्थिति में कांग्रेस का प्रधान बनना तय दिख रहा है। दूसरी ओर, भाजपा माकपा के समर्थन और कांग्रेस खेमे में भीतरघात की उम्मीद के सहारे अपना बोर्ड बनाने की कवायद में जुटी है। रिटर्निंग अधिकारी कुलदीप मीणा ने बताया कि तहसील कार्यालय में सुबह 11 बजे तक नामांकन दाखिल होंगे, 11:30 बजे संवीक्षा और दोपहर 1 बजे तक नाम वापसी होगी। इसके बाद दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक मतदान व तुरंत बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। थाना प्रभारी जगदीश कड़वासरा के नेतृत्व में परिसर में कड़ा पुलिस जाब्ता तैनात रहेगा।

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528